RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 159
नई दिल्ली, शनिवार, 17 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



पवन कल्याण कोविड-19 से संक्रमित
विविध-12

www.dailypioneer.com

# अप्रैल अंत तक 3.5 लाख के पार जा सकते हैं केस

**कोरोना का कहर**

● महाराष्ट्र के बाद बड़ा हॉटस्पॉट बनकर उभर रहा है उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों में भी नए मामलों में तेजी से हो रहा इजाफा

● चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में भी केसों में हो रही बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोविड-19 के रोजाना आने वाले केसों की मौजूदा रफ्तार को देखते हुए अप्रैल के अंत तक 3.5 से 4 लाख के बीच मामले सामने आ सकते हैं। मौतों की दर के वर्तमान आंकड़ों के साथ चला जाए तो इस माह के अंत तक यह प्रति दिन 1750 से 2000 तक हो सकती है।

एक दिन पहले 2.17 लाख केस तथा 1185 मौतों के मुकाबले शुक्रवार रात 11 बजे तक भारत में 2,08,725 संक्रमण के नए मामले तथा 1124 मौतें दर्ज की गईं। छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड ने अभी तक रिपोर्ट नहीं दी है। कुल मिलाकर इन राज्यों 26000 के आसपास केस हो सकते हैं। पिछले दो हफ्तों में सामने आने वाले कोविड-19 मामलों की औसत दर (शेष पेज 9)



पटना में लोगों की कोरोना जांच करते स्वास्थ्यकर्मी

## दिल्ली में कोरोना के 19,486 नए मामले, 141 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** में कोरोना वायरस संक्रमण के शुक्रवार को 19,486 नए मामले सामने आए और इस महामारी से 141 और मरीजों की मौत हो गई। दिल्ली में एक दिन की संक्रमितों की यह अब तक सर्वाधिक संख्या है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। पिछले छह दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में दैनिक मामलों का यह पांचवां रिकॉर्ड है। कोरोना संक्रमण की दर गुरुवार के मुकाबले शुक्रवार को मामूली रूप से कम रही। शुक्रवार को संक्रमण की दर 19.69 प्रतिशत रही जबकि बृहस्पतिवार को यह 20.22 प्रतिशत थी। स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमितों की कुल संख्या अब 8,03,623 पर पहुंच गई है जबकि मृतकों की संख्या 11,793 है। इसके अनुसार अब तक दिल्ली में 7.3 लाख से अधिक लोग स्वस्थ हो चुके हैं। बुलेटिन के अनुसार शहर में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 61,005 हैं।

## प्रकाश जावेड़कर और येदियुरप्पा कोरोना पॉजिटिव





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और कर्नाटक के सीएम बीएस येदियुरप्पा शुक्रवार को कोविड पॉजिटिव पाए गए। दोनों नेताओं ने इसकी जानकारी देते हुए संपर्क में आए लोगों से जांच कराने का आग्रह किया है। 78 वर्षीय येदियुरप्पा दूसरी बार संक्रमित हुए हैं। इससे पहले दो अगस्त 2020 को भी वे कोविड संक्रमित हुए थे। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सूचना एवं प्रसारण, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का प्रभार संभाल रहे प्रकाश जावड़ेकर ने ट्वीट के जरिए खुद के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की सूचना दी। उन्होंने कहा कि मैं आज कोविड पॉजिटिव पाया गया। पिछले दो-तीन दिन में जो भी लोग मेरे संपर्क में आए हैं, वे कृपया अपनी जांच करा लें।

## उत्तर प्रदेश में हर रविवार को लाकडाउन

● सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर जनरल ओपीडी का संचालन रहेगा स्थगित

● कोविड केयर फण्ड की नियमावली के अनुरूप विधायक की संस्तुति पर उनकी निधि से 1 करोड़ की धनराशि का उपयोग किया जा सकेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के बिगड़ते हालात को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक रविवार को पूर्ण लॉकडाउन लगाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही उन्होंने सार्वजनिक जगहों पर मास्क न लगाने वालों से 10 गुना तक जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए हैं।

कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर की चपेट में आने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को टीम 11 और मंडलायुक्त तथा जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअली बैठक करके हालात की



समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने अब यूपी में 15 मई तक प्रत्येक रविवार सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कंपलीट लॉकडाउन का फैसला किया है तथा कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये।

सरकार का यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है। प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण की जानलेवा चेन तोड़ने के लिए तगड़ी सख्ती लागू की है। लॉकडाउन की अवधि शनिवार रात 8 बजे शुरू हो जाएगी और सोमवार सुबह 7 बजे तक लागू रहेगी। इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़ बाकी सभी दफ्तर बंद रहेंगे। अग्रिम आदेशों तक प्रत्येक रविवार को पूर्ण रूप से साप्ताहिक बंदी रहेगी। रविवार को सिर्फ सैनीटाइजेशन के कार्य होंगे व आपात सेवायें चलती रहेंगी। इस दिन प्रदेश के सर्वाधिक संक्रमित जिलों में व्यापक सेनेटाइजेशन अभियान चलेगा। हालांकि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी का कार्य निर्धारित समय सारिणी के (शेष पेज 9)

### सार्वजनिक स्थल पर मास्क ना पहनने पर 1000 जुर्माना

**लखनऊ।** प्रदेश में कोविड संक्रमण के नियंत्रण हेतु सभी के लिए मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। पहली बार मास्क के बिना पकड़े जाने पर अब 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। अगर दूसरी बार बिना मास्क के पकड़ा जाए तो दस गुना अधिक जुर्माना लगाया जायेगा। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क न लगाने की जुर्माने की दर पहले 500 रुपये थी। कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी जैसे अधिक संक्रमण दर वाले सभी 10 जिलों में व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिये हैं। स्थानीय जरूरतों के अनुसार नए कोविड हॉस्पिटल बनाते हुए बेड्स की संख्या बढ़ायी जायेगी। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत एंबुलेंस केवल कोविड मरीजों के उपयोगार्थ रखी जा रही हैं।

**पंचम स्कंदमाता**



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। नवरात्रि में पाँचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

## सीआईसीएसई ने 10वीं, 12वीं की परीक्षा टाली

**नई दिल्ली।** देश भर में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सीआईसीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं टाल दी हैं। काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईसीएसई) के मुख्य कार्यकारी और सचिव गैरी अराथून ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के राष्ट्रव्यापी बढ़ते मामलों को देखते हुए चार मई से शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को टाल दिया गया है। उन्होंने कहा, हम स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं और परीक्षा आयोजित कराने पर अंतिम फैसला लेने के लिए जून के पहले हफ्ते में स्थिति की समीक्षा करेंगे। अराथून ने कहा, कक्षा 12 की परीक्षा जहां बाद में आयोजित की जाएगी वहीं कक्षा 10 के छात्रों को बाद में ऑफलाइन परीक्षा में शामिल होने या फिर बोर्ड द्वारा विकसित निष्पक्ष पैमाने पर मूल्यांकन कराने का विकल्प मिलेगा। इससे पहले सीबीएसई ने भी अपनी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा रद्द कर दी थीं जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को टालने का फैसला किया था।

## चिकित्सा ग्रेड ऑक्सीजन का उत्पादन बढ़ाएं

● प्रधानमंत्री ने ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को समग्र समीझा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोविड-19 महामारी के तेजी से बढ़ते मामलों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिकित्सा ग्रेड की ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की विस्तार से समीक्षा की और इसके उत्पादन में तेजी लाने का आह्वान किया।

देश के कई हिस्सों में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है और इसके मद्देनजर ऑक्सीजन की मांग भी बढ़ रही है। गंभीर रूप से पीड़ित कोरोना मरीजों को सांस लेने में तकलीफ होती है और उन्हें ऑक्सीजन की सख्त जरूरत होती है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जारी एक बयान के मुताबिक, मोदी ने देश में चिकित्सा ग्रेड की ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की विस्तार से समीक्षा की। पीएमओ के मुताबिक, इस समीक्षा बैठक के दौरान



स्वास्थ्य, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, इस्पात, सड़क परिवहन व अन्य मंत्रालयों की ओर से संबंधित जानकारियां प्रधानमंत्री से साझा की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों के बीच आपसी समन्वय और राज्य सरकारों के साथ सहयोग सुनिश्चित करने को कहा।

बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री मोदी ने देश में आक्सीजन आपूर्ति की वर्तमान स्थिति और कोरोना महामारी से अत्यधिक प्रभावित 12 राज्यों में आगामी 15 दिनों में इसके अनुमानित इस्तेमाल की स्थिति की समीक्षा की। इन 12 राज्यों में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उप्र., दिल्ली, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। इन राज्यों में ऑक्सीजन आपूर्ति की जिलावार स्थिति के बारे में एक विवरण प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रधानमंत्री को बताया गया कि केंद्र व राज्यों की सरकारें लगातार संपर्क में हैं और अनुमानित मांग का ब्योरा भी उनसे साझा किया गया है।

पीएमओ ने बयान में कहा कि इन 12 राज्यों को उनकी अनुमानित जरूरतों के हिसाब से ऑक्सीजन की आपूर्ति कर दी गई है। ऑक्सीजन की बढ़ती मांग के मद्देनजर देश में इसकी उत्पादन क्षमता के बारे में भी प्रधानमंत्री को अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने हर संयंत्र की क्षमता के अनुसार ऑक्सीजन उत्पादन बढ़ाने का सुझाव दिया। पीएमओ ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान चिकित्सकीय इस्तेमाल के लिए इस्पात संयंत्रों से होने वाली ऑक्सीजन आपूर्ति के अधिशेष संग्रह की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि वह ऑक्सीजन ले जाने वाले टैंकरों का पूरे देश में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करें। बयान में कहा गया कि ऑक्सीजन टैंकरों का एक से दूसरे राज्यों में आवागमन सुनिश्चित (शेष पेज 9)

## कोवैक्सीन का उत्पादन होगा तेज हर माह बनेंगी 10 करोड़ खुराक

● मई-जून तक टीके का निर्माण दोगुना कर दिया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** बायोटेक की स्वदेशी वैक्सीन कोवैक्सीन का उत्पादन मई-जून 2021 तक दोगुना कर दिया जाएगा। इसके बाद उत्पादन बढ़ाकर 6-7 (जुलाई-अगस्त 2021) गुना किया जाएगा। यह जानकारी सरकार ने शुक्रवार को दी।

जैव-प्रौद्योगिकी विभाग ने एक बयान में कहा कि देश में विकसित कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन के उत्पादन में तेजी लाई जाएगी और सितंबर तक हर महीने इसकी 10 करोड़ खुराक तैयार होने लगेंगी। इसने कहा कि मई-जून तक इस टीके का उत्पादन दुगुना कर दिया जाएगा और विभाग ने उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तीन कंपनियों को लगाया है। कुछ सप्ताह पहले, अंतर-मंत्रालई टीमों ने यह जानने के लिए भारत में दो मुख्य टीका विनिर्माताओं के स्थलों का दौरा किया था कि उत्पादन में किस तरह तेजी लाई जा सकती है। विभाग ने कहा कि इस अवधि के दौरान, टीका विनिर्माताओं के साथ बनाई जा रही योजनाओं के संबंध में व्यापक समीक्षाएं और व्यवहार्य अध्ययन किए गए हैं।

जैव-प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) ने कहा कि टीका उत्पादन में वृद्धि की योजना के तहत भारत बायोटेक लिमिटेड और सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपक्रमों की क्षमताओं को आवश्यक अवसंरचना और प्रौद्योगिकी के साथ उन्नत किया जा रहा है। विभाग ने कहा कि टीका उत्पादन में वृद्धि के लिए केंद्र भारत बायोटेक के बेंगलुरु में स्थापित नए प्रतिष्ठान को लगभग 65 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डीबीटी ने कहा, देश में विकसित कोवैक्सीन की मौजूदा उत्पादन क्षमता को मई-जून 2021 तक दुगुना किया जाएगा और फिर इसे बढ़ाकर जुलाई-अगस्त 2021 तक छह-सात गुना किया जाएगा, जिसका मतलब है कि अप्रैल 2021 की एक करोड़ खुराक की उत्पादन (शेष पेज 9)

**लैंसेट जर्नल का दावा**

## हवा के जरिए तेजी से फैलता है कोरोना



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 महामारी के लिए जिम्मेदार सार्स-कोव-2 वायरस मुख्यत: हवा के माध्यम से फैलता है। यह दावा शुक्रवार को जारी लैंसेट पत्रिका की समीक्षा रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात को साबित करने के मजबूत साक्ष्य मिले हैं। ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा से ताल्लुक रखनेवाले छह विशेषज्ञों के इस आकलन में कहा गया है कि बीमारी के उपचार संबंधी कदम इसलिए विफल हो रहे हैं क्योंकि वायरस मुख्यत: हवा से फैल रहा है। अमेरिका स्थित कोलराडो बाउल्डेर विश्वविद्यालय के जोस लुई जिमेनजे ने कहा, वायरस के हवा के माध्यम से फैलने के मजबूत साक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य स्वास्थ्य एजेंसियों के लिए (शेष पेज 9)

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,832 | ↑ 28 | |
| निफ्टी | 14,617 | ↑ 36 | |
| सोना | 46,431 | ↑ 09 | /10g |
| चांदी | 67,460 | ↑ 53 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### पूर्व सीबीआई निदेशक रंजीत सिन्हा का निधन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक रंजीत सिन्हा का शुक्रवार की सुबह यहां निधन हो गया। माना जा रहा है कि उनकी मृत्यु कोविड-19 के कारण हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वह 68 वर्ष के थे। अधिकारियों के मुताबिक, ऐसा समझा जा रहा है कि सिन्हा के कोरोना वायरस से संक्रमित होने का पता बृहस्पतिवार रात को चला था। उन्होंने आज तड़के चार बज कर करीब तीस मिनटपर अंतिम श्वांस ली। बिहार कैडर के 1974 बैच के अधिकारी सिन्हा ने 21 साल की आयु में प्रतिष्ठित यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

## भारत लाया जाएगा भगोड़ा कारोबारी नीरव मोदी

● ब्रिटिश गृह मंत्रालय ने दी पीएनबी घोटाले के आरोपी के प्रत्यर्पण को मंजूरी

● आदेश को चुनौती देने के लिए 14 दिन का समय

**पीएनएस/एजेंसी।** लंदन/नई दिल्ली

**पंजाब** नेशनल बैंक (पीएनबी) से करीब 13 हजार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में वांछित हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भारत में प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है।

ब्रिटेन की गृहमंत्री प्रीति पटेल ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत को प्रत्यर्पित करने के आदेश पर दस्तखत कर दिए हैं। ब्रिटेन में भारत



के शीर्ष राजनयिक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

दक्षिण-पश्चिम लंदन की वांड्सवर्थ जेल में बंद 50 वर्षीय नीरव मोदी के पास गृहमंत्री के आदेश को लंदन के उच्च न्यायालय में चुनौती देने के लिए 14 दिन का समय है। इस साल 25 फरवरी को वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की अदालत ने फैसला दिया था कि हीरा कारोबारी के खिलाफ भारतीय (शेष पेज 9)

## ईसी ने शाम सात से सुबह 10 बजे तक रैलियों पर लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों और चुनाव में भारी राजनीतिक बयानबाजी के बीच चुनाव आयोग ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसले लेते हुए शेष तीन चरणों के चुनाव के लिए मतदान से पहले प्रचार समाप्त करने की अवधि 48 घंटे से बढ़ाकर 72 घंटे कर दी है। इसके साथ ही आयोग ने शाम 7 बजे से सुबह 10 बजे तक के प्रचार, जनसभाओं, नुक्कड़ सभाओं और नुक्कड़ नाटकों आदि पर प्रतिबंध लगा दिया है। पश्चिम बंगाल में पांचवें चरण का चुनाव 17 अप्रैल को और छठें और सातवें चरण का चुनाव 22 और 26 अप्रैल को होना हैं। 72 घंटे पहले समाप्त होने वाले चुनाव प्रचार के दौरान कोई भी पार्टी और प्रत्याशी रैली या मीटिंग नहीं कर सकता। इस (शेष पेज 9)

## इस बार मानसून में झूमकर बरसेंगे बादल

● आईएमडी की भविष्यवाणी ओडिशा, बिहार झारखंड, छत्तीसगढ़ व पूर्वी यूपी को छोड़, बाकी हिस्सों में सामान्य या अधिक रहेगा मानसून

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को बताया कि देश में 75 प्रतिशत से अधिक वर्षा लाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून के इस साल सामान्य रहने का अनुमान है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम राजीवन ने बताया कि पांच प्रतिशत कम या ज्यादा की त्रुटि की गुंजाइश के साथ दीर्घावधि औसत (एलपीए) 98 प्रतिशत रहेगा। राजीवन ने डिजिटल तरीके से



प्रतिकात्मक फोटो

आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जून से सितंबर के बीच चार महीने के दौरान वर्षा के लिए पूर्वानुमान को जारी किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और असम में सामान्य से कम बारिश होगी लेकिन देश के शेष हिस्सों में बारिश सामान्य या सामान्य से अधिक होगी। राजीवन ने कहा, मॉनसून दीर्घावधि औसत का 98 प्रतिशत रहेगा, जो कि सामान्य वर्षा है। यह देश के लिए अच्छी खबर है और इससे कृषि क्षेत्र से अच्छे परिणाम मिलेंगे। यह सूचना कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था के लिए भी शुभ है। दक्षिण-पश्चिम मानसून को देश की अर्थव्यवस्था में अहम माना जाता है क्योंकि अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों पर बहुत हद तक निर्भर करती है। देश का बड़ा हिस्सा कृषि और जलाशयों के भरने के लिए चार महीने तक चलने वाले मॉनसून के मौसम पर निर्भर करता है। बरसात के बीते दो मौसम में देश में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। राजीवन ने कहा कि आईएमडी अगले चार महीनों के दौरान माह-वार के पूर्वानुमान भी जारी करेगा। आईएमडी के चार प्रभागों उत्तर पश्चिम भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत, मध्य भारत और दक्षिण प्रायद्वीप के लिए भी पूर्वानुमान जारी किया जाएगा। ला नीना और अल नीनो कारक भारतीय मानसून पर प्रमुख प्रभाव डालते हैं। राजीवन ने कहा, अल नीनो के बनने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, ला नीना के बाद के वर्ष में आमतौर पर सामान्य वर्षा का मौसम देखा गया है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान व्यक्त करने वाली निजी एजेंसी स्काइमेट वेदर ने हाल में कहा था इस साल मानसून सामान्य रहेगा। हालांकि, एजेंसी ने कहा था कि जून से सितंबर के दौरान वर्षा का दीर्घावधि औसत (एलपीए) 103 प्रतिशत रहेगा। दीर्घावधि औसत के हिसाब से 96-104 प्रतिशत के बीच मानसून को सामान्य माना जाता है।

# दाहसंस्कार के लिए बांटे जा रहे टोकन लंबी कतारें देख हरकत में आया निगम

● लकड़ियों का टोटा, घंटों इंतजार कर है मृतकों के परिजन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

हिंडन मोक्ष स्थली पर शुक्रवार को भी शवों की लंबी कतार देखने को मिली। हरकत में आए गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर श्मशान घाट का जायजा लिया। श्मशान घाट में हालत इतने खराब है कि वेटिंग के चलते परिजनों को टोकन दिया जा रहा है। इन टोकन के आधार पर भी दाह संस्कार किया जा रहा है।

श्मशान घाट पर गाजियाबाद के लोगों के शव तो आ ही रहे हैं लेकिन नोएडा और दिल्ली से भी शव लगातार यहां पहुंच रहे हैं, जिसके कारण दाह संस्कार की व्यवस्था गड़बड़ाई है। समाचार लिखे जाने तक 4 दर्जन से भी अधिक शव यहां पहुंच चुके हैं। श्मशान घाट के प्रबंधक आचार्य मनीष का कहना है कि विद्युत शव दाह गृह में तकनीकी खराबी आने के कारण दाह संस्कार की व्यवस्था बिगड़ी है। नगर निगम का अभियंत्रण विभाग शवदाह गृह को ठीक करने में लगा हुआ है। हिंडन शमशान घाट पर प्लेटफॉर्म्स की संख्या ज्यादा नहीं होने की वजह से अंतिम संस्कार खुले स्थान पर किया जा रहा है। खुले स्थान पर अंतिम संस्कार होने के कारण पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है आसपास के इलाके में रहने वाले नागरिकों ने बताया कि श्मशान घाट के प्रदूषण से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आचार्य मनीष का कहना है कि प्लेटफार्म की उचित व्यवस्था न होने के कारण शवों का तत्काल अंतिम संस्कार नहीं हो पा रहा है इसलिए आने वाले समूह के परिजनों को टोकन दिया जा रहा है।



हिंडन मोक्ष स्थली के बाहर पटरी पर रखे शव।

## नोएडा व दिल्ली से भी आ रहे शव

*यह भी पता चला है कि नोएडा दिल्ली के इलाकों से भी शवों को हिंडन मोक्ष स्थल पर लाया जा रहा है लेकिन यहां यह बताना भी आवश्यक है कि कोविड से पीड़ित अनेक रोगियों को दिल्ली, नोएडा और अन्य इलाकों में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई, इन शवों को गाजियाबाद नहीं लाया जाएगा तो कहां इनका दाह संस्कार होता।*



नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तवर ने बताया कि हिंडन मोक्ष स्थली स्थित विद्युत शवदाह गृह का उन्होंने खुद निरीक्षण किया है और जल्दी ही तकनीकी खराबी को दुरुस्त कर दिया जाएगा। शुक्रवार शाम तक जो 4 दर्जन शव हिंडन मोक्ष स्थली पर पहुंचे हैं उनमें से 17 शव कोरोना संक्रमण से ग्रस्त थे। साफ जाहिर है कि कोरोना से मौत का जो आंकड़ा प्रशासन दे रहा है उस पर सवालिया निशान लगना लाजमी है। पीड़ित लोगों का यह भी आरोप है कि सामान्य दाह संस्कार करने के लिए लकड़ियों का भी टोटा हो रहा है, इधर उधर से लकड़ियों की व्यवस्था की जा रही है। एक के शवों के दाह संस्कार के लिए तीमारदारों को 2 से 3 घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है।

## यमुना प्राधिकरण में तैनात 11 कर्मचारी पॉजिटिव

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण में तैनात 11 कर्मचारियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में कोरोना जांच के लिए शिविर लगाया गया था। जिसमें यमुना प्राधिकरण में तैनात 11 कर्मचारियों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट आने के बाद सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने लोगों से दफ्तर कम से कम आने की अपील की है। इससे पहले बुधवार को ओएसडी सदानंद गुप्ता कोरोना संक्रमित हो गए थे।

जेवर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह भी कोरोनावायरस की चपेट में आ गए हैं। धीरेंद्र सिंह ने खुद को अपने फार्म हाउस पर आइसोलेट कर लिया है। धीरेंद्र सिंह ने अब से थोड़ी देर पहले एक ट्वीट किया। उन्होंने बताया कि वह कई दिन से हल्का बुखार भी था।

# जिम्स और शारदा अस्पताल में ओपीडी सेवा बंद

● दोनों हॉस्पिटल में सिर्फ कोरोना के मरीजों का इलाज किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** ग्रेटर नोएडा




कोरोना महामारी के विकराल रूप को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। खासतौर पर जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल को कोविड.19 मरीजों के इलाज के लिए तैयार रहने का आदेश दिया गया है।

पहले से कोविड-19 केयर के तौर पर संचालित ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा अस्पताल और जिम्स में ओपीडी की सेवाएं बंद कर दी गई हैं। अब इन दोनों हॉस्पिटल में सिर्फ कोरोना के मरीजों का इलाज किया जाएगा। बताते चलें कि ग्रेटर नोएडा में भी कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। शहर की कई बड़ी सोसाइटी में सैकड़ों की संख्या में संक्रमित पाए गए हैं। ऐसे में अब अस्पतालों में बेड की कमी हो रही है।

साथ ही ओपीडी में पहुंच रहे मरीजों के भी संक्रमित होने का खतरा है। इसी को देखते हुए शारदा अस्पताल प्रबंधन ने शुक्रवार से ओपीडी सेवा बंद करने का ऐलान किया है। हालांकि कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तरीके से चलता रहेगा। शारदा अस्पताल के प्रवक्ता डॉ अजीत कुमार ने बताया कि इन दिनों मौसम बदलने की वजह से ओपीडी में भारी संख्या में मरीज आ रहे हैं। इसमें वायरल बुखार के अलावा बच्चों में सर्दी-जुकाम के केस भी आ रहे हैं।

यह खतरनाक है। इसीलिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने ओपीडी सेवाओं को बंद रखने का फैसला लिया है। जब परिस्थितियां फिर सामान्य होंगीए तब ओपीडी सेवाएं फिर शुरू की जाएंगी। हालांकि इस दौरान ज्यादा गंभीर रोगियों का इमरजेंसी में इलाज किया जाएगा। जो मरीज पहले से ओपीडी के डॉक्टर के मुताबिक दवा ले रहे हैं, उन्हें टेलीमेडिसिन के जरिए सुझाव देने का विचार किया जा रहा है।

अस्पताल और यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रवेश से पहले लोगों की थर्मल जांच की जाएगी। कैंपस में सोशल डिस्टेंसिंग नियम को पूरा करना होगा। इसके लिए अतिरिक्त गार्डों की तैनाती कर दी गई है। जो लोग बिना मास्क के आएंगेए उन्हें कैंपस में प्रवेश नहीं मिलेगा।

राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स में भी ओपीडी सेवा बंद कर दी गई है। इस हॉस्पिटल को भी कोरोना मरीजों के लिए समर्पित कर दिया गया है। कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिम्स प्रबंधन ने यह फैसला लिया है।

# 8 दिनों में 35 हजार लोगों से वसूला गया 33 लाख से ज्यादा का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** ग्रेटर नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में बढ़ते कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए अब रोजाना पुलिस और प्रशासन हाई लेवल बैठे कर रहे हैं।

जिले में अब नाइट कर्फ्यू का समय भी बढ़ा दिया गया है। रात के 8:00 बजे से लेकर अगली सुबह 7:00 बजे तक नाइट कर्फ्यू लागू रहता है। ऐसे समय में बिना किसी वजह और आपातकालीन को छोड़कर सड़क पर घूमने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

जिले में बिना मास्क के घूमने वाले लोगों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। पुलिस अब दोपहर के समय अभियान चलाकर उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करती है। जो लोग बिना मास्क के सर्वजनिक स्थान पर घूमते हैं और जो कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हैं।

पिछले 8 दिनों के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 33 लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना वसूला है। गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट से मिली रिपोर्ट के मुताबिक पिछले गुरुवार से जिले में मास्क अभियान शुरू हुआ था। पिछले गुरुवार से अब तक सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क के घूमने वाले 22,581 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इन लोगों से 22,58,100 रुपये का जुर्माना वसूला है। उ अब तक कुल 12,385 वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

## संक्षिप्त समाचार



जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते जीपीए के पदाधिकारी एवं अभिभावक।

### पैरेंट्स एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन द्वारा जिले के निजी स्कूलों द्वारा छात्र-छात्राओं का रिजल्ट रोकने, अगली क्लास में प्रमोट ना करने, ऑनलाइन क्लास बंद करने एवं शिक्षा सत्र 2021-22 की फीस वृद्धि पर रोक को लेकर अभिभावकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी जो कि जिला स्तरीय शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष भी है से अनुरोध किया कि आर्थिक संकट से जूझ रहे असक्षम अभिभावकों द्वारा फीस जमा ना कर पाने के कारण जिले के निजी स्कूलों द्वारा छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम रोक दिये गए है, अगली क्लास में प्रमोट नही किया गया है एवं अनेकों बच्चों की ऑनलाइन क्लास बाधित कर दी गई है जो कि आपदा प्रबंधन अधिनियम का उल्लघंन है। इस मौके पर जगदीश बिष्ट, अनिल सिंह, कौशल ठाकुर, विनय कक्कड़, हरेंद्र नेगी, जसवीर रावत, सुमित त्यागी, संजय शर्मा, नर्मेश राणा, काजल शर्मा, पुष्कर नेगी, जितेंद्र राय, मनोज सिंह, हरेंद्र सिंह राणा, कमलेश सिंह आदि अभिभावक मौजूद रहे।

### साप्ताहिक पैठ बाजार खोलने की डीएम से मांग

**गाजियाबाद।** साप्ताहिक पैठ बाजार खोलने की मांग को लेकर पैठ व्यापारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि एक आदेश के तहत तत्काल प्रभाव से पैठ क्षेत्र को बन्द कर दिया गया है। यह निर्णय कोरोना से कम व्यापार मंडल के अधीन में लिया गया था और अधिक लग रहा है। महानगर में ऐसे बहुत से स्थान हैं जहां पर साप्ताहिक पैठ बाजारों से भी अधिक भीड़ रहती है लेकिन लेकिन ये निर्बाध रूप से खुले हैं। मांग है कि व्यवस्था बनाये रखने के लिए कोविड-19 के नियमों की गाईड लाईन जारी करें ताकि इन गरीब और दबे कुचले लोगों की रोजी रोटी चलती रहे। मौके पर अध्यक्ष ओपी सिंह, ओम प्रकाश ओड , प्रकाश और अध्यक्ष प्रदीप कुमार रावी, मोहनपाल गुप्ता, मंगल, चन्द्रपाल शारदा, राजपाल आदि उपस्थित थे।

### हापुड़ में बीस हजार लोगों ने लगवाया टीका

**हापुड़।** हापुड़ में चार दिवसीय टीकोत्सव में जनपद हापुड़ 74 फीसदी अंकों के साथ पास हो गया। चार दिन में जनपद में 45 वर्ष से अधिक आयु वाले 20,000 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य मिला था, लक्ष्य के मुताबिक जनपद में 11 से 14 अप्रैल तक 44 बूथों पर 14, 777 लोगों का टीकाकरण हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रेखा शर्मा ने बताया टीकोत्सव के जरिए जनपद वासियों में टीकाकरण के प्रति जागरूकता आई है। सीएमओ डा. रेखा शर्मा का कहना है कि जनपद में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं। जब तक कोई जरूरी काम न हो, घर से न निकलें। घर से निकलना पड़े तो अच्छे से तीन लेयर वाला मॉस्क लगाकर ही निकलें।

### तीन शराब तस्कर गिरफ्तार, 25 पेटी शराब बरामद

नोएडा। थाना जेवर पुलिस ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 25 पेटी शराब बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को एक सूचना के आधार पर पुलिस ने दिनेश, मनोज तथा सचिन नामक तीन शराब तस्करों को रण्हेरा गांव के पास गिरफ्तार किया है। उनके पास से 25 पेटी शराब बरामद की गई है। सिंह के अनुसार, पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह शराब पंचायत चुनाव में मतदाताओं को बांटने के लिए मंगाई गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गौतमबुद्ध नगर में पिछले 24 घंटों के दौरान चार लोगों की हुई मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** ग्रेटर नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में पिछले 24 घंटों के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती रात को अपने आवास पर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है।

वही, नोएडा में भी संदिग्ध अवस्था में एक की मौत हो गई। एक व्यक्ति का शव नहर किनारे पड़ा मिला है। थाना दादरी क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के मीडिया प्रभारी अभिनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना दादरी क्षेत्र के कस्बा दादरी के मोहल्ला रामनगर में रहने वाले भगवानदास 35 वर्ष पुत्र चमन लाल ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रेमडेसिविर इंजेक्शन मुहैया कराएगा जिला प्रशासन

**अशोक निर्वाण।** गाजियाबाद

● केंद्रीय मंत्री वीके सिंह के हस्तक्षेप के बाद कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन ने उठाया कदम

रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाये है। गाइडलाइन के मुताबिक अब यदि कोई व्यक्ति निजी अस्पताल में भर्ती है और उसे रेमडेसिविर इंजेक्शन की जरूरत है तो वह अस्पताल का पर्चा लेकर अपर जिलाधिकारी (वित्त) के यहां आवेदन कर सकता है। संस्तुति के बाद संबंधित व्यक्ति को रेमडेसिविर इंजेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा ।

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है कि इंजेक्शन की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दावा किया गया है कि रेमडेसिविर टीका की कोई कमी नहीं है सरकारी अस्पतालों में प्रचुर मात्रा में इसकी खेप पहुंच गई है और प्राइवेट अस्पतालों को आवेदन करने के बाद उन्हें सीधे भेज दी जाएगी।




इससे पहले जनरल वीके सिंह के स्टाफ को कोरोना संक्रमण पाए जाने के बाद उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया है। जिला अधिकारी डॉ अजय शंकर पांडे ने बताया कि जिला मुख्यालय पर अपर जिला अधिकारी वित्त को इस जीवन रक्षक इंजेक्शन को उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदारी सौंप दी गई है। निजी अस्पताल में कोई भी भर्ती मरीज के तीमारदार अस्पताल प्रशासन के जरिए आवेदन कर सकते है।

उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ रोगी का आधार कार्ड और डॉक्टर द्वारा लिखा गया पर्चा की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । इसके बाद मौके पर ही इंजेक्शन की आपूर्ति संबंधित अस्पताल को कर दी जाएगी।

ज्ञात हो कि रेमडेसिविर इंजेक्शन मेडिकल बाजार से गायब हैं। मुनाफाखोरों ने इंजेक्शन की कालाबाजारी शुरू कर दी है। मुनाफाखोर इस इंजेक्शन को 30 से 40 हजार के बीच बेच रहे हैं।

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD |
|---|---|---|---|
| ICICI Bank Limited vs Shishir Dutt Sharma, Case No-Suit No. 1967/17 | Vehicle No-DL8CAK6823, Make and Model- FORD FIGO 1.4 EXI, Manu Yr-2015 | 350000 | 35000 |
| ICICI Bank Limited vs Sanjay Kumar Pandit, Case No-Suit No. 933/18 | Vehicle No-DL1ZA7554, Make and Model- HYUNDAI XCENT BASE 1.2, Manu Yr-2016 | 180000 | 18000 |
| ICICI Bank Limited vs Kulvinder Singh, Case No-FAO 213/2015 | Vehicle No-Unregister, Make and Model- MARUTI ERTIGA, Manu Yr-2013 | 100000 | 10000 |
| ICICI Bank Limited vs Mehkar Singh, Case No-CM(M) 549/2020 & CM APPL. 27986/2020 | Vehicle No-UP16DT4118, Make and Model- CHEVROLET ENJOY, Manu Yr- 2015 | 144000 | 14400 |
| ICICI Bank Limited vs Subodh Kumar, Case No-CM(M) 602/2020 & CM APPL. 30659/2020 | Vehicle No-UP14FT6208, Make and Model- RENAULT LODGY RXE, Manu Yr-2016 | 162000 | 16200 |
| ICICI Bank Limited vs Jitendra Chaturvedi, Case No-CM (M) 22/2020 | Vehicle No-UP14FT7814, Make and Model- CHEVROLET SAIL UVA LT, Manu Yr-2016 | 54000 | 5400 |
| ICICI Bank Limited vs Mohd Asif, Case No-CM(M) 178/2021 | Vehicle No-UP14DD5260, Make and Model- MARUTI WAGON R, Manu Yr-2017 | 81000 | 8100 |
| ICICI Bank Limited vs Archana Raj, Case No-CM(M) 573/2020 & CM APPL.29273/2020 | Vehicle No-UP14ET7203, Make and Model- CHEVROLET ENJOY LT, Manu Yr-2015 | 54000 | 5400 |
| ICICI Bank Limited vs Mohammad Arif, Case No-CSSCJ:1871/19 | Vehicle No-UP14DD2489, Make and Model- WAGON R LXI CNG, Manu Yr-2017 | 220000 | 22000 |
| ICICI Bank Limited vs Vijay Gupta, Case No-Suit No. 1088/2018 | Vehicle No-HR29AM0548, Make and Model- WAGON R LXI CNG, Manu Yr-2016 | 120000 | 12000 |

**Auction Date and time : 01.05.2021; from 11 am to 2 pm.**
**Venue: Godara Yard, Khewat No:166/1,**
**Near Atul Kataria Chock, Behind Gyan Devi School, Sec-17,**
**Sukhrali, Gurugram– 122022.**
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**
**EMD: DD/PO of EMD amount to be made in favour of ICICI Bank Limited, payable at Delhi.**
**And auction of following vehicles will be done at another yard i.e Shriram Automall, Vill-Mamurpur, Pio Maniyari Road Narela, New Delhi**

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD |
|---|---|---|---|
| ICICI Bank Limited vs Rahul Yadav, Case No-CM (M) 222/2020 | Vehicle No-UP14ET0642, Make and Model- TATA ACE, Manu Yr-2014 | 70000 | 7000 |

**Auction Date : 22.04.2021; from 11 am to 1 PM**
**Venue: AN Motors, Ranukta. Agra (UP)**
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/Jitendra Kumar (7304914763)**

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at site with original DD/PO of EMD amount along with original KYC proofs to participate in the auction.

Successfully approved bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount) within 5 days from the auction date by the way of pay order/ demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.

The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot no-7, Rohini Sector-8, New Delhi-110085. for details and inspection of the said hypothecated vehicle.

# जमीन अधिग्रहीत परिवारों की बनेगी सूची

● जीबीयू को जिम्मेदारी सौंपी गई, ग्रामीणों ने किया स्वागत

**जेवर एयरपोर्ट**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर एयरपोर्ट के दूसरे चरण में अधिग्रहित होने वाले 1365 एकड़ भूमि के सामाजिक समाघात निर्धारण एसआइए के अध्ययन की जिम्मेदारी ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को दी गई है। यूनिवर्सिटी को 15 जून तक अपनी रिपोर्ट तैयार करने का वक्त दिया गया है। रिपोर्ट में उन सभी गांवों के सभी परिवारों की पूरी सूची तैयार की जाएगी, जिनकी जमीन जेवर एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत की गई है।

नोएडा इंटरनेशन एयरपोर्ट के विस्तार के लिए दूसरे चरण में1365 हेक्टेयर लैंड अधिग्रहित की जानी है। इस भूमि पर एमआरओ व एक रनवे का निर्माण किया जाना है। हालांकि 1365 हेक्टेयर जमीन में से सिर्फ 1186 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जाएगी। बाकी की जमीन पहले से ही सरकार के कब्जे में है। जेवर के 6 गांवों करौली बांगर, कुरैब, बीरमपुर, दयानतपुर, रन्हेरा और मुंढेरा की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। लेकिन जमीन अधिग्रहण से पहले 6 गांव का सोशल इंपैक्ट एसेसमेंट सर्वे कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को सौंपी है।

| गांव का नाम | जमीन |
|---|---|
| 1. करौली बांगर | 160 हेक्टेयर |
| 2. कुरैब | 326 हेक्टेयर |
| 3. दयानतपुर | 145 हेक्टेयर |
| 4. रन्हेरा | 458 हेक्टेयर |
| 5. मुढरह | 47 हेक्टेयर |
| 6. बीरमपुर | 49 हेक्टेयर |

# कई कामयाबी के साथ 45 साल का हुआ नोएडा

● 8019 करोड़ रुपए के निवेश से होगा शहर का विकास




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोरोना काल में भी नोएडा प्राधिकरण ने निवेश के नए आयाम गढ़े हैं। नोएडा शहर 45 साल का हो गया है।

शहर अपना 46वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। पिछले एक वर्ष से कोविड-19 महामारी बनकर खड़ा है। इस दौरान कई चुनौतियों का सामना करते हुए प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में बड़ा सुधार आया है। पारदर्शी व्यवस्था बनीं। बिल्डर्स परियोजनाओं में बायर्स को उनके घरों का कब्जा दिलाया गया है।

आम आदमी को मूलभूत सुविधायें बेहतर ढंग से उपलब्ध हुई हैं। शहर ने साफ-सफाई में नए आयाम स्थापित किए हैं। शहर में भूमि की उपलब्धता कम होने के बावजूद नए लैंड बैंक का नियोजन किया गया है। किसानों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया गया है।

किसानों के आबादी भूखंड आवंटन लंबित पड़े थे। इन प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है।वर्ष 2017 से अब तक 854 भूखंडों के आवंटन के जरिए अथॉरिटी ने 14,45,724.83 वर्गमीटर भूमि का आवंटन किया है। इससे नोएडा में 5,761.84 करोड़ का निवेश आया है।

इसी तरह वाणिज्यिक श्रेणी में 3 बड़े भूखंडों में 47,989.97 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई है। जिससे 767.07 करोड़ का निवेश शहर को मिला है। संस्थागत श्रेणी में 13 भूखंडों में 51,524.49 वर्गमीटर भूमि का आवंटन किया गया है। जिससे 248.76 करोड के निवेश की संभावना है। इसी तरह आवासीय उपयोग के लिए 1,270 भूखंडों की 23,8165.96 वर्गमीटर भूमि का आवंटन किया गया है। जिससे 920.75 करोड़ शहर को मिले हैं। विभिन्न श्रेणियों में 3,286 आवासीय भवनों के आवंटन के माध्यम से 1,10,589.62 वर्गमीटर क्षेत्रफल बेचा गया। जिससे 321.42 करोड़ का निवेश संभावित है। इस तरह शहर को 8,019 करोड़ का निवेश हासिल हुआ है। वहीं, न्यायालय के आदेश पर 947 काश्तकारों को 534 करोड़ की धनराशि वितरित की गई है।

## हरियाली बढ़ी, अभी और होगा काम

पार्क में जलाशय, जलपान प्रांगण, एम्फीथियेटर, नवग्रह वाटिका, 2.7 किलोमीटर साइकिल ट्रैक और 4.5 पैदल पथ बनाया गया है। शहर की 210 किलोमीटर सड़कों को डस्ट फ्री जोन बनाया गया है। वर्ष 2017.18 से वर्ष 2020.21 तक कुल 14,50,835 पौधा रोपण किया गया है। नोएडा प्राधिकरण के दायरे में अब तक 82 सेक्टरों और 19 ग्रामों में कुल 101 ओपन जिम स्थापित किए जा चुके हैं। एमपी रोड-2ए महामाया फ्लाईओवर बोटैनिकल गार्डन, गोल्फ कोर्स सेक्टर-38 आदि स्थानों पर सौन्दर्यीकरण के लिए थीम पेंटिंग करवाई गई हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

**कोरोना का कहर**

# अस्पतालों में बेड फुल, मरीजों को लेकर भटक रहे परिजन

## वेंटिलेटर खाली नहीं, इलाज कराने वालों की बढ़ रही सूची

संजय राय। नई दिल्ली



अस्पताल के बाहर भावुक परिवार।

कोरोना संक्रमण के बढ़ते ही अस्पतालों में बेड पूरी तरह भर गए है। अगर किसी मरीज को तुरंत बेड की जरूरत हो तो उन्हें परेशानी आ सकती है। राजधानी दिल्ली के कई बड़े नामी अस्पतालों में शुक्रवार को फोन कर बेड के बारे में जानकारी ली गई तो हर जगह से एक ही जवाब आया अभी बेड उपलब्ध नहीं है। शाम को या फिर कल पता कीजिएगा। मरीजों को बेड्स, ऑक्सीजन और वेंटिलेटर के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

पंजाबी बाग स्थित महाराजा अग्रसेन अस्पताल में फोन करने पर पता चला कि यहां पर कोरोना संक्रमितों के लिए बेड खाली नहीं है।

साथ ही कहा भी कहा गया कि अभी सौ मरीजों की वेटिंग चल रही है, ऐसे में बेड मिलना अभी मुमकिन नहीं है। वहीं, जनकपुरी के एक अस्पताल में भी कोरोना संक्रमितों के लिए बेड नहीं होने की बात कही गई। न तो आइसीयू में और न ही जनरल वार्ड में। इसके अलावा द्वारका स्थित आकाश अस्पताल में बेड के बारे में पूछने पर कहा गया कि अभी तुरंत में कोई बेड खाली नहीं हैं। आप शाम को या फिर कल पता कीजिएगा। इन तीन अस्पतालों के अलावा, रोहिणी के जयपुर गोल्डन, शालीमार बाग स्थित मैक्स अस्पताल, सफदरजंग, राम मनोहर लोहिया, आचार्य भिक्षु, गंगा राम समेत अन्य अस्पतालों में कमोबेश यही स्थित है।

एक मरीज के तीमारदार ने बताया कि दिल्ली कोरोना एप पर अस्पतालों के नंबर तो दिए गए हैं लेकिन उन पर फोन करने व्यस्त बताता है अगर घंटी बजती भी है तो कोई उठाता नहीं है। जिससे तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच कुछ अस्पताल की ओर से यह भी कहा जा रहा था कि आप मरीज के बारे में जानकारी भेज दीजिए। जैसे ही बेड खाली होगा आपको जानकारी दे दी जाएगी, लेकिन गंभीर मरीज के पास इंतजार करने का समय नहीं होता है। ऐसे में अगर उन्हें तुरंत बेड उपलब्ध नहीं कराया गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि सरकार कुछ भी दावे करे लेकिन वर्तमान में सामान्य बेड मिलना मुश्किल हो रहा है।

वेंटिलेटर व ऑक्सीजन वाले बेड तो दूर की कौड़ी है। जहां तक सरकार द्वारा होटल व बैंक्वेट हाल संबद्ध करने की बात है तो अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि उसमें अभी कुछ दिन और लग सकता है।

एक चिकित्सक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अस्पतालों में बेड की क्षमता के हिसाब से संसाधन जुटाए जाते हैं। उसी हिसाब से डॉक्टर्स, नर्स सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भर्ती की जाती है। होटल व बैंक वेट हाल को संबद्ध करने से बेड की संख्या तो बढ़ गई, लेकिन संसाधन नहीं बढ़े। इसका असर मरीजों के इलाज पर भी हो सकता है।

## बेहतर सुविधा के साथ बढ़ेंगे अस्पतालों में ऑक्सीजन बेड



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने की हालात समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोरोना की मौजूदा हालात की समीक्षा कर स्वास्थ्य विभाग को यह सुनिश्चित करने निर्देश दिए कि दिल्ली कोरोना एप पर अस्पतालों में बेड्स की सही जानकारी आम लोगों को उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे लोगों से संपर्क कर उन्हें जल्द से जल्द ऑक्सीमीटर मुहैया कराने और पूरी दिल्ली में अधिक से अधिक ऑक्सीजन बेड्स बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में एक से अधिक फोन लाइन जारी किए जाएं ताकि सभी कॉल को रिसीव किया जाए, जिससे कि लोगों को शीघ्र मदद मिल सके।

अरविंद केजरीवाल ने समीक्षा बैठक में तीन बातों पर चर्चा की। पहला, दिल्ली के अंदर अधिक से अधिक बेड की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का मुख्य ध्यान अधिक से अधिक कोविड बेड की क्षमता बढ़ाने पर है, जिससे कि उन मरीजों का समुचित इलाज सुनिश्चित किया जा सके, जिन्हें तत्काल बेड की जरूरत है। दिल्ली सरकार की कोशिश है कि हर उस मरीज को ऑक्सीजन बेड मुहैया कराया जाए, जो जरूरतमंद है, जिसके लिए ज्यादा से ज्यादा कोविड सुविधाएं और अस्पताल में बिस्तर बढ़ाने की जरूरत है। दूसरा उन्होंने दिल्ली कोरोना एप पर कोविड अस्पतालों में उपलब्ध बेड की सही जानकारी लोगों को उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई।

तीसरा प्रमुख मुद्दा होम आइसोलेशन रहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे मरीजों से डॉक्टर नियमित रूप से संपर्क में रहें। सभी मरीजों से डॉक्टर्स की टीम संपर्क करे और उन्हें ऑक्सीमीटर प्रदान करे।

## रात्रि कर्फ्यू के लिए जारी ई-पास सप्ताहांत कर्फ्यू के लिए भी वैध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को कहा कि जिन लोगों के पास वैध रात्रि कर्फ्यू ई-पास है, उन्हें सप्ताहांत कर्फ्यू के लिए अलग से पास लेने की जरूरत नहीं है।

कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को सप्ताहांत में कर्फ्यू की घोषणा की थी और संक्रमण की कड़ी तोड़ने के लिए कई पाबंदियों की भी घोषणा की थी, जिसमें मॉल, जिम और ऑडिटोरियम को 30 अप्रैल तक बंद रखना शामिल है। छह अप्रैल को सात घंटे रात्रि कर्फ्यू की घोषणा की। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा महानगर में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा करने के बाद ये निर्णय लिए गए थे। डीडीएमए का रात दस बजे से सुबह पांच बजे तक का कर्फ्यू आदेश 30 अप्रैल तक लागू है। डीडीएमए की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है, आवश्यक सामग्री और सेवाओं के लिए लिया गया पास सप्ताहांत कर्फ्यू के लिए भी वैध है। दिल्ली सरकार की वेबसाइट पर जारी नोटिस में भी कहा गया है, अगर आपके पास रात्रि कर्फ्यू के लिए ई-पास है तो आपको सप्ताहांत कर्फ्यू के लिए फिर से आवेदन करने की जरूरत नहीं है।

## सिसोदिया बने कोविड-19 प्रबंधन के नोडल प्रभारी



राजीव गांधी अस्पताल पहुंचे डिप्टी सीएम व्यवस्था का जायजा लेते हुए।

- उपमुख्यमंत्री अंतर-मंत्रालय समन्वय की संभालेंगे जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के प्रबंधन के लिए शुक्रवार को नोडल (प्रभारी) केंद्रीय मंत्री नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि अगले आदेश तक सिसोदिया अंतर-मंत्रालय समन्वय के लिए जिम्मेदार होंगे।

शहर में कोविड-19 के मामले और संक्रमण की दर लगातार बढ़ने के बाद, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने संक्रमण को श्रृंखला को तोड़ने के प्रयासों के तहत गुरुवार को को इस सप्ताह के अंत में कर्फ्यू लगाने और 30 अप्रैल तक मॉल, जिम और सभागारों को बंद रखने की घोषणा की थी। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, दिल्ली में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 16,699 मामले सामने आए और 112 मरीजों की मौत हुई। संक्रमण की दर बढ़कर 20.22 प्रतिशत हो गई जो दिल्ली में अब तक की सबसे अधिक दर है।

### एलजी ने दिए हेल्पलाइन जारी करने के निर्देश

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने अधिकारियों को मरीजों और उनके साथ आने वाले लोगों की मदद के लिए हर अस्पताल में हेल्प डेस्क बनाने के अलावा बिस्तरों की उपलब्धता के बारे में सूचित करने के लिए हेल्पलाइन शुरू करने का निर्देश दिया है। कोविड संबंधी नियमों के अमल की समीक्षा के बाद बैजल ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस के प्रकोप को रोकने के लिए सभी एजेंसियों और हितधारकों के ठोस एवं समन्वित प्रयासों की जरूरत है।

## राजधानी के कोरोना संक्रमितों को मिलेगा निःशुल्क परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- निगम ने जारी की 29 डॉक्टरों की सूची

कोरोना संक्रमित व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के बारे में ले सकते हैं मुफ्त में सुझाव। पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने कोविड मरीजों के लिए अपनी वेबसाइट पर की 29 डॉक्टरों की सूची उनके टेलीफोन नंबरों के साथ जारी। कोरोना पीड़ित कोई भी व्यक्ति सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक अपने स्वास्थ्य के बारे में परामर्श या सुझाव ले सकता है।

इसके अलावा पूर्वी निगम ने 8929537939 जारी किया है जिस पर कोरोना से संबंधित शिकायतें, सुझाव दिये जा सकते है और यदि किसी घर में संक्रमित व्यक्ति है तो इस नम्बर पर घर सेनीटाइज करने के लिए कह सकते हैं।

इससे पहले पूर्वी निगम द्वारा अपने इलाके के मार्केट कॉम्प्लेक्स क्षेत्र को भी वाटर स्प्रिंकलर मशीन के माध्यम से सैनिटाइज कर रहा है। इसके अलावा निगम लोगों को कोरोना से बचाव के लिए जागरूक कर रहा है। साथ ही अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने के लिए मना भी कर रहा है।

## मेट्रो के समय में बदलाव, इंतजार होगा लंबा

**वीकेंड कर्फ्यू**

- सभी रूटों पर ट्रेनें 15 मिनट की देरी से चलेंगी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में कोरोना वायरस के मामलों की बढ़ती संख्या पर लगाम लगाने के मकसद से शुक्रवार रात दस बजे से सोमवार सुबह तक कर्फ्यू लगाया गया है।

इसी क्रम में अब दिल्ली मेट्रो ने भी अपनी सेवाओं में बदलाव कर दिया है। अब से सभी मेट्रो रूटों पर सप्ताहांत मेट्रो ट्रेनें 15 मिनट के समयांतराल पर चलेंगी। ऐसे में शनिवार और रविवार को यात्रियों को मेट्रो ट्रेन पकड़ने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

दिल्ली मेट्रो के पीआर डायरेक्टर अनुज दयाल ने शुक्रवार को बताया कि मेट्रो के उन दो रूटों पर जहां ट्रेनें एक रूट पर चलने के बाद दो हिस्सों में बंट जाती है वहां यात्रियों को इसके लिए दोगुना इंतजार करना होगा। नोएडा और वैशाली के लिए ब्लू लाइन मेट्रो और कीर्ति नगर व इंद्रलोक के लिए ग्रीन लाइन मेट्रो पर ट्रेनें 30 मिनट के अंतराल पर मिलेंगी। ऐसे में इन दो रूटों पर जाने वाले यात्रियों को आधे घंटे तक ट्रेन का इंतजार करना पड़ेगा।

## बायोमेडिकल वेस्ट उठाने के विशेष प्रबंध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- संक्रमित मरीजों के घरों से बायोमेडिकल वेस्ट उठाने के लिए दक्षिणी निगम ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर : चावला

कोरोना वायरस संक्रमण के लगातार सामने आ रहे रिकॉर्डतोड़ मामले में प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। अस्पतालों के साथ होम आइसोलेशन में भी मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में संक्रमितों के बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की समस्या भी खड़ी हो गई है।

इस समस्या से निपटने के लिए दक्षिणी दिल्ली नगर निगम मरीजों के घरों से बायोमेडिकल वेस्ट उठाने के लिए विशेष रूप से 53 ऑटो टिप्पर लगाए हैं। साथ ही एसडीएमसी ने अपने चारों जोन के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। एसडीएमसी में नेता सदन नरेन्द्र चावला ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली में कोरोना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में मरीजों के साथ आम लोगों को कोई असुविधा न हो इसके लिए निगम अपने सभी चार जोन के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। नजफगढ़ जोन 8010863863, दक्षिणी जोन 011-40988800, पश्चिमी जोन 011-49506548, मध्य जोन 7290041009 व 7290041008 पर बायोमेडिकल वेस्ट उठाने के लिए कॉल कर सकते हैं। चावला ने बताया किचारों जोन में ऐसी व्यवस्था बनायी गयी है जिसके द्वारा संक्रमित मरीजों के घरों से सुरक्षापूर्वक रोजाना विशेष ऑटो टिप्परों से कूड़ा उठाया जाएगा और उचित निष्पादन के लिए वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, ओखला में भेजा जाएगा। इस कार्य में लगे सफाई कर्मचारियों और अन्य स्टाफ की सुरक्षा के लिए पीपीई किट उपलब्ध कराई गई है। साथ ही कोरोना किट भी उपलब्ध कराई गई है।

## कोविड के इस कठिन समय में अधिक संवेदनशील होने की जरूरतः हाईकोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय की एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को कहा कि उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीशों और कर्मचारियों के कोविड-19 की चपेट में होने के मद्देनजर वकीलों को मौजूदा स्थिति में आवेदनों को दायर करते समय और अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि जब किसी मामले को तुरंत सुने जाने की जरूरत नहीं है तो ऐसे में वकीलों द्वारा आवेदनों को तत्काल सुनवाई के लिए दायर करना न्यायाधीशों या रजिस्ट्री कर्मचारियों के लिए उचित नहीं है। न्यायाधीश ने कहा, कृपया न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के कर्मचारियों के प्रति थोड़ा और अधिक संवेदनशील बनें जो मुश्किल समय का सामना कर रहे हैं और कई तो कोविड-19 से संक्रमित हैं।

## प्रवासी भारतीयों के लिए आयोग गठन की अर्जी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रवासी भारतीय अनिसुर रहमान ने एक जनहित याचिका दायर करके प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के कल्याण की खातिर केंद्र को राष्ट्रीय स्तर के आयोग का गठन करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

रहमान 2007 से ओमान सल्तनत में काम करते हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि प्रस्तावित प्रवासी कामगार आयोग की तर्ज पर एनआरआई लोगों के लिए भी आयोग बनाया जाए।

याचिका में कहा गया, राष्ट्रीय स्तर के आयोग से एनआरआई से संबंधित सभी कल्याण योजनाएं एक ही मंच पर उपलब्ध हो सकेंगी।

## जठेड़ी-लारेंस बिश्नोई गिरोह के छह गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- चार राज्यों की पुलिस ने किया था साढ़े तीन लाख का इनाम घोषित

दिल्ली पुलिस ने एक गिरोह के छह वांछित अपराधियों को तीन राज्यों से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक ये आरोपी काला जठेड़ी-लारेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े हैं और इन पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और चंडीगढ़ की तरफ से कुल 3,50,000 रुपए का ईनाम घोषित है। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) मनीषी चंद्रा ने कहा, विभिन्न दल बनाकर उन्हें इन्हें पकड़ने के लिए रवाना किया गया था। दल ने तीन अलग-अलग राज्यों में तीन जगहों पर दबिश दी और आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान अंकित उर्फ अंकित लागरपुर (23), रवि उर्फ रवि जग्सी (29), राजन उर्फ राजन जाट (24), सुमित बिचपड़ी उर्फ चीता (24), अमित उर्फ छोटा (35) और सुधीर मान (29) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि पहली टीम ने नवी मुंबई से राजन जाट, अमित और सुमित को उनके ठिकाने से गिरफ्तार किया। दूसरी टीम ने राजस्थान मॉड्यूल का खुलासा करते हुए अंकित लागरपुर और सुधीर मान को उस वक्त गिरफ्तार किया जब वे हथियारों की एक खेप लेने दिल्ली आए थे। तीसरी टीम ने गुजरात मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए अहमदाबाद से रवि जग्सी को गिरफ्तार किया। रवि जग्सी बीती 25 मार्च को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल से पुलिस टीम पर हमला कर गैंगेस्टर कुलदीप फौजी के फरार होने में मदद करने में भी शामिल था।

## तेज हवा व हल्की बारिश से तापमान में गिरावट

- पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से चली 70 किमी प्रतिघंटा से आंधी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि शुक्रवार की शाम राष्ट्रीय राजधानी में धूलभरी आंधी से दृश्यता और वायु गुणवत्ता का स्तर प्रभावित हुआ और हल्की बारिश होने से तापमान में कुछ कमी आई।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शाम लगभग चार बजे दिल्ली में धूलभरी आंधी चली। हवा की अधिकतम गति लगभग 70 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। धूलभरी आंधी के कारण पालम में दृश्यता का स्तर तीन हजार मीटर से कम होकर 500 मीटर तक आ गया। सफदरजंग में यह 2,200 मीटर से कम होकर 1,500 मीटर तक आ गया। दिल्ली में वायु गुणवत्ता और खराब हो गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम छह बजे 252 दर्ज किया गया, जबकि शाम चार बजे यह 238 पर था। उल्लेखनीय है कि शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बेहद खराब तथा 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

अधिकारी ने बताया कि कुछ इलाकों में बहुत हल्की बारिश भी हुई। शहर में शुक्रवार को सुबह न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो इस मौसम में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। विभाग ने बताया कि अगले पांच से छह दिन तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का अनुमान है।

## सर्कस संचालन रोकने वाले पत्र को रद्द करने को कोर्ट में याचिका

पायनयिर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- पशु कल्याण बोर्ड द्वारा दिसंबर 2020 के पत्र पर जताई आपत्ति

एशियाड सर्कस ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) की ओर से दिसंबर 2020 में जारी एक पत्र को रद्द करने की मांग की है। उक्त पत्र में विभिन्न पशु सुरक्षा कानूनों के कथित उल्लंघन के कारण सर्कस के संचालन को रोकने की बात है।

याचिका में सर्कस की ओर से कहा गया है कि पशुओं को किन परिस्थितियों रखा जाता है यह पता लगाने के लिए बोर्ड ने जिस स्थान का निरीक्षण किया था वह सर्कस के मालिक का आवास था, सर्कस का परिसर तो अन्य स्थान पर है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने एडब्ल्यूबीआई को नोटिस जारी कर याचिका के संबंध में उसका रूख जानना चाहा है। उल्लेखनीय है कि पीपल्स फॉर दी एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स भारत, दी फेडेरेशन ऑफ इंडियन एनिमल प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन की ओर से पशुओं की रक्षा से संबंधित दो जनहित याचिकाएं दायर की गईं थीं

## संक्षिप्त समाचार



उपमहापौर हरि प्रकाश बहादुर ने किया उद्घाटन

### सबोली में खुला मलेरिया सर्कल

नई दिल्ली। पूर्वी निगम ने सबोली में मलेरिया सर्कल का उद्घाटन किया। क्षेत्र में मलेरिया सर्कल का दफ्तर खुलने से लोगों को बड़ी राहत मिली है क्योंकि अब यहां नियमित रूप से मच्छरों की रोकथाम संबंधी कार्य करवाये जा सकेंगे। इस मौके पर उपमहापौर हरि प्रकाश बहादुर ने कहा कि निगम मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए पूर्वी दिल्ली के सभी इलाकों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और मलेरियारोधी दवाइयों का भी छिड़काव कराया जा रहा है।

### मेट्रो का स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न

**नई दिल्ली।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिल्ली मेट्रो ने 1 से 15 अप्रैल स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया। इस दौरान मेट्रो नेटवर्क के सभी संवेदनशील स्थानों पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए साफ-सफाई के अभियान चलाए गए।



पखवाड़े के दौरान हर दिन एक विशिष्ट क्षेत्र अर्थात् स्टेशन परिसरों, डिपो, आवासीय कालोनियों, साइट कार्यालयों और निर्माण स्थलों इत्यादि के लिए समर्पित किया गया, जहां सफाई और स्वच्छता संबंधी गतिविधियां चलाई गईं। इसमें विशेषकर इस समय फैली कोविड-19 महामारी को भी ध्यान में रखा गया तथा आम लोगों को साफ-सफाई रखने के पर जोर दिया गया। डीएमआरसी के अनुसार, यात्रियों को पखवाड़े का महत्व बताने और मेट्रो परिसरों, टिकट वेंडिंग मशीनों, टिकट काउंटरों, ग्राहक सेवा केंद्रों, सिक्योरिटी फ्रिस्किंग एवं बैगेज हैंडलिंग प्वाइंटों, यात्रियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों जैसे प्रवेश द्वार, कॉन्कोर्स, शौचालय, स्वचालित किराया संग्रह (एएफसी) गेट, सीढ़ियां व हैंडरेल, लिफ्ट, एस्केलेटर और ट्रैवलेटर्स, मेट्रो पार्किंग क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया ।

### पत्रकार की जमानत पर बंद कमरे में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय बलात्कार के एक मामले में मुंबई के एक पत्रकार की अग्रिम जमानत की याचिका पर बंद कमरे में सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हुआ।न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने कहा कि मामले पर सुनवाई दोपहर को साढ़े तीन बजे होगी और टीवी पत्रकार वरूण हिरेमठ की ओर से पेश होने वाले वकीलों, शिकायतकर्ता और दिल्ली पुलिस के लिए अलग-अलग वेब लिंक तैयार किए जाएंगे। अदालत ने कहा कि इस मामले पर सुनवाई आज के लिए सूचीबद्ध सभी मामलों पर सुनवाई के बाद होगी।हिरेमठ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले पर बंद कमरे में सुनवाई का अनुरोध किया था। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि मामले में पुलिस ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। इससे पहले, नौ अप्रैल को अदालत ने पत्रकार को इस मामले में 16 अप्रैल तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था और कहा था कि उन्हें पुलिस जांच में सहयोग करना होगा।मामले में अंतरिम जमानत की पत्रकार की याचिका पर अदालत ने पुलिस और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इससे पहले पत्रकार की अंतरिम जमानत याचिका 12 मार्च को एक निचली अदालत ने खारिज कर दी थी जिसके बाद आरोपी ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।इस मामले में शिकायतकर्ता 22 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया था कि हिरेमठ (28) ने 20 फरवरी को चाणक्यपुरी के पांच सितारा होटल में उसका बलात्कार किया था।

# गुरु द्रोणाचार्य के नाम से तालाब की होगी कायापलट: विधायक

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### मुख्यमंत्री ने दी सहमति, विधानसभा में सुधीर सिंगला ने उठाया था मुद्दा

### तालाब की 80 में से मात्र 8-10 एकड़ जमीन ही बची, हटेंगे अतिक्रमण

**भीम** नगर स्थित गुरु द्रोणाचार्य के नाम से तालाब की कायापलट को सरकार की सहमति मिल गई है। अब भव्य तरीके से इस तालाब को विकसित किया जाएगा। शहर का यह एक ऐतिहासिक स्थल होगा। लंबे समय से इसकी मांग भी उठ रही थी। यह जानकारी विधायक सुधीर सिंगला ने देते हुए कहा कि गुरु द्रोणाचार्य की नगरी गुरुग्राम में उनकी याद में यह स्मारक भव्य होगा।

विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि उन्होंने हरियाणा विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया था, जिस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विशेष ध्यान देने का भरोसा दिया था। अब उन्होंने इस बात पर सहमति जता दी है कि गुरु द्रोणाचार्य के नाम से इस तालाब को भव्य रूप दिया जाएगा। यह उनकी कर्मस्थली है। विधायक ने कहा कि भीम नगर में इस तालाब पर लोगों ने बहुत कब्जे कर रखे हैं। इसकी शिकायतें पहले भी शासन-प्रशासन के पास पहुंची है। वेद प्रचार मंडल की ओर से भी इस बाबत उन्हें पूर्व में मांग पत्र दिया गया था। करीब 80 एकड़ जमीन में से यहां मात्र 8-10 एकड़ जमीन ही बची हुई है। बाकी सब कब्जे कर



विधायक सुधीर सिंगला।

लिए गए हैं। नगर निगम अधिकारियों को कब्जे हटाने के निर्देश दे दिए गए हैं, ताकि इस जगह को विकसित करने में कोई समस्या ना आए। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरू द्रोणाचार्य की यह पावन कर्मस्थली, तपोस्थली है।

उन्होंने कौरवों, पांडवों को यहां अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा दी थी। उस समय में इस तालाब का जल बहुत ही शुद्ध और पवित्र माना जाता था। यह तालाब पुरातत्व महत्व भी रखता है और आस्था का भी प्रतीक है। गुड़गांव गांव व आसपास के क्षेत्रों से बरसाती पानी इसी तालाब में एकत्रित होता था। भू-जल के हिसाब से यह बहुत लाभकारी था।

जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ती गई, लोगों ने इस पवित्र तालाब पर कब्जे करने शुरू कर दिए। तालाब की पाल पर एक शिवालय व धर्मशाला के कुछ कमरे बने हुए थे। यहां शिवरात्रि व सोमवार को श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते थे। विधायक ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में इससे भी बेहतर तस्वीर यहां की होगी। सरकार ने इस पर अपनी सहमति जता दी है। उन्होंने कहा कि गुरू द्रोणाचार्य गुरुग्राम का गौरव हैं। उनके नाम से यहां पर किसी भी स्थल की कमी महसूस की जा रही थी। अब वह कमी दूर हो जाएगी।

# कामकाजी महिलाएं लें सस्ती आवासीय सुविधा

### पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रूम अलॉट : डा. यश गर्ग

**गुरुग्राम।** कामकाजी महिलाओं को अब जिला प्रशासन द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से सिविल लाइन स्थित कामकाजी महिला आवास में रहने की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह जानकारी देते हुए रेडक्रास के अध्यक्ष एवं उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बताया कि गुरुग्राम जिले में देश भर से महिलाएं विभिन्न कार्यों के लिए आती हैं। जिनके लिए मकान आदि रेन्ट पर लेना काफी महंगा पड़ता है।

उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी बगैर लाभ-हानि के जरूरतमन्द कामकाजी महिलाओं को रहने के लिए कमरा उपलब्ध करवाता है। आवास में 60 से 80 महिलाओं के रहने की समुचित व्यवस्था है। 40 से अधिक महिलाएं कामकाजी महिला आवास में रह रही हैं, जिनके लिए सभी समुचित व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि कामकाजी महिलाओं के लिए कामकाजी महिला आवास का पुन: रिपेयर आदि का कार्य भी बड़े स्तर पर किया गया है, जिस पर लाखों रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। महिला आवास में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रूम अलाट किया जाता है। फार्म भरने उपरान्त दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाती है, तदोपरान्त ही रूम अलाट किया जाता है। रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर ने बताया कि कामकाजी महिला आवास में कामकाजी महिलाओं के लिए पार्किंग व 6 और कमरों का रेनोवेशन करवाया गया है, जो अब रहने के लिए तैयार हैं।

कोई भी कामकाजी महिला जो रूम लेना चाहती है वह वार्डन कामकाजी महिला आवास 8510878779 एवं रेडक्रास सचिव के मोबाईल नंबर-9416464748 पर सम्पर्क कर सकती हैं। कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार ने बताया कि आवास में रेडक्रास सोसायटी द्वारा दिन-रात का गार्ड आदि की नियुक्ति की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों का दर्द आखिर कब समझेगी सरकार: दीपेन्द्र हुड्डा



**गुरुग्राम।** राज्य सभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार मानवता के लिए किसानों से आंदोलन समाप्त करने को कह रही है। सरकार को ऐसे संकटकाल में भी अपना घर-परिवार छोड़ आंदोलन कर रहे किसानों का दर्द समझना चाहिए। ये बातें उन्होंने शुक्रवार को गुरुग्राम जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल ग्रोवर को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया के समक्ष कहीं। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले करीब पांच महीनों से किसान दिल्ली की सीमाओं पर शांतिपूर्ण तरीके से आन्दोलन कर रहे हैं। इस दौरान 300 से भी ज्यादा किसानों ने अपनी जान की कुर्बानी दे दी, लेकिन ये सरकार टस से मस नहीं हुई और उसने जरा भी मानवता नहीं दिखाई। उन्होंने जब आंदोलन में शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि और परिवारों को नौकरी व आर्थिक मदद देने की मांग उठाई तो किसान परिवारों को आर्थिक सहायता या नौकरी तो दूर, ये सरकार शहीदों को श्रद्धाजंलि तक देने के लिए तैयार नहीं हुई। दीपेन्द्र हुड्डा ने सवाल किया कि आखिर सरकार किसानों का दर्द कब समझेगी? ऐसा लगता है ये सरकार पूरी तरह से संवेदनाशून्य हो चुकी है। उन्होंने सरकार से फिर आग्रह किया कि मानवता के लिए वो अपनी जिद छोड़े और किसानों की माँग स्वीकार कर उन्हें घर लौटा दे। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, राव बीरेंद्र सिंह, जितेंद्र भारद्वाज मनीष खटाना सहित अन्य अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर ठगे 50 हजार, दो पर हुआ मुकदमा

**पलवल।** अधिवक्ता से शादी करने का झांसा देकर 50 हजार रुपये ऐंठने व बाद में लाखों रुपये की मांग करने व नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी संजय के अनुसार कृष्णा कालोनी निवासी अधिवक्ता राजेश भारद्वाज ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह जिला सत्र न्यायालय में वकालत करता है। लगभग चार महीने पूर्व एक महिला का फोन आया। जिसने अपना मंजू निवासी धारम पट्टी होड़ल बताया। जिसने कहा कि वह पिछले पांच वर्ष से फरीदाबाद कोट में वकालत करती है। आप शादी के लिए लडक़ी देख रहे हैं। महिला मंजू ने कहा कि उसकी शादी गांव दुर्गापुरी हुई थी। अब वहां से तलाक हो गया है और वह दूसरी शादी करना चाहती है। मंजू दो बार पीड़ित के चैम्बर नंबर-67 में मिलने भी आई और बाहर घुमने के लिए कहने लगी। शादी करने का दवाब बनाने लगी। पीड़ित ने जब शादी करने से मना किया तो मंजू ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये की मांग करने लगी। 50 हजार रुपये ऐंठ भी लिए। पीड़ित ने जब मंजू के बारे में पता किया तो पता चला कि दुर्गापुर से उसका तलाक नहीं हुआ। वह फरीदाबाद में कोट में वकील भी नहीं है। वह पहले भी कई लोगों को इस तरह परेशान कर चुकी है। 15 अप्रैल को मंजू कोसी निवासी अपने चाचा मदन मोहन के साथ कोट में आई और शादी करने के लिए दवाब बनाया। पीड़ित ने जब मना कर दिया तो मंजू बकाया 4 लाख 50 हजार रुपये की मांग करने लगी। रुपये नहीं देने पर मुकदमा दर्ज कराने व जान से मारने की धमकी देने लगी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### साइबर क्राइम के जरिए ठगे हजारों रुपये

**पलवल।** साइबर क्राइम के जरिए एक व्यक्ति से 47 हजार रुपये ठग लिए गए। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी साहिल के अनुसार पलवल की पीडब्ल्यूडी कालोनी निवासी जितेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई है कि 16 फरवरी को उसके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा, मुझे पहचाना मैं अमित बोल रहा हूं, तुम्हारे फोन पे में 15 हजार रुपये डाल रहा हूं। उस व्यक्ति ने पीड़ित से पहले अपने खाते में दो रुपये डलवाए। उसके बाद पांच हजार, दस हजार, 15 हजार, 15 हजार व दो हजार रुपये व डलवा लिए और उसके बाद फोन काट दिया। पीड़ित वापस फोन मिलाया तो कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान अभियान को लेकर बैठक



**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान अभियान का लाभ जरूरतमंद व पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पवार ने विकास सदन में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरूआत हाल ही में की गई है, जिसके तहत प्रथम चरण में परिवार पहचान-पत्र पर पंजीकरण करवाने वाले परिवारों में से जिला में 100 लोगों की पहचान की गई है। इस अभियान के तीन महत्वपूर्ण तथ्य है जिनमें रोजगार सृजन, कौशल विकास तथा वेजिज जनरेशन है। इसके तहत वर्णित तीनों तथ्यों को शामिल करते हुए चिन्हित परिवारों की न्यूनतम आय 1.80 लाख वार्षिक करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बैठक में विभिन्न विभागों से प्रगति रिपोर्ट ली और कहा कि वे पात्र परिवारों से संपर्क कर उन्हें इस योजना से जोड़ने के लिए तेजी से प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान गरीब परिवारों के जीवन स्तर को उंचा उठाने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह जिले के उन गरीब परिवारों के लिए होगी जिनकी सालाना आय एक लाख रुपये से भी कम है। चरणबद्ध तरीके से इन परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# पटौदी में स्कूल वैन में लगी भयंकर आग, कोई हताहत नहीं

**गुरुग्राम।** यहां स्कूल वैन में शुक्रवार को आग लग गई। आग में वैन पूरी तरह से जल गई। जिस समय स्कूल वैन में आग लग रही थी, आसपास में और भी वाहन खड़े हुए थे। जिसके कारण हादसा और भी भयंकर हो सकता था। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के द्वारा सबसे पहले सुलगती वैन के आसपास खड़े वाहनों को बिना देरी किए वहां से दूर हटाया। घटना पटौदी स्थित आश्रम हरी मंदिर संस्कृत महाविद्यालय परिसर की है।

महाविद्यालय परिसर में हरे कृष्णा वर्ल्ड स्कूल की वैन खड़ी थी। इस स्कूल वैन को एक दिन पहले ही मरम्मत करवा कर संस्था परिसर में ही निर्माणाधीन ऑडिटोरियम परिसर में खड़ा किया हुआ था। शुक्रवार दोपहर के समय रहस्यमय तरीके से इस स्कूल वैन में आग लग गई। जैसे



ही स्कूल वैन में आग लगने की जानकारी संस्था परिसर में फैली तो मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई, और सभी ने अपने स्तर पर भभकती स्कूल वैन आग को बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच में स्थानीय फायर ब्रिगेड कार्यालय को आगजनी की इस घटना के बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस आग में वैन पूरी तरह से जल गई। गनीमत की बात यही रही कि आग दूसरी वाहनों नहीं फैली और वैन में कोई सवार नहीं था। नहीं तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था।

# दहेज नहीं मिलने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला

**पलवल।** शादी में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालजनों द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देकर घर से निकालने का मामला प्रकाश में आया है।

चांदहट थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी जीतराम के अनुसार गांव चांदहट निवासी कविता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी शादी गांव बढ़ा निवासी चरण सिंह के साथ हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने यथा संभव दान-दहेज भी दिया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। दहेज की मांग को पूरा करने में असमर्थता जताने पर पीड़िता को पति, देवर रविंद्र, सास इंदरवती व ससुर फूलसिंह ने जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया।

# ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए एमओयू हुआ साइन

### तीनों संस्थान ऊर्जा संरक्षण और दक्षता के बढ़ावे को करेंगे कार्य

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय परिसर में गुरुग्राम विश्वविद्यालय, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डेवेलपमेंट एजेंसी (हरेडा) और मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज (नूंह) के बीच शुक्रवार को एक एमओयू साइन हुआ। जिसके तहत तीनों संस्थान ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे।

साथ ही में हमारी भारतीय अर्थव्यवस्था कैसे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करे, इस दिशा





गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए एमओयू साइन कार्यक्रम में तीन संस्थानों के अधिकारी।

में तीनों मिलकर अनुसंधान और शोध करेंगी। जिससे ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में ज्ञान का आदान-प्रदान हो सके। देश का युवा भविष्य में आत्मनिर्भर बन सके। राष्ट्र की उन्नति हो। बता दें कि इस दौरान गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मार्कण्डेय आहूजा, हरेडा के डीजी डॉ. हनीफ कुरैशी और मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. ख्वाजा मोहम्मद रफी व गुरुग्राम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. शशि भूषण भारती, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. अमन वशिष्ठ उपस्थित रहे। कुलपति डा. मार्कण्डेय आहूजा ने कहा कि यह एमओयू तीनों संस्थानों के बीच और साथ ही साथ छात्रों को समाज के लिए अपने जीवन को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए मदद करेगा।

# कोरोना की रोकथाम को डीएलएसए करेगा जागरुक: गुप्ता

**गुरुग्राम।** कोरोना की रोकथाम व लोगों में कोरोना प्रोटोकॉल के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिला में चरणबद्ध तरीके से गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

ये निर्देश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (हालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष ने राजन गुप्ता ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक के दौरान मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव को दिए। कोरोना के प्रसार की रोकथाम तथा लोगों को कोविड प्रोटोकॉल के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई। हालसा के कार्यकारी अध्यक्ष राजन गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ समय में कोरोना के मामलों में अपेक्षाकृत वृद्धि हुई है।

# न्यायाधीश और वकीलों ने लगवाई वैक्सीन

### लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन की ओर से लगवाया गया कैंप

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**शुक्रवार** को यहां अदालत परिसर में कोरोना टीकाकरण उत्सव मनाया गया। इसका शुभारंभ लेबर कोर्ट के एडिशनल सेशन जज अमृत सिंह चालिया ने किया। उन्होंने यहां खुद भी वैक्सीन लगवाकर संदेश दिया कि कोरोना की वैक्सीन सुरक्षित है। नियमों के मुताबिक सभी पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन लगवानी है।

लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन की ओर से यह टीकाकरण कैंप लगाया गया। इस टीकाकरण कार्यक्रम में कैनविन फाउंडेशन का भी सहयोग रहा। एडिशनल सेशन जज अमृत सिंह चालिया ने श्रम न्यायालय के कर्मचारियों और अधिकृत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बचाव ही इलाज है। सैनिटाइजर और मास्क का प्रयोग करते रहें। अनावश्यक घरों से ना निकलें।





गुरुग्राम लेबर कोर्ट में कोरोना की वैक्सीन लगवाते लेबर कोर्ट के एडिशनल सेशन जज अमृत सिंह चालिया।

उन्होंने कहा कि घर से बाहर जाए तो उचित दूरी बना कर रखें। लेबर कोर्ट प्रथम के एडिशनल सेशन जज अमित कुमार शर्मा ने कहा कि अधिक से अधिक लोग वैक्सीनेशन करवाएं, ताकि कोरोना का प्रकोप कम किया जा सके। टीकाकरण उत्सव कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित समाजसेवी डा. सौरभ गुप्ता ने कहा कि कोरोना की दोनों वैक्सीन की डोज प्रभावी और सुरक्षित हैं। इनमें कोई किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट्स नहीं होता। उन्होंने कहा कि सभी 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति अवश्य वैक्सीन लगवाएं। इम्युनिटी बूस्ट करने के लिए रसोई के मसालों का प्रयोग करें। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि उनकी संस्था हर रोज प्रशासन की सहायता से लगभग 2 से 3 वैक्सीनेशन कैम्प लगा रही है।

# सोहना शहरी क्षेत्र में मिले कोविड के 43 संक्रमित मामले

**सोहना।** नागरिक अस्पताल सीमा क्षेत्र में आने वाले शहरी में अब तक 43 मामले कोविड संक्रमित मिले है। कोविड के मामले आने से शहरवासियों में हडकंप मच गया है। जो कोविड वैक्सीन लगवाने तथा उसके टेस्ट कराने के लिए आगे आने लगे है।

जैसे-जैसे कोविड-19 ने एक बार फिर से अपनी रफ्तार को तेज कर दिया है। कोविड-19 से बचाव के लिए लोगा वैक्सीन लगवाने के लिए आगे आने लगे है। एक सप्ताह पहले तक कोविड वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या एक दिन में 60 से 70 होती थी, लेकिन अब इस संख्या में दो से तीन गुणा उछाल आया है। अब एक दिन में 175 से 200 लोग कोविड का इंजेक्शन लगाने के लिए शिविरों में पहुंच रहे हैं।

### ऐसा कहते हैं एसएमओ

**नागरिक** अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोविड वैक्सीन टीकाकरण तथा संक्रमितों के टेस्ट बराबर किए जा रहे हैं। लोगों को अपनो टेस्ट करवाने के लिए घर-घर जाकर आशा वर्कर्स और आगंनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेरित कर रही हैं। अब कोरोना के मामले आने से लोग स्वयं ही टेस्ट कराने तथा इंजेक्शन लगवाने के लिए आगे आ रहे हैं।

### होम क्वारंटाइन किए 43 कोरोना संक्रमित

**सोहना** की फ्रेड्स कॉलोनी, शिव कॉलोनी, लोहिया वाड़ा समेत एक दो अन्य स्थान पर कोरोना ने अपने पैर पसार दिए हैं। इन क्षेत्र में 43 कोविड संक्रमितों का उपचार उनके घर पर ही रहते हुए उपचार चल रहा है। वहीं कोविड का टेस्ट कराने वालों की संख्या भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

# अनाज मंडी से हुआ अभी तक 11 हजार कुंतल का उठान

### खुले आसमान के नीचे पड़ा है करीब 44 हजार क्विंटल गेहूं

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**हरियाणा** वेयर हाउस कॉर्पोरेशन वर्कर्स द्वारा बीते 15 दिनों में मात्र 11 हजार क्विंटल गेहूं का लदान किया है। मंडी की फड़ों पर अभी भी सरकारी खाते में खरीदा गया। करीब 44 हजार क्विंटल खुले आसमान के नीचे पड़ा है। जिसकी सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता नहीं है।

सोहना अनाज मंडी में सरकारी खाते में खरीदा गया गेहूं का लदान धीमी गति से हो रहा है। अनाज मंडी परिसर में 487 किसानों से अब तक 56 हजार 540 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है, लेकिन लदान की गति कम होने के कारण 44 हजार क्विंटल के लगभग गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। यदि मौसम खराब होता है या बारिश आती है। खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं भीगने से राज्य



सोहना अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं।

सरकार को भारी नुकसान होने की संभावना है।

### साढे 56 हजार कुंतल गेहूं की आवक

किसान अपनी गेहूं की फसल को सरकार के खाते में बेचने के लिए अनाज मंडी में लेकर आ रहे हैं। क्षेत्र में गेहूं की फसल की लगभग 95 फीसदी कटाई हो चुकी है। किसान मशीन न मिलने के कारण फसल को निकाल नहीं पा रहा है। बीते 15 दिनों में अनाज मंडी में 487 किसान अपनी फसल को बेचने के लिए पहुंचे है। इन बीते 15 दिनों में अनाज मंडी में अब तक 15 हजार 540 कुंतल गेहूं की आवक हुई है। अभी भी एक हजार से अधिक किसानों द्वारा अपनी गेहूं की फसल को बेचने के लिए आने का इंतजार है।

### 100 के लगभग किसानों को भुगतान

**हरियाणा** वेयर हाउस कॉर्पोरेशन द्वारा अब खरीदा गया किसानों से गेहूं का भुगतान करना शुरू कर दिया है। कॉर्पोरेशन के स्थानीय इंस्पेक्टर विकास कुमार ने बताया कि एक से 7 अप्रैल के बीच में करीब 100 किसानों से गेहूं की खरीदा था। जिसका भुगतान किसानों के बैंक खातों में जमा कर दिया है।

# 142 गांवों में लाल डोरा के भीतर संपत्तियों की निशानदेही पूरी: डा. यश गर्ग

**गुरुग्राम।** उपायुक्त डा. यश गर्ग ने शुक्रवार को जिला विकास एवं पंचायत कार्यालय के माध्यम से करवाए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान स्वामित्व योजना के अंतर्गत बताया गया कि जिला के 142 गांवों में लाल डोरा के भीतर स्थित संपत्तियों की निशानदेही करवाकर चूना से मार्किंग का कार्य पूरा किया जा चुका है।

उपायुक्त ने शुक्रवार को जिला विकास एवं पंचायत कार्यालय के माध्यम से करवाए जाने वाले डी-प्लान, परिवार पहचान पत्र, न्यायालयों में लंबित मामलों, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुख्यमंत्री की घोषणाओं, शिवधाम नवीकरण योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, गोबरधन प्रोजेक्ट, सीएम विंडो आदि की समीक्षा की। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पवार भी बैठक में उपस्थित रहे। स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिला के 142 गांवों में लाल



डोरा में स्थित संपतियों की निशानदेही हो चुकी है। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सारवान ने बताया कि इनमें से 130 गांवों में ड्रोन से सर्वे का कार्य पूरा किया जा चुका है।

जिला के 33 गांवों में निशानदेही और सर्वे आदि के बाद नक्शे तैयार करके डेटा सर्वे ऑफ इंडिया के कार्यालय में जमा भी करवाया जा चुका है जिनमें से 11 गांवों के नक्शे फाइनल होकर सर्वे ऑफ इंडिया को वापिस भी मिल चुके हैं और इन 11 गांवो के लोगों की 469 रजिस्ट्रियां भी करवाई जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिला के 70 गांवो को इस योजना के तहत कवर किया जा चुका है।

# प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव आपसे # CommitTo Love का करता है आग्रह

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**निरंतर** बदलते समय में यदि युगलों के लिए कोई चीज स्थिर रही है, तो वह है, उनके बीच का प्रेम। वो दोनों एक दूसरे की शक्ति एवं सुकून का स्रोत बने रहे। यदि कोई समस्या आई भी, तो अप्रत्याशित परिस्थितियों ने उन्हें अहसास करा दिया कि उनके बीच के प्रेम को मजबूत करना और भी ज्यादा जरूरी है और एक दूसरे के प्रति समर्पित भाव में अगला कदम बढ़ाने की इच्छा से उन्हें ओतप्रोत कर दिया।

इस जुझारू भावना का गुणगान करते हुए प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव अपने #CommitTo Love अभियान के साथ उन्हें एक दूसरे के प्रति समर्पित होने के दिन, यानि अपनी इंगेज़्मेंट के दिन इस दुर्लभ प्यार को चिन्हित करने का आग्रह करता है। महामारी के बीच इंगेजमेंट के दौरान बाहर निकलने के लिए बिल्कुल नए नियम स्थापित रहे। युगलों के बीच भावनाओं की शक्ति, उनके अहसास में प्रतिबद्धता, इस अवसर एवं इसे याद रखने के तरीकों के मायने अन्य चीजों के मुकाबले काफी महत्वपूर्ण

PLATINUM GUILD INTERNATIONAL

हो गए। इंगेजमेंट युगल के मिलन में निश्चितता के पहले पड़ावों में से एक है, जबकि महामारी ने युगलों को इस बात का पुन: आंकलन करने के लिए मजबूर कर दिया कि वो इस अवसर को कैसे मनाते हैं। सच्चाई यह है कि लागू की गई अंतरंगता ने इंगेज़्मेंट्स को और ज्यादा ईमानदार व सार्थक बना दिया। संबंधों की इस समय से बड़ी परीक्षा और कोई नहीं हो सकती और इस सच्चाई की उन्हें भलीभांति जानकारी है। उन्हें जीवन दुर्लभ मूल्यों व कार्यों के साथ जीना होगा, और उन्हें अनेक विशाल एवं क्षीण रोमांटिक इशारों से ज्यादा प्राथमिकता देनी होगी। इस अभियान को 10 अप्रैल, 2021 से 10 मई, 2021 के बीच सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों में विस्तृत रूप से प्रसारित किया जाएगा। इस डिजिटल विस्तार के तहत प्लेटिनम डेज ऑफ लव #Commit To Love प्रोजेक्ट चलाएगा, जो युगलों को आपस में मिलन के वक्त अंतरंग वादे करने के लिए प्रोत्साहित करता है। ये वो वादे हैं, जिनके साथ वो भविष्य में अपनी जिंदगी जीते हैं। इनके द्वारा प्रतिबद्धता के वादों को इंगेजमेंट की नई रस्म में परिवर्तित कर दिया गया है! प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव का इंगेजमेंट कलेक्शन उन युगलों की कहानियों से प्रेरित है, जिनके संबंध समानता, मित्रता, सम्मान व सराहना आदि गुणों पर आधारित हैं।

मौजूदा अप्रत्याशित समय में उन्होंने एक दूसरे को सहारा दे उन्हें मजबूत किया! इसलिए इस तरह के प्रेम का प्रतीक प्लेटिनम को बनना चाहिए, जो एक दुर्लभ मैटल है और सोने के मुकाबले 30 गुना ज्यादा दुर्लभ है। यह मैटल समय व परिस्थितियों के साथ कभी बदलता नहीं। इसकी प्राकृतिक सफेद चमक कभी कम नहीं होती और उसी तरह स्थिर बनी रहती है, जैसे इन युगलों का प्रेम। साथ ही इस मैटल के उच्च घनत्व के कारण यह बहुमूल्य स्टोन को जड़ने के लिए अति उत्तम है और हीरे जैसे बहुमूल्य रत्न को मजबूती से पकड़े रखता है। इसलिए इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जब भी इंगेजमेंट बैंड्स की बात आती है, तो प्लेटिनम से बेहतर प्रेम का संकेत और कोई नहीं।

# चतुर्थ नवरात्रे पर हुई मां कूष्माण्डा की भव्य पूजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**कोरोना** महामारी के बीच नवरात्रों के चौथे दिन शहर के मंदिरों में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्माण्डा की भव्य पूजा-अर्चना की गई। इनकी पूजा से रोगों का नाश होता है। धन-धान्य और संपदा की प्राप्ति होती है। भौतिक और आध्यात्मिक सुख प्राप्त होता है। शहर के मंदिरों में भी मां की पूजा-अर्चना के लिए भीड लगी रही।

### वैष्णो देवी मंदिर में

**नवरात्रों** के चौथे दिन सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर तिकोना पार्क में मां कूष्माण्डा की भव्य पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में प्रात: कालीन आरती के दौरान मां कूष्माण्डा की पूजा और हवन यज्ञ किया गया। श्रद्धालुओं ने मां कूष्माण्डा से मन की मुराद मांगी। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा के लिए पधारे श्रद्धालुओं ने मां से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उनके साथ मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने आए हुए अतिथि और श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

### काली मंदिर में

**तिकोना** पार्क स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर में नवरात्रों के चौथे दिन मंदिरों में मां के श्रद्धालुओं ने मां भगवती कूष्माण्डा के स्वरूप में मां की पूजा अर्चना की। श्रद्धालु प्रथम नवरात्रे से ही मंदिरों में सुबह व सायं पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। महंत ने बताया कि मां दुर्गा के चौथे स्वरूप को कूष्माण्डा देवी कहते हैं। मान्यता है कि वे अपनी हंसी से ब्राह्माण्ड को उत्पन्न करती हैं। वे सूर्य मंडल के भीतर निवास करती हैं। सूर्य के समान उनकी दैदीप्यमान कांति हैं।

तत्कालेश्वर मंदिर एनएच-पांच स्थित तत्कालेश्वर मंदिर में नवरात्रे के चौथे दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। किसी के हाथ में आरती की थाली थी, तो कोई मइया को चुनरी व नारियल भेंटकर पूजा-अर्चना कर रहा था।

मंदिर में नवरात्रे के चौथे दिन दूर-दराज व शहर से आए भक्तों ने देर शाम तक मां के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी पंडित मनोज कौशिक ने बताया कि मान्यता है कि माता कूष्माडा की सच्चे मन से पूजा कर अपनी मुराद मांगने वाले भक्तों को निराश नहीं करती। उनकी प्रत्येक मनोकामना पूर्ण होती है। इस अवसर पर भक्तों ने मंदिर में मां कूष्माडा के जयकारे लगाए।

### आज होगी मां स्कंद माता की पूजा

**फरीदाबाद।** नवरात्रों के पांचवे दिन स्कन्द माता की पूजा अर्चना की जाती है। पांच नंबर स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज जी ने बताया कि पांचवें नवरात्रे के दिन मां भगवती के स्कंद माता की स्वरूप की पूजा की जाती है। स्कंद भगवान शिव के द्वितीय पुत्र कार्तिक का नाम है। इनका नाम खंडमुख भी है। मुनिराज महाराज ने बताया कि कर्तिक का नाम भगवान शिव व छह माताओं के कारण खंडमुख पड़ा। जिस समय देवताओं व असुरों में युद्ध हुआ। उस समय देवताओं के सेनापति कर्तिक थे। इन्हीं की अध्यक्षता में देवताओं ने दानवों पर विजय प्राप्त की थी। मां भगवती की गोद में स्कंद यानि कार्तिक भगवान विरजमान हैं। इनके एक हाथ में तीर और दूसरे में अभय स्तंभी है। जिन माताओं के पुत्र नहीं है, वह पुत्र प्राप्ति के लिए स्कंद माता का व्रत करती है। नीले रंग के फूल व कटहल चढ़ाने से माता शीघ्र प्रसन्न होती है।

# कोरोना विस्फोट जारी: पहली बार 910 नए मामले आने से दहशत

## चिकित्सकों समेत बैंक मैनेजर तक पहुंचा कोरोना का सैकेंड स्ट्रेन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** में कोरोना का सैकेंड स्ट्रेन काफी तेजी से फैल रहा है। जिले में शुक्रवार को एक दिन में रिकॉर्ड तोड़ 910 मामले सामने आए। जिसमें चिकित्सकों और आम पब्लिक समेत एक बैंक का मैनेजर भी पॉजिटिव पाया गया। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 53763 पर पहुंच गया।

वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 373 पॉजिटिव लोगों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले में कोविड-19 का रिकवरी रेट 91.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में कुल एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 4073 पर पहुंच गया है। लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा लोगों को लगातार एहतियात बरतने की सलाह दी जा रही है। जिले में आईपी कालोनी, धीरज नगर, सेक्टर-23, अशोका इंक्लेव, सेक्टर-37, 35, 63, 2, 62, 65, 19, 16, 17, अंखीर, सेक्टर-49, डबुआ कॉलोनी, एनएच-तीन, 5, 1, सेक्टर-87, 70, भूड कॉलोनी, सूरजकुंड, सेक्टर-29, 18, ग्रीन फिल्ड कॉलोनी, ग्रीन वैली, सेक्टर-10, 11 आदि अन्य एरियों से मरीज शामिल है। वहीं सर्वाधिक मामले सेक्टर-15 से 18 है और एसजीएम नगर से 17 और सेक्टर-89 से 15 मामले शामिल है।

### चिकित्सक और मैनेजर पॉजिटिव

**बीके** सिविल अस्पताल के दो चिकित्सकों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। जिससे अपातकालीन कक्ष में आने वाले समय में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी तरफ नीलम बाटा रोड स्थित केनरा बैंक के चीफ मैनेजर कोरोना की चपेट में आ गए हैं। जिसके चलते शुक्रवार को बैंक की ब्रांच बंद कर दी गई। दोपहर बाद बैंक को सैनिटाइज कराया गया। शनिवार को दोबारा बैंक ब्रांच को सैनिटाइज कराने के बाद खोलने पर विचार किया जाएगा। केनरा बैंक के चीफ मैनेजर शिव कुमार ने बताया हालत खराब होने पर उन्होंने कोरोना की जांच करवाई तो पॉजिटव की रिपोर्ट मिली। उन्होंने बताया कि शनिवार को ब्रांच को खुलवाया जाएगा, ताकि लोग परेशान न हो।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांचें | : 613486 |
| अब तक पॉजिटिव | : 53763 |
| अब तक नेगेटिव | : 556599 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 3124 |
| ऑक्सीजन पर हैं | : 164 |
| वैंटीलेटर पर हैं | : 19 |
| अब तक मौत | : 432 |
| अब तक ठीक | : 49258 |

# शहर निर्माणाधीन सड़कों का काम शुरू करने के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**उपायुक्त** यशपाल ने कहा कि शहर में सड़कों के निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की रुकावट हो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस सड़क के निर्माण में किसी विभाग अथवा एजेंसी से कोई दिक्कत आ रही है उसको लेकर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए जाएं की अपने निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरे करें और जहां रुकावट आ रही है उसकी एक रिपोर्ट तैयार करें ।

उपायुक्त यशपाल शुक्रवार को स्मार्ट सिटी की सीईओ गरिमा मित्तल के साथ शहर मैं स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा कर रहे थे। मीटिंग का आयोजन लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। मीटिंग में उपायुक्त यशपाल ने कहा कि फरीदाबाद स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बनने वाली सड़को के निर्माण में कुछ रुकावट आने की शिकायतें पिछले काफी दिनों से मिल रही थी। इस वजह से कई स्थानों पर सड़कों के निर्माण अधूरे पड़े है और कई स्थानों पर गड्ढे भरने में भी दिक्कत आ रही है । ऐसे में सभी विभागों को निर्देश देने और तालमेल बनाकर कार्य करने के उद्देश्य से यह मीटिंग बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग तालमेल बनाकर कार्य करें ताकि निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जा सके और लोगों को असुविधा का सामना ना करना पड़े।

मीटिंग के दौरान स्मार्ट सिटी की सीईओ गरिमा मित्तल ने बताया की शहर में 30.4 किलोमीटर लम्बी सड़को का कार्य निर्माणाधीन है। परन्तु विभिन्न विभागों की अनुमति ना मिलने के कारन काम में देरी हो रही है। इसके फलस्वरूप सड़कों पे जगह जगह गड्ढे मिल रहे है। इसको तुरंत करने की आवयश्यकता है। उन्होंने बताया कि जिन विभागों से अनुमति नहीं मिल रही है।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स ने सौंपा मांगों को लेकर ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**आंगनबाड़ी** वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद ने वोटर कार्ड को डाउनलोड करने हेतु कॉल और डाटा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मौके पर सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल, जिला सचिव मालवती, जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्री, उप प्रधान गीता, ब्लॉक प्रधान ग्रामीण उषा रानी, ओमवती, अविनाश कौर, कविता भी उपस्थित रहे।

ज्ञापन में यूनियन ने मांग की है कि सुपरवाइजरो के द्वारा उन पर नए वोटरों का पूरा डाटा अपने मोबाइल में डाउनलोड करने के लिए दबाव डाला जाता है। जबकि प्रत्येक वर्कर के पास स्मार्टफोन नहीं है। और जिनके पास है। उन्हें भी उसके पूरे प्रोग्राम की जानकारी नहीं है। अधिकांश वर्कर इतनी अच्छी तरह से मोबाइल फोन को संचालित भी नहीं कर सकती हैं। बहुत सारी वर्कर जब नए वोटरों से अपना ओटीपी मांगती हैं। उनको ओटीपी नहीं दिया जाता है। जिसके कारण उनको इस काम को करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से नए वोटरों का नाम लिस्ट में डालने से पहले उनकी जांच पड़ताल करने के लिए प्रत्येक आंगनवाड़ी वर्कर को स्मार्टफोन और डाटा उपलब्ध करवाने की मांग ताकि नए वोटर कार्ड बनाने का काम सुचारू रूप से पूर्ण किया जा सके।

# नगर निगम को तमाम टैक्स देने के बाद भी विकास शून्य

**कविता।** फरीदाबाद

**जीवन** नगर भाग दो गौछी में सीवर, सड़क, पानी, सरकारी लाईट आदि की समस्या के समाधान की मांग को लेकर जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल, हरियाणा को ज्ञापन यहां के परेशान लोगों ने भेजा है। लोगों का कहना है कि 20 से 25 साल यहां रहते हुए हो चुके है।

वह हाउस टैक्स, बिजली बिल, डैवलपमेंट चार्ज सभी देते हैं, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं के लिए उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत पर उन्हें जिला उपायुक्त कार्यालय से जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है।

### नहीं हो रही सुनवाई

**महेन्द्रपाल** चौहान, रमेश सोलंकी, जतिन यादव, प्रेमपाल सिंह इत्यादी सैकड़ों लोग सेक्टर-12 स्थित जिला उपायुक्त कार्यालय पर एकत्रित होकर पहुंचे। जहां उन्होंने जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को अपनी समस्याओं के समाधान को ज्ञापन भेजा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि वह नरकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। आरोप है कि पार्षद ललिता यादव, विधायक नीरज शर्मा के अलावा उनकी शिकायतों पर मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी सुनवाई नहीं की। मंत्री को उन्होंने गत 17 दिसंबर 2017 को भी शिकायत दी थी।

### ये की मांग

**जीवन** नगर भाग दो के निवासियों ने राज्यपाल के नाम सौंपे गए अपने पत्र में मांग की है कि उनके इलाके में रुके हुए सीवरेज लाइन के कार्य को शुरू किया जाए। कॉलोनी में पानी की सुविधा दी जाए। गलियों में स्ट्रीट लाइटों की सुविधा की जाए। कच्ची गलियों को पक्का किया जाए। पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया जाए।



### नरकीय जीवन

**लोगों** ने बताया कि उनके यहां जैसे-तैसे पिछले दिनों सीवरेज डालने का कार्य शुरू किया गया था। सभी गलियों को खोद दिया गया। लेकिन इस कार्य को बीच में ही रोक दिया गया। ऐसे में गलियों में गड्ढे हो गए हैं। यहां बरसात में पानी भरने की समस्या के अलावा सीवर और पानी की समस्या है। सड़क पर लाइटें न होने के कारण सीवरेज के गड्ढे दिखाई नहीं पड़ते, जिनमें लोग गिरकर घायल हो जाते है। वहीं यहां बुजुर्गो को घरों से निकलना भी दुर्भर हो गया है। ऊंचे-नीचे रास्तों पर कई बार फिसलकर उन्हें चोट लग चुकी है। घरों के गेट पर सीवरेज का गंदा पानी भर जाता है।

# लोगों की जरूरत के हिसाब से मदद और राहत प्रदान करें : राजन गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**न्यायमूर्ति** राजन गुप्ता, न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में सभी मुख्य न्यायिक मजिस्टेट्स, सचिवों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के साथ पूरे हरियाणा में कोविड मामलों के बढ़ने के मद्देनजर ऑनलाइन मंच के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गयी।

जिला प्राधिकरण की सचिव एवं सीजीएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष, हालसा ने सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को कोविड के मामलों में वृद्धि और राहत जागरुकता कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया, क्योंकि कोविड मामले कई गुना बढ़ रहे हैं। कार्यकारी अध्यक्ष ने उन जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचने पर भी जोर दिया, जो राज्य सरकार द्वारा घोषित वित्तीय राहत पैकेज के हकदार हैं। इसके अलावा, कार्यकारी अध्यक्ष ने मास्क के उचित उपयोग के बारें में लोगों को जागरूक करने, सामाजिक दूरी का पालन करने व हाथों की सफाई और टीकाकरण की जरूरत पर बल दिया।

कार्यकारी अध्यक्ष ने स्वैच्छिक रूप से जनता की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर टीकाकरण अभियान चलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों को कहा। टीकाकरण के लाभों और दुष्प्रभावों के बारें में भी सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाना चाहिए और स्वैच्छिक रूप से टीकाकरण को बढ़ावा देना चाहिए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों को जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया कि वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग वित्तीय सहायता, आधार कार्ड, वोटर कार्ड और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी अन्य लाभकारी योजनाओं के लाभ के लिए सम्बन्धित विभागों के साथ सहयोग करते हुए जरूरतमंद व्यक्तियों को उचित सहायता प्रदान की जाए। इसके अलावा, माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, हालसा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले के अतिरिक्त उपायुक्त को जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की सभी गतिविधियों में नोडल अधिकारी के रूप में शामिल किया जाए ताकि जिला प्रशासन से और विशेष रूप से महामारी के दौरान आम लोगों को राहत सुनिश्चित करने के लिए समर्थन सुनिश्चित किया जा सके।

## विकास कार्यों का मंत्री ने किया निरीक्षण

**बल्लभगढ़।** परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचन्द शर्मा शुक्रवार को अचानक शहर के सेक्टर-3 में चल रहे विकास कार्यों का निरक्षण करने के लिए निकल पड़े। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सेक्टर- 3 के चौक से लेकर तिगांव रोड तक बनाये जाने वाली 4 लाइन सड़क और सेक्टर- 3 के पार्क के अलावा सेक्टर-3 की ही मार्केट का दौरा किया। मंत्री को मार्किट में देखते ही दुकानदार और वहां मौजूद ग्राहक अपनी समस्याओं को लेकर आये तो मंत्री ने वहाँ मौजूद लोगों को समझाया कि वे कोरोना जैसी वैश्विक बीमारी से बचें और घरों से विशेष परिस्थितियों में ही बाहर निकले। परिवहन मन्त्री मूलचन्द शर्मा ने उनको यह भी कहा कि वे कभी भी फोन पर अपनी समस्याए मुझे बता सकते है।

मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों और आमजन की सुरक्षा में कोई कमी नहीं आने दूंगा। परिवहन मंत्री ने लोगो से यह अपील की है कि वे शादी और अन्य धार्मिक अनुष्ठान, समारोह जैसे कार्यक्रमों को दिन में ही निपटा लें।

# वेतन की मांग को लेकर अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय का घेराव




**फरीदाबाद।** नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के कारण पांचवें दिन भी लगातार जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नगर निगम मुख्यालय के अतिरिक्त आयुक्त इंद्रजीत सिंह के कार्यालय घेराव कर किया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने की तथा मंच का संचालन कर्मी नेता श्रीनंद ढकोलिया ने किया। कर्मचारियों को सम्बोधित प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि नगर निगम में लगातार पांच दिनों से कर्मचारी वेतन की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन नगर निगम के आयुक्त डा. यशपाल यादव ने एक भी बार कर्मचारी संगठनों से आकर वेतन के विषय में एक भी शब्द न कहकर कर्मचारियों को आंदोलन करने पर मजबूर कर रहे है। उन्होंने कहा कि लेखा शाखा के अधिकारी विजय धमीजा बार-बार यह बताते आ रहे है कि चण्डीगढ़ से फाईल मंजूर हो चुकी है। फाईल मंजूर हो जाने के बावजूद भी कर्मचारियों का वेतन अभी तक उनके खातों में आ पहुंचाया जा सका है। जिससे नाराज सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के कार्यालय का घेराव किया।

## संक्षिप्त समाचार

### लिंगयाज ने जीता 76 रन से मैच




**फरीदाबाद।** एकलॉन इंटीट्यूज में फाईनल मैच खेला गया। यह मैच लिंगयाज पब्लिक स्कूल और भगत सिंह टाईगर्स के बीच खेला गया। जिसमें भगत सिंह टाईगर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। लिंगयाज की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए। पियुष ने 65 रन, वैभव ने 28 रन बनाए। भगत सिंह के गेंदबाज मुदसार, राकेश, वैभव ने 2-2 विकेट लिये। भगत सिंह टाईगर्स ने 10 विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए। जिसमें मयंक ने 17 रन, ओम ने आठ रन बनाए। लिंगयाज के गेंदबाज विकास और सुंदर ने 2-2 विकेट लिए। लिंगयाज ने 76 रन से यह मैच जीत लिया। एक्लॉन के पियुस को 65 रन और एक विकेट लेने पर मैन आफ द मैच का खिताब दिया। फाइनल मैच के आवार्ड दिए गए। जिसमें बेस्ट बेट्समैन का अवार्ड एंजल क्रिकेट अकादमी के समर्थ को दिया। मैन आफ द सीरिंज का अवार्ड लिंगयाज पब्लिक स्कूल के पियुष को दिया। सर्वाधिक छक्के मारने का अवार्ड सौर्या टीम के रोहन भाटी को दिया। वहीं बेस्ट बॉलर की सीरिंज लिंगयाज के राकेश यादव को दी। बेस्ट फिल्डर आफ द सीरिंज का अवार्ड पंकज अनविटेवल हथीन को दिया। जीतने वाली टीम लिंगयाज पब्लिक स्कूल को 51 हजार रुपये और रनअप रही टीम भगत सिंह टाईगर को 21 हजार रुपये का इनाम दिया गया।

### लखानी कम्पनी में लगा वैक्सीनेशन कैंप



**फरीदाबाद।** सेक्टर-24 स्थित लखानी अरमान ग्रुप में वैक्सीनेशन कैम्प लगाया गया। शुक्रवार को कैम्प में वैक्सीनेशन लगवाने वाले कर्मचारियों की भीड़ रही। यहां वैक्सीनेशन करने आई टीम के सदस्यों में डॉक्टर अनिता की टीम मौजूद रही। जिसमें राजेश शर्मा, राज कुमार, आशा वर्षा कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रही। कम्पनी के अधिकारियों ने बताया कि वैक्सीन देश के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत तैयार की गई है जो पूरी तरह से सुरक्षित और असरदार है, इसलिए बिना किसी संकोच के टीका अवश्य लगवाएं। देश और प्रदेश की सरकार लोगों की जान की परवाह करते हुए लोगों को नि:शुल्क टीका लगा रही है ताकि कोरोना से लोगों की जान बचाई जा सके। कोरोना महामारी का संक्रमण दोबारा तीव्र गति से फैल रहा है इसलिए सभी के लिए टीका लगवाना ज़रूरी है। टीका लगवाने के बाद भी मास्क जरूर लगाए, सोशल डिस्टन्सिंग का पालन करें और जरूरी एहतियात बरतें।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में कोविड रोकथाम वर्कशॉप



**फरीदाबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ में कोविड रोकथाम वर्कशॉप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद के कोविड रोकथाम संयोजक डॉ. एमपी सिंह कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे। डॉ. सिंह ने विद्यालय में कार्यशाला आयोजित की व विद्यालय के शिक्षकों को कोविड व उससे जुड़े प्रोटोकॉल कक्षा व विद्यालय में अध्यापन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियाँ की जानकारी दी। उन्होंने अध्यापन को डिजिटल मोड़ के द्वारा पढ़ाने पर बल दिया। साथ ही छात्रों को मास्क सैनिटाइजर व सामाजिक दूरी की अनिवार्यता पर भी बल दिया। विद्यालय कार्यकारी प्राचार्या नमिता शर्मा ने डॉ. सिंह का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उन्हें भगवद् गीता की प्रति व पौधा भेंट किया। कोविड के संबन्ध में सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन करने का आश्वासन भी दिया। डॉ. सिंह ने विद्यालय का निरीक्षण किया विद्यालय में कोरोना के संबन्ध में अपनाए जा रहे मानकों व आरोग्य ऐप के प्रयोग की भी जांच की।

### एथलेटिक फैडरेशन ने प्री लेवल वन कोर्स का घोषित किया परिणाम




**फरीदाबाद।** भारतीय एथलेटिक महासंघ की योजना समिति के चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट के द्वारा सम्पूर्ण भारत में प्री लेवल वन के तकनीकी अधिकारी तैयार करने के लिए 26 फरवरी से 3 मार्च तक साप्ताहिक आनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया गया था, जिसमें पूरे भारतवर्ष से हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर आनलाइन ही परीक्षा दी थी। इसकी जानकारी जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय एथलेटिक महासंघ की साप्ताहिक आनलाइन कक्षाओं में ट्रैक एंड फील्ड एथलेटिक खेल से संबंधित सभी क्षेत्रों के प्रोफेसरों ने अपना ज्ञान सभी प्रतिभागियों से सांझा किया। देश भर में प्री लेवल वन के तकनीकी अधिकारी तैयार करने की योजना भी डाक्टर ललित के भनोट के द्वारा की गई। साप्ताहिक प्री लेवल वन आनलाइन कक्षाओं के परिणाम भी आनलाइन ही वर्ल्ड एथलेटिक्स के वाइस प्रेसीडेंट और डैवलपमैंट कमेटी आफ वर्ल्ड एथलेटिक्स के चेयरमैन जियोफ गार्डनर, प्रेसींडेंट एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया एंड कांऊसलर मैंम्बर वर्ल्ड एथलेटिक्स आदिल जे सुमारीवाला, एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट, एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के महासचिव रविन्द्र चौधरी, एजुकेशन कमेटी के चेयरमैन मधुकांत पाठक और कोर्स कोआर्डिनेटर, वाइस प्रेसीडेंट अंजू बाबी जार्ज, मुख्य कोच पी राधा कृषनन नायर और कंपटीशन डायरेक्टर नितीन आर्य की अध्यक्षता में घोषित किए गए।

### सर्वोदय हॉस्पिटल ने पुलिस संग मिलकर बांटे हेलमेट



**फरीदाबाद।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शुरू हुई फरीदाबाद वासियों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने की मुहीम का पहला चरण नीलम फ्लाईओवर के नीचे संपन्न हुआ। यहां का नजारा रोजमर्रा से अलग था क्यूंकि ट्रैफिक पुलिस कोई चालान नहीं कर रही थी अपितु लोगों को विनम्र तरीके से ट्रैफिक पुलिस और सर्वोदय हॉस्पिटल के अधिकारियों द्वारा बिना चालान किये हेलमेट और मास्क वितरित भी किये जा रहे थे और उनके फायदे भी बताये जा रहे थे। इस मुहीम की शुरुआत सर्वोदय हेल्थकेयर एवं ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद के द्वारा फरीदाबाद को रोड ट्रैफिक नियम पालन में हरियाणा का ही नही बल्कि भारत का नंबर एक डिस्ट्रिक्ट बनाने के सपने को साकार करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किया है। मुहीम को प्रोटेक्ट ए हेड नाम दिया गया है जिसमे दोपहिया वाहन चालकों को बड़े ही विनम्र तरीके से हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जायेगा और जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किये जायेंगे।

# नेताओं का कर्तव्य

## कोविड मानकों का पालन

**केवल** जुबानी बयानबाजी के बजाय नेताओं को हमेशा कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करना चाहिए। हम जानते हैं कि कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने राष्ट्रीय जीवन के सभी पक्षों को बुरी तरह प्रभावित किया है जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता से लेकर सामाजिक व्यवहार तथा अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य तक शामिल है। लेकिन ऐसा लगता है कि इसने राजनेताओं को सोचने और काम करने पर बाध्य नहीं किया है। बढ़ती महामारी से निपटने के लिए दुहरे मानक कदापि नहीं होने चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह परिघटना हमारे अधिकांश राजनेताओं के मामले में स्पष्ट दिखाई देती है। हालांकि, सरकार कोविड-19 के बढ़ते मामलों से पूरी दृढ़ता के साथ निपटने में लगी हुई है, पर उसने चुनाव वाले राज्यों में बनी स्थिति के प्रति आंखें बंद कर ली हैं जहां कोविड-उपयुक्त व्यवहार का धड़ल्ले से मजाक उड़ाया जा रहा है। अपनी सार्वजनिक रैलियों, रोड शो व अभियानों में लगभग सभी राजनेता और उनके समर्थक मास्क पहनने, शारीरिक दूरी बनाए रखने तथा अन्य कोविड-उपयुक्त व्यवहारों का पालन नहीं करते हैं। सत्ता के भूखे इन नेताओं के लिए किसी व्यक्ति का वोट उसके जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण है, इसलिए उनको अपने वोट पाने के रास्ते में कोविड-उपयुक्त व्यवहारों की जरा भी चिन्ता नहीं है। निर्वाचन आयोग की बार-बार चेतावनियों के बीच



जमीनी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। हालांकि, अधिकांश विदेशी राजनेताओं ने अच्छे व्यवहार का परिचय दिया है और सत्ता से बाहर किए गए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा ब्राजील के वर्तमान राष्ट्रपति जैल बोलसोनारो इनमें अपवाद हैं। उदाहरण के लिए, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन ने इस वर्ष के प्रारम्भ में अपनी भारत यात्रा रद्द की थी जब उनको इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि बनाया गया था। उस समय उनके देश में कोविड-19 संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे थे और उन्होंने जनता की आशंकाओं का ध्यान रखते हुए घर में ही रहना उचित समझा था। इंग्लैंड में वायरस की स्थिति के कारण बोरिस जान्सन ने इस महीने भी अपनी प्रस्तावित भारत यात्रा संक्षिप्त करने का निर्णय किया है।

बोरिस जान्सन ने कहा है कि ब्रिटेन में कोविड-19 से होने वाली मौतों में टीकाकरण के बजाय तीन महीने के लाकडाउन का असर पड़ा है। हम नहीं जानते कि क्या उनके कथन के पक्ष में समुचित प्रमाण हैं, लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि उनके देश की स्थिति में लगातार सुधार हुआ है जबकि भारत वर्तमान समय में सर्वाधिक कोरोना-प्रभावित देशों में ऊपर चढ़ रहा है। केवल अमेरिका को आगे छोड़ कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसे देखते हुए मतदाताओं का सामना करते समय हमारे नेताओं को शर्मिन्दा होना चाहिए, लेकिन इसके बजाय वे केवल वोट बटोरने में लगे हुए हैं। इसके लिए ईश्वर उनको माफ करे। लेकिन जैसे ही उनको वायरस संक्रमण होता है, जैसा कि अनेक नेताओं को हो चुका है, वे फौरन स्वयं को अलग कर लेते हैं तथा सर्वोत्तम चिकित्सा संस्थानों द्वारा चिकित्सकीय देखभाल का लाभ उठाते हैं। निश्चित रूप से यह सब करदाताओं के पैसे से होता है। लेकिन उस गरीब जनता का क्या होगा जिसे वे पीछे छोड़ देते हैं और जो संक्रमण से प्रभावित हो सकती है। ऐसे अनेक कारणों से ही कोविड के खिलाफ लड़ाई लगभग जीतने के बावजूद हम फिर दलदल में फंस गए हैं। हालांकि, आंशिक रूप से इसमें हमारी अपनी भूमिका भी है, लेकिन ज्यादातर राजनेता भी इसके जिम्मेदार हैं। लोकतंत्र के उत्सव समेत सभी त्योहारों का आनन्द केवल उसी समय उठाया जा सकता है, जब देश की जनता स्वस्थ रहे तथा जीवन के मूलाधिकार का आनन्द उठाने की स्थिति में बनी रहे।

# भारत-चीन गतिरोध जारी

जबकि भारत पूर्वी लद्दाख में तनाव घटाने पर जोर देता है, चीनी यथास्थिति पसंद करते हैं। जैसा कि प्रतीत होता है कि दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।



**अनिल गुप्ता**
लेखक सुरक्षा एवं रणनीतिक मामलों के विश्लेषक हैं)



**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के लिए सीधे भगवा दल को जिम्मेदार ठहराते हुए शुक्रवार को कहा कि वह निर्वाचन आयोग से कहेंगी कि वह भाजपा को प्रचार के दौरान बाहरी लोगों को लाने से रोके ।नादिया जिले में यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैलियों के लिए शामियाने लगवाने के लिए भाजपा सबसे बुरी तरह प्रभावित गुजरात जैसे राज्यों से लोगों को लेकर आई।

उन्होंने कहा, मैं निर्वाचन आयोग से अनुरोध करूंगी कि वह गुजरात जैसे राज्यों से आने वाले बाहरी लोगों को रोके जो बंगाल में कोविड-19 के प्रसार के लिए जिम्मेदार हैं। बनर्जी ने कहा, प्रधानमंत्री या अन्य नेता प्रचार के लिए आते हैं तो हमें कुछ नहीं कहना... [8230] रैलियों के लिए मंच और पंडाल लगाने के लिए भाजपा को सबसे बुरी तरह प्रभावित राज्यों से लोगों को क्यों लाना चाहिए? तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि स्थानीय श्रमिक और सज्जाकारों की आवश्यक कोविड-19 जांच के बाद इस उद्देश्य के लिए सेवा ली जा सकती है। अपनी चोट का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उनके पैर को निशाना बनाकर उन्हें प्रचार करने से रोकना चाहती थी, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को गलत साबित कर दिया।

उन्होंने कहा, उन्होंने मेरे पैर को निशाना बनाया था, लेकिन लोगों के आशीर्वाद से मैंने उन्हें गलत साबित कर दिया। चोट 75 प्रतिशत तक ठीक हो चुकी है।

## केरल राज्यसभा चुनावः माकपा ने दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की

**तिरुवनंतपुरम।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) केरल से राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी और उसने अपने राज्य समिति के सदस्य डा. वी शिवदासन और कैराली न्यूज के प्रबंध निदेशक (एमडी) जॉन ब्रिट्स को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है।

वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के संयोजक और पार्टी सचिव प्रभारी ए विजयराघवन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी ।विजयराघवन ने मीडिया को बताया कि शिवदासन और ब्रिट्स राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव लड़ेंगे जिसके लिए 30 अप्रैल को चुनाव होगा। उन्होंने कहा, माकपा की राज्य समिति के सदस्य डा. वी शिवदासन और कैराली न्यूज के एमडी जॉन ब्रिट्स केरल से राज्यसभा की सीटों के लिए एलडीएफ उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनकी क्षमताओं का मूल्यांकन करने के बाद उन्हें उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है।

तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार, ब्रिट्स, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के मीडिया सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्हें 11 सितंबर, 2003 को कैराली टीवी के एमडी के रूप में नियुक्त किया गया था।

**भारत और किर्गिस्तान के बीच दो सप्ताह तक चलने वाला सैन्य अभ्यास शुरूः** नई दिल्ली ।भारत और किर्गिस्तान के विशेष बलों के बीच शुक्रवार को बिश्केक में सैन्य अभ्यास शुरू हुआ जो दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें आतंकवाद रोधी अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि विशेष बलों के बीच खंजर नाम के आठवें अभ्यास का उद्घाटन किर्गिस्तान गणराज्य के विशेष बल ब्रिगेड प्रतिष्ठान में हुआ। इस अभ्यास की शुरुआत 2011 में हुई थी और तब से दोनों देशों के बीच सैन्य एवं रक्षा संबंधों में काफी मजबूती आई है।

## निरंजनी के कुंभ समापन की घोषणा के विरोध में उतरे अन्य अखाड़े, माफी मांगने को कहा

**देहरादून।** कोविड-19 के कारण बिगड़ रहे हालात के मद्देनजर निरंजनी अखाडे द्वारा हरिद्वार महाकुंभ के 17 अप्रैल से समापन की घोषणा किए जाने के बाद अन्य अखाड़े विरोध में उतर आए हैं और इस मसले पर माफी मांगने को कहा है। निर्वाणी अणि अखाडा के अध्यक्ष महंत धर्मदास ने कहा कि कुंभ मेले की समाप्ति की घोषणा का अधिकार केवल मेलाधिकारी या प्रदेश के मुख्यमंत्री को है। निरंजनी अखाड़े ने बिना किसी सहमति के ऐसा कहकर समाज में अफरातफरी मचाने का अक्षम्य अपराध किया है और ऐसे में उसके साथ रहना मुश्किल है। महंत धर्मदास ने कहा कि निरंजनी अखाड़े को अपने ऐसे बयान के लिए पूरे अखाड़ा परिषद के सामने माफी मांगनी चाहिए और तभी उसके साथ आगे बने रहने पर विचार किया जा सकता है ।उन्होंने कहा कि उसका यह फैसला ठीक नहीं है क्योंकि कुंभ के बारे में कोई भी फैसला सभी 13 अखाड़े मिलकर लेते हैं ।बड़ा उदासीन अखाड़े ने भी साफ किया कि वह जल्द महाकुंभ मेला समाप्त करने के पक्ष में नहीं है। अखाड़े के अध्यक्ष महंत महेश्वर दास ने कहा कि बिना अखाड़ा परिषद की बैठक के महाकुंभ मेला समाप्त करने के बारे में कोई फैसला नहीं किया जा सकता है। कुंभ मेले की व्यवस्था विचार-विमर्श से चलती है लेकिन निरंजनी अखाड़े ने इस पर अखाडों से कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला मुहूर्त से शुरू होता है और मुहूर्त से ही समाप्त होता है। परंपरा और मर्यादा के साथ कुंभ मेले को पूरी अवधि तक चलाया जाएगा। जहां तक 27 तारीख को होने वाले शाही स्नान की बात है तो उसे कोविड-19 नियमों के साथ किया जाएगा। दूसरे सबसे बडे अखाड़े निरंजनी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि साधु-संत और श्रद्धालु बड़ी संख्या में कोरोना वायरस से संक्रमित हो रहे हैं जिसे देखते हुए उनकी तरफ से कुंभ मेला समाप्त किया जा रहा है।अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि निरंजनी अखाड़े के साधु संत 17 अप्रैल को कुंभ क्षेत्र की अपनी छावनियां खाली करके अपनेअपने स्थानों को लौट जाएंगे ।उन्होंने कहा कि अखाड़े के जिन संतों को 27 अप्रैल का स्नान करना है, वे बाद में अलगअलग वापस चले जाएंगे। कोविड-19 के कारण एक माह की अवधि के लिए सीमित कर दिए गए महाकुंभ के तीन शाही स्नान महाशिवरात्रि, सोमवती अमावस्या और बैसाखी हो चुके हैं जबकि 27 तारीख को रामनवमी के पर्व पर आखिरी शाही स्नान होना है। देश के अन्य हिस्सों की तरह उत्तराखंड में भी कोरोना वायरस मामलों में लगातार बढ़ोतरी जारी है और रोज रिकार्ड नए मरीज सामने आ रहे हैं। हरिद्वार के विभिन्न अखाडों के कई साधु संत भी कोविड-19 की चपेट में आ चुके हैं।



पटियाला में पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू प्रेस कांफ्रेंस करते हुए।

# अफगानिस्तान को दोहरी शांति की जरूरत: जयशंकर

भाषा। नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को वापस बुलाने की घोषणा एक बड़ा कदम है जो इस युद्धग्रस्त देश को एक निश्चित दिशा में ले जाएगी और ऐसे में सभी पक्षकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि यह दिशा सही हो एवं इसका परिणाम अफगान लोगों के हित में हो।

विदेश मंत्री जयशंकर ने यह बात रायसीना डॉयलाग में ईरान के विदेश मंत्री जावेद जरीफ और अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हमदुल्ला मोहीब के साथ चर्चा के दौरान कही। जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान को दोहरी शांति की जरूरत है और यह शांति देश के भीतर और उसके आसपास हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत, अफगानिस्तान के लोगों के सर्वश्रेष्ठ हितों की सुरक्षा के लिए अपनी क्षमता के अनुरूप तथा अन्य पड़ोसी देशों के उसके संबंधों के माध्यम से, जो भी हो सकेगा, वह करेगा। विदेश मंत्री ने कहा, हमारा हमेशा से मानना रहा है कि यह अफगानिस्तान नीत, अफगानिस्तान के स्वामित्व और उसके द्वारा नियंत्रित प्रक्रिया होनी चाहिए। वहीं, अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हमदुल्ला मोहीब ने कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोवाल के साथ अफगानिस्तान में उभरती स्थिति पर चर्चा की है और अगले कुछ दिनों में एक दल बनाया जाएगा जो अमेरिका और नाटो के साथ परिवर्तन की योजना पर काम करेगा।

उन्होंने कहा कि बाइडेन की अमेरिकी सैनिकों की वापसी की घोषणा के बाद जो बड़ी तस्वीर उभरी है, उसके बाद अब तालिबान के लिए अफगानिस्तान में हिंसा जारी रखने का कोई कारण नहीं बनता है। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि यह स्थिति अब नहीं रह गई है कि हिंसा जारी रखें, और मैं समझता हूं कि उनके (तालिबान) लिए अफगानिस्तान की सरकार के साथ वास्तव में शांति कायम करने और राजनीतिक समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनने का यही समय है।

दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री जावेद जरीफ ने कहा कि अमेरिका का अंततः अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा और प्रतिबद्धता सकारात्मक कदम है और इसे क्षेत्र की उस वास्तविकता के आलोक में देखा जाना चाहिए कि विदेशी बलों की उपस्थिति ने कभी भी शांति एवं स्थिरता में योगदान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि तालिबान को अब अफगानिस्तान की सरकार, वहां के लोगों एवं देश के विभिन्न समूहों के साथ वार्ता शुरू कर देनी चाहिए। अब व्यापक संवाद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिणाम का इंतजार करना शून्य पैदा कर देगा और तालिबान की इस शून्य को भरने की आकांक्षा एक मुसीबत साबित होगी। जरीफ ने कहा कि यह अफगानिस्तान में नए युद्ध का आधार तैयार करेगी और इस क्षेत्र में हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते।

## निर्वाचन आयोग ने तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल खान को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल खान को अनुसूचित जाति को लेकर उनकी कथित टिप्पणी के लिए शुक्रवार को नोटिस जारी किया और उन्हें अपना पक्ष रखने के वास्ते 24 घंटे का समय दिया। नोटिस में कहा गया है कि उन्हें यह भी बताना चाहिए कि स्टार प्रचारक के रूप में उनका दर्जा वापस क्यों नहीं लिया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि भाजपा ने खान के खिलाफ एक शिकायत लेकर निर्वाचन आयोग का रुख किया था। नोटिस में जिक्र किए गए उनके बयान के एक हिस्से के अनुसार तृणमूल कांग्रेस की नेता ने कथित तौर पर कहा था, जैसा कि अनुसूचित जाति के परिवारों में संसाधनों की कमी है, ममता बंद्योपाध्याय ने चाहे जितनी भी उनकी मदद की है, उनकी किल्लत दूर नहीं होगी। खान के बयान के अनुसार, जैसा कि कहा जाता है, कुछ वास्तव में भिखारी हैं और अन्य स्वभाव से भिखारी हैं। यहां अनुसूचित जाति के लोग स्वभाव से भिखारी हैं।



चेन्नई के वंडलूर में शुक्रवार को अरिगनार अन्ना जूलॉजिकल पार्क में अठखेलिया करते सफेद बाघ के बच्चे

# सरकार कोविड-19 जांच व संक्रमित मरीजों के वास्तविक आंकड़े दे : गुजरात उच्च न्यायालय

**अहमदाबाद।** गुजरात में कोविड-19 के मामलों में अचानक हुई बढ़ोतरी की पृष्ठभूमि में ईमानदारी और पारदर्शिता पर जोर देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार आरटी-पीसीआर जांच और संक्रमित लोगों के वास्तविक आंकड़ों को जारी करे। शुक्रवार को उपलब्ध हुए फैसले की प्रति के मुताबिक गुजरात उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की है कि कोविड-19जांच और संक्रमितों की संख्या को लेकर सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले आंकड़े सही नहीं होने को लेकर आम लोगों की धारणा को दूर करने के लिए पारदर्शिता की जरूरत है। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति भार्गव करिया की युगलपीठ ने अपने आदेश में की है। पीठ, राज्य में हाल के हफ्तों में संक्रमण के बढ़े मामलों पर स्वत: संज्ञान लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है। मामले की पिछली सुनवाई बृहस्पतिवार को हुई थी लेकिन पीठ के आदेश की विस्तृत प्रति अगले दिन उपलब्ध हुई। अब इस मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। युगलपीठ ने कहा, आरटी-पीसीआर जांच और उसमें संक्रमित मिले लोगों की सही जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। राज्य को आरटी-पीसीआर जांच के सही नतीजों को जारी करने से झिझकना नहीं चाहिए, अगर आंकड़े सही नहीं दिए जा रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि सरकार अचानक बढ़े मामलों के लिए जिम्मेदार नहीं है लेकिन राज्य को सही आंकड़े जारी करने चाहिए ताकि संक्रमितों की वास्तविक संख्या का पता चल सके और लोगों की इस धारणा को दूर किया जा सके कि सरकार द्वारा दिए गए आंकड़े सही नहीं हैं।

# सीतलकूची की घटना के बाद तृणमूल उम्मीदवार के साथ ममता की बातचीत के कथित ऑडियो से विवाद खड़ा हुआ

भाषा। कोलकाता

**भाजपा** द्वारा शुक्रवार को एक तथाकथित ऑडियो क्लिप जारी किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सीतलकूची से तृणमूल कांग्रेस के उमीदवार से कथित तौर पर यह कहती सुनाई देती हैं कि वह सीआईएसएफ की गोली से मारे गए चार लोगों के शवों के साथ रैलियां करें।

तृणमूल कांग्रेस ने ऑडियो क्लिप को फर्जी करार दिया और कहा कि इस तरह की कभी कोई बात नहीं हुई। पीटीआई स्वतंत्र रूप से ऑडियो क्लिप की प्रामाणिकता का सत्यापन नहीं कर सकी जो चुनाव के पांचवें चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर जारी की गई। बनर्जी और सीतलकूची विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पार्थ प्रतिम राय के बीच टेलीफोन पर हुई कथित बातचीत के अंश जारी करते हुए भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया कि ममता बनर्जी अपनी पार्टी के नेताओं से शवों के साथ रैलियां करने की बात कहकर दंगे भड़काने की कोशिश कर रही हैं। मालवीय ने कहा, वह (बनर्जी) अपनी पार्टी के उम्मीदवार से कह रही हैं कि मामला इस तरह का बनाया जाए कि पुलिस अधीक्षक (कूचबिहार) और केंद्रीय बलों के कर्मियों-दोनों को फंसाया जा सके। क्या किसी मुख्यमंत्री से ऐसी उम्मीद की जाती है? वह केवल अल्पसंख्यकों के वोट हासिल करने के लिए भय का माहौल पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। कूचबिहार जिले के सीतलकूची मतदान केंद्र पर 10 अप्रैल को चौथे चरण के मतदान के दौरान स्थानीय लोगों के कथित हमले और राइफल छीनने की कथित कोशिश के बाद केंद्रीय बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गए थे। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि पार्टी ऑडियो क्लिप के मुद्दे पर निर्वाचन आयोग जाएगी। तथाकथित ऑडियो में बनर्जी राय से यह कहती सुनाई देती हैं कि मतदान खत्म होने तक गुस्सा शांत रखें। वह कथित तौर पर यह कहती सुनाई देती हैं, घबराइए मत। आप अगले दिन शवों के साथ रैली करने के इंतजाम करें और वकील से विमर्श करें तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं जिससे कि न तो एसपी बच सके और न ही आईसी। सीतलकूची से तृणमूल कांग्रेस के उमीदवार ने ऑडियो को फर्जी करार दिया। उन्होंने कहा, इस तरह की बातचीत कभी नहीं हुई। भाजपा पांचवें दौर के मतदान से पहले लोगों को केवल गुमराह करने की कोशिश कर रही है। पूर्व में, बनर्जी ने गोलीबारी को नरसंहार करार दिया था और इसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की साजिश बताया था।

# छत्तीसगढ़, उप्र आईसीयू बिस्तर एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाये: केंद्र

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश को पृथकवास, ऑक्सीजन, आईसीयू बिस्तर तथा एम्बुलेंस की सं या बढ़ाने तथा कोविड-19 के मामलों का जल्द पता लगाकर मृत्यु दर में कमी लाने एवं राष्ट्रीय उपचार प्रोटोकॉल का पालन करने का सुझाव दिया।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण के साथ छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा की तथा गैर जरूरी यात्रा नहीं करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर भीड़भाड़ रोकने का स ती एवं प्रभावी ढंग से पालन करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के साथ महाराष्ट्र ऐसे राज्य हैं, जहां एक लाख से अधिक उपचाराधीन मरीज हैं। छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में कोविड-19 संक्रमण के प्रतिदिन काफी सं या में नए मामले सामने आ रहे हैं और मौतें भी हो रही हैं। छत्तीसगढ़ में सात दिनों की गतिशील औसत के आधार पर साप्ताहिक नए मामले में तकरीबन 6.2 प्रतिशत वृद्धि की रिपोर्ट है। स्वास्थ्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, पिछले दो सप्ताह में राज्य में साप्ताहिक नए मामलों में तकरीबन 131 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है। छत्तीसगढ़ में 22 जिलों ने पिछले 30 दिनों में सर्वाधिक मामलों की सं या को पार कर लिया है। इनमें सबसे अधिक प्रभावित रायपुर, दुर्ग, राजनंदगांव और बिलासपुर सबसे अधिक प्रभावित हैं। इसमें कहा गया है कि 17-23 मार्च 2021 के सप्ताह की तुलना में 7-13 अप्रैल 2021 को समाप्त सप्ताह में आरटी-पीसीआर जांच घटकर 28 प्रतिशत (34 प्रतिशत से) रह गई जबकि एंटीजन जांच बढ़कर 62 प्रतिशत (53 प्रतिशत से) हो गई है।

उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के प्रतिदिन नए मामलों की वृद्धि दर 19.25 प्रतिशत रिपोर्ट की गई है। उत्तर प्रदेश में पिछले 30 दिनों में 46 जिले कोरोना के मामलों के संदर्भ में अपने सर्वाधिक स्तर को पार कर गए हैं। इन जिलों में लखनऊ कानपुर, बनारस और प्रयागराज सबसे अधिक प्रभावित जिले हैं। इसमें कहा गया है कि 17-23 मार्च 2021 के सप्ताह की तुलना में 7-13 अप्रैल 2021 को समाप्त सप्ताह में आरटी-पीसीआर जांच घटकर 46 प्रतिशत (48 प्रतिशत से) रह गई है जबकि एंटीजन जांच बढ़कर 53 प्रतिशत (51 प्रतिशत से) हो गई है। बैठक के दौरान अस्पतालों में आधारभूत ढांचे की कमी की खबरों पर भी चर्चा की गई जिसमें अस्पतालों में ऑक्सीजन युक्त बिस्तर, आईसीयू आदि शामिल हैं।

# टीका जब तक कोविड के प्रभाव को पूरी तरह खत्म नहीं करता, मास्क अनिवार्य : ए मॉन

भाषा। कोलकाता

**यूरोपीय** रोग नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) की निदेशक एंड्रिया ए मॉन का कहना है कि टीका जब तक सार्स-सीओवी2 और उसके ज्ञात स्वरूपों के प्रभाव को पूरी तरह खत्म नहीं करता तब तक भौतिक दूरी और मास्क लगाने जैसे गैर औषधीय उपाय (एनपीआई) का स त अनुपालन अनिवार्य है। जर्मन फिजिशियन ने कहा कि अगर एनपीआई को और सुदृढ़ व सख्त नहीं किया गया तो कोविड-19 संबंधी मामलों और मौत में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा सकता है। भारत में शुक्रवार को संक्रमण के रिकॉर्ड 2.17 लाख मामले सामने आए और संक्रमितों की कुल सं या बढ़कर ।,42,91,917 पहुंच गई। ए मॉन ने यूनिख से ईमेल पर पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, महामारी की स्थिति में एनपीआई का प्रभावी क्रियान्वयन लगातार बढ़ रहे सार्स-सीओवी2 और उसके ज्ञात स्वरूपों के खिलाफ प्रतिक्रिया में आवश्यक है। इसे तब तक जारी रखना चाहिए जब तक टीका आम लोगों और स्वास्थ्य सेवाओं पर इसके दुष्प्रभावों को पूरी तरह खत्म करने में कारगर नहीं होता।

## सेना ने कार्यालयों में भौतिक उपस्थिति 50% तक घटाई

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** सेना ने बताया कि देश में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के कारण कार्यालयों में उसके कर्मियों की भौतिक उपस्थिति 50 प्रतिशत तक घटा दी गई है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जो कर्मी कार्यालयों में भौतिक रूप से उपस्थित होंगे, उन्हें भीड़ से बचना होगा और कोविड-19 दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा।

अधिकारियों ने बताया कि निर्देशों के अनुसार सभी बैठकों और कॉफ्रेंसों का आयोजन जहां तक संभव हो डिजिटल रूप से किया जाना चाहिए।

# पेज 1 का शेष

## अप्रैल अंत...

5.2 से 6 फीसदी के आसपास रही या 12 हजार से 15 हजार प्रति दिन। यदि बहुत आशाजनक स्थिति की भी कल्पना की जाए और यह औसत प्रतिदिन 10 हजार मामलों का भी रहे तो भी इस महीने के अगले दो हफ्तों में देश में कुल आने वाले मामलों का आंकड़ा 3.5 लाख को पार कर जाएगा। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में नए मामलों के आंकड़ों में तेज इजाफा हो रहा है। कोरोना की दूसरी लहर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, और राजस्थान में कहर बरपा रही है। शुक्रवार को महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में 63, 729 केस आए तथा 398 मौतें हुईं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19,486 मामले आएं तथा 141 मौतें दर्ज की गईं। छत्तीसगढ़ में पिछले एक हफ्ते में नए केसों में 131 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में एक-एक लाख से ज्यादा सक्रिय केस हैं। महाकुंभ मेले में सरकार किसी प्रकार का रोक लगाने में विफल रही, चुनावी रैलियों में कोविड-19 नियमों के खुले उल्लंघन को केसों में तेज इजाफे का प्रमुख कारण में माना जा रहा है। उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय कोरोना वायरस औसत 5.2 फीसदी को पार कर गया है, यहां पॉजिटिविटी दर 6.5 फीसदी दर्ज की गई है। राज्य में पिछले एक हफ्ते में मामले बढ़कर दोगुने हो चुके हैं। सबसे ज्यादा कोरोना प्रभावित महाराष्ट्र में संक्रमण के कुल मामले 37 लाख तक पहुंचे गए हैं। एक दिन पहले यहां 349 लोगों की मौत हुई थी तथा 61,695 संक्रमित हुए थे। महाराष्ट्र के बाद यूपी सबसे बड़े हॉटस्पॉट के रूप में उभरा है। शुक्रवार को यहां पर कोविड-19 के 27,426 नए मामले सामने आए जबकि संक्रमण से 103 और मरीजों की मौत हो गई। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य व चिकित्सा अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 27,426 नए संक्रमितों के मिलने से अब तक कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 7,93,720 हो गई है। उन्होंने बताया कि वहीं 103 और मरीजों की मौत होने से राज्य में मृतक संख्या बढ़कर 9,583 हो गई है। प्रसाद ने बताया कि कोविड-19 के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज हो रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार को राज्य में कोविड-19 के 20,510 मामले जबकि बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 22,439 नए मामले सामने आए थे।

## उत्तर प्रदेश...

अनुसार संचालित होता रहेगा। बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोविड की वर्तमान स्थिति पर लखनऊ में हजार बेड का नया हॉस्पिटल बनाने का निर्देश दिया है। इस हॉस्पिटल के निर्माण के लिए आवास विकास परिषद की उस जमीन का चयन किया गया है, जहां पर डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया गया था। इसके साथ ही प्रदेश में लॉकडाउन के दौरान फंसे गरीब लोगों की भरण पोषण भत्ता सूची बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका निर्देश भी अफसरों को दे दिया है। प्रदेश सरकार अब जरूरतमंदों को हर जगह राशन उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि केजीएमयू और बलरामपुर हास्पिटल को अगले 24 घण्टे में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में संचालित किया जाए। इनके संचालन से लखनऊ में लगभग 4,000 कोविड बेड का विस्तार होगा। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री से अपेक्षा की कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य की मानिटरिंग करते हुए इन अस्पतालों में कोविड मरीजों के उपचार की सभी आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था कराएं। मुख्यमंत्री ने टेस्ट, ट्रेस, ट्रीट के लक्ष्य के अनुरूप कोरोना नियंत्रण की प्रभावी कार्यवाही को जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जनपदों में कोविड बेड, ऑक्सीजन, दवाओं, एम्बुलेंस, मैनपावर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए सरकारी अस्पतालों में, इमरजेंसी सेवाओं तथा आवश्यक सेवाओं को छोड़कर, जनरल ओपीडी का संचालन स्थगित किया जाए। टेलीमेडिसिन को प्रोत्साहित किया जाए। ई.संजीवनी एप का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए, जिससे लोग घर पर रहते हुए चिकित्सीय परामर्श प्राप्त कर सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन 15 मई तक स्थगित रखने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में ऑक्सीजन एवं दवाओं की अनवरत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए दैनिक समीक्षा की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का कण्ट्रोल रूम प्रभावी रूप से क्रियाशील रहकर स्थिति पर नजर रखे। जनपदों से नियमित संवाद बनाकर मेडिकल ऑक्सीजन तथा रेमडेसिविर सहित अन्य आवश्यक औषधियों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा इस कार्य की मॉनिटरिंग की जाए। आगामी एक माह की स्थिति का आकलन करते हुए रेमडेसिविर की अतिरिक्त डोज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की मेडिकल किट में कम से कम एक सप्ताह की जरूरत के अनुसार निर्धारित औषधियां होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कोविड.19 की जांच में वृद्धि के निर्देश देते हुए फोकस्ड टेस्टिंग किये जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी प्रयोगशालाएं पूरी क्षमता के साथ कोरोना की जांच करें। जिला प्रशासन आईसीएमआर से लाइसेंस प्राप्त निजी प्रयोगशालाओं में क्वालिटी कण्ट्रोल के साथ टेस्टिंग व्यवस्था को लागू कराए। योगी ने कहा कि गत वर्ष विधायकों ने विधायक निधि के माध्यम से सहयोग प्रदान किया था। वर्तमान समय की विशेष परिस्थितियों के दृष्टिगत कोरोना प्रबन्धन कार्य में कोविड केयर फण्ड की नियमावली के अनुरूप विधायकगण की संस्तुति पर उनकी निधि से एक करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग किया जा सकता है।

## चिकित्सा ग्रेड...

करने के लिए उन्हें परमिट के पंजीकरण से छूट दी गई है। प्रधानमंत्री को बताया गया कि राज्यों और ट्रांसपोर्टर्स को टैकरों के निर्बाध आवागमन के संबंध में आवश्यक सूचना दे दी गई है। सिलिंडरों में ऑक्सीजन भरने वाले संयंत्रों को भी सभी सावधानियों का ध्यान रखते हुए चौबीसों घंटे काम करने की अनुमति दी गई है। इतना ही नहीं, सरकार ने औद्योगिक इस्तेमाल में आने वाले सिलिंडरों के चिकित्सकीय ऑक्सीजन के लिए इस्तेमाल की अनुमति दी है। अधिकारियों ने देश में चिकित्सा ग्रेड की ऑक्सीजन आयात करने के संबंध में किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी प्रधानमंत्री को अवगत कराया।भारत में कोविड-19 के एक दिन में रिकॉर्ड 2,17,353 नए मामले सामने आने के बाद देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की कुल संख्या बढ़कर।,42,91,917 हो गई है और इस बीमारी का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 15 लाख के पार चली गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से।,185 और लोगों की मौत होने के बाद कुल मृतक संख्या बढ़कर 1,74,308 हो गई है। देश में 19 सितंबर, 2020 के बाद से एक दिन में सर्वाधिक लोग मारे गए हैं। संक्रमण के मामलों में लगातार 37वें दिन वृद्धि हुई है। देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 15,69,743 हो गई है जो संक्रमण के कुल मामलों का 10.98 प्रतिशत है जबकि स्वस्थ होने वाले लोगों की दर गिरकर 87.80 प्रतिशत रह गई है।

## कोवैक्सीन का...

क्षमता बढ़कर जुलाई-अगस्त में छह-सात करोड़ खुराक प्रति महीने हो जाएगी। उम्मीद है कि उत्पादन क्षमता सितंबर 2021 तक बढ़कर लगभग 10 करोड़ खुराक प्रति महीने हो जाएगी। इसने कहा कि केंद्र टीका उत्पादन में वृद्धि के लिए महाराष्ट्र सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हाफकिन बायोफार्मास्यूटिकल कॉरपोरेशन लिमिटेड को 65 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक संदीप राठौड़ ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा कि कंपनी का लक्ष्य लगभग 22.8 करोड़ टीका शीशियों के उत्पादन का है, लेकिन हमें उत्पादन शुरू करने में एक साल लगेगा। डीबीटी ने कहा, हालांकि, केंद्र सरकार ने उनसे गति बढ़ाने और कार्य को तत्काल छह महीने के भीतर पूरा करने को कहा है। कार्य शुरू करने पर प्रतिष्ठान की क्षमता हर महीने दो करोड़ खुराक तैयार करने की होगी। इसने कहा कि राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अंतर्गत इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड, हैदराबाद तथा जैव प्रौद्योगिकी के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत इम्यूनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स लिमिटेड, बुलंदशहर को भी मदद दी जाएगी, जो अगस्त-सितंबर तक हर महीने टीके की एक-डेढ़ करोड़ खुराक तैयार करेंगे।

## हवा के...

यह आवश्यक है कि वे वायरस के प्रसार के वैज्ञानिक साक्ष्य को स्वीकार करें जिससे कि विषाणु के वायुजनित प्रसार को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। रिव्यू की मुख्य लेखक ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की त्रिश ग्रीनहाल का कहना है कि नए खुलासे के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) समेत दूसरी स्वास्थ्य एजेंसियों को वायरस के ट्रांसमिशन होने की परिभाषा को बदलने की जरूरत है। उन्होंने फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क समेत जो अन्य नियम बनाए हैं, वह इस वायरस को रोकने में काफी नहीं हैं। इस रिव्यू को ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा के छह विशेषज्ञों ने लिखा है। रिव्यू के अनुसार कागिट कॉयर इवेंट में एक संक्रमित ने 53 अन्य लोगों को संक्रमित कर दिया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि कई लोग तो आपस में संपर्क में भी नहीं आए थे और न उनकी मुलाकात हुई थी। निश्चित तौर पर हवा से वायरस फैला, तभी ये लोग संक्रमित हुए। रिपोर्ट में बताया गया है कि बंद जगहों में संक्रमण तेजी से फैलता है। बंद जगहों को हवादार बनाकर संक्रमण के फैलाव को कम किया जा सकता है। वायरस का प्रसार उन लोगों के माध्यम से अधिक हुआ जिनमें कोई लक्षण नहीं थे। 40 फीसदी वायरस का फैलाव ऐसे लोगों से हुआ। ऐसे ही लोगों ने पूरी दुनिया में कोरोना वायरस को फैलाया। विशेषज्ञों के अनुसार अभी भी हाथ धोना और सतह को साफ करना जरूरी है। लेकिन सिर्फ इसी पर ध्यान केंद्रित नहीं किया जाना चाहिए। हवा के जरिए वायरस के प्रसार को रोकने पर विश्व के सभी देशों को काम करना चाहिए। ताकि वायरस को सांस की नली में जाने से रोका जाए और उसे हवा में ही समाप्त किया जाना चाहिए।

## भारत लाया...

अदालत में चल रहे मामले उसे शामिल होना चाहिए और प्रत्यर्पित करने का फैसला कैबिनेट मंत्री पर छोड़ दिया। नीरव मोदी पर अपने मामा मेहुल चोकसी के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी करने का आरोप है। करीब दो साल की कानूनी लड़ाई के बाद जिला न्यायाधीश सैम्युल गूजी ने फैसला दिया कि मोदी के खिलाफ मामला है जिसका जवाब उसे भारतीय अदालत में ही देना है, लेकिन ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे संकेत मिले कि भारत में उसके खिलाफ निष्पक्ष सुनवाई नहीं होगी। न्यायाधीश ने मानवाधिकार संबंधी चिंताओं को भी खारिज कर दिया जिसमें मोदी ने कहा था कि उसकी चिकित्सा जरूरतों का समाधान भारत सरकार के कई आश्वासनों के तहत नहीं होगा। न्यायाधीश ने रेखांकित किया, मैं संतुष्ट हूं कि नीरव मोदी के मामले में जो सबूत है वह उसे पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में दोषी ठहरा सकते हैं। प्रथमदृष्टया मामला बनता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लगाए गए आरोप प्रथमदृष्टया स्थापित होते हैं। ये आरोप है धनशोधन, गवाहों को धमकाना और सबूतों को मिटाना। ब्रिटिश प्रत्यर्पण कानून 2003 के तहत न्यायाधीश अपने निष्कर्षों से गृह राज्यमंत्री को अवगत कराते हैं। ब्रिटेन-भारत प्रत्यर्पण संधि के तहत ब्रिटेन का कैबिनेट मंत्री प्रत्यर्पण आदेश जारी करने के लिए अधिकृत है और न्यायाधीश के निष्कर्षों पर उसे दो महीने में फैसला लेना होता है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने 31 जनवरी 2018 को नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिनमें पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के तत्कालीन अधिकारी भी शामिल थे। यह प्राथमिकी बैंक की शिकायत पर दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने आपराधिक साजिश रच फर्जी तरीके से सार्वजनिक बैंक से लेटर ऑफ अंडरटेकिंग जारी कराए। लेटर ऑफ अंडरटेकिंग के मध्यम से बैंक विदेश में तब गांरटी देता है जब ग्राहक कर्ज के लिए जाता है। इस मामले में पहला आरोप पत्र 14 मई 2018 को दाखिल किया गया जिसमें मोदी सहित 25 लोगों को आरोपी बनाया गया जबकि दूसरा आरोप पत्र 20 दिसंबर 2019 को दाखिल किया गया जिसमें पूर्व के 25 आरोपियों सहित 30 को नामजद किया गया। नीरव मोदी सीबीआई द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने से पहले ही एक जनवरी 2018 को देश छोड़कर भाग गया था। इसके बाद जून 2018 में सीबीआई के अनुरोध पर इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेडकॉर्नर नोटिस जारी किया। ब्रिटिश पुलिस ने मार्च 2019 को उसे लंदन से गिरफ्तार किया और तब से उसने कई बार जमानत के लिए आवेदन किए लेकिन वेस्टमिंस्टर अदालत और लंदन उच्च न्यायालय ने उन्हें खारिज कर दिया। वहीं, सीबीआई ने ब्रिटेन से प्रत्यर्पण अनुरोध के साथ दस्तावेजी सबूत और गवाही ब्रिटिश अदालत में पेश की। इस बीच, नीरव मोदी की कानूनी टीम ने फैसले के खिलाफ अपील करने की तत्काल पुष्टि नहीं की है।

## ईसी ने...

संबंध में चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति, राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के राजनीतिक दल के महासचिव और चेयरमैन को पत्र भेजकर जानकारी दी है। पांचवें चरण का मतदान 17 अप्रैल को और छठें व सातवें चरण के लिए मतदान 22 एवं 29 अप्रैल को होगा। 72 घंटे चुनाव प्रचार समाप्त होने से पहले कोई भी दल या प्रत्याशी कोई रैली या बैठक नहीं कर सकेंगे। आयोग ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को मास्क और सेनेटाइजर उपलब्ध कराने आदि को प्रत्याशी के चुनावी खर्च में जोड़ने के निर्देश दिए। अगर किसी सार्वजनिक रैली या बैठक में कोविड-19 नियम को तोड़ता है तो उसे जिला चुनाव अधिकारी और रिटर्निंग आफिसर उस सार्वजनिक बैठक या रैली को रद्द करने के साथ उसपर दंडात्मक कार्रवाई भी कर सकते हैं।

## टोक्यो ओलंपिक खेल रद्द नहीं होंगे: प्रमुख

**टोक्यो।** टोक्यो ओलंपिक की आयोजन समिति की प्रमुख सेइको हाशिमोतो ने शुक्रवार को एक बार फिर दुनिया को आश्वासन दिया कि एक बार स्थगित हो चुके ओलंपिक खेल तीन महीने से कुछ अधिक समय बाद शुरू होंगे और जापान में कोविड-19 मामलों में इजाफे के बावजूद इन्हें रद्द नहीं किया जाएगा। हाशिमोतो से प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पूछा गया था कि क्या ऐसे कोई हालात हैं जिनमें ओलंपिक को रद्द किया जा सकता है। हाशिमोतो ने कहा कि कई चिंताएं हैं लेकिन टोक्यो 2020 आयोजन समिति खेलों को रद्द करने के बारे में नहीं सोच रही। एलडीपी में दूसरे नंबर के व्यक्ति निकाई से गुरुवार को साक्षात्कार के दौरान जब पूछा गया था कि खेलों को रद्द करना अब भी विकल्प है तो उन्होंने कहा था, बेशक। अगर टोक्यो ओलंपिक से संक्रमण के मामलों में इजाफा होता है तो ओलंपिक के आयोजन का कोई मतलब नहीं है।

## बुंदेसलीगा में अगले तीन मुकाबले स्थगित

**बर्लिन।** हेर्था बर्लिन के अगले तीन बुंदेसलीगा फुटबॉल मैचों को स्थगित कर दिया गया है क्योंकि पूरी टीम को कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के बाद पृथकवास में जाने का आदेश दिया गया है। जर्मन फुटबॉल लीग ने शुक्रवार को कहा कि वे रविवार को मेंज, 21 अप्रैल को फ्रेबर्ग और 24 अप्रैल को शाल्के के खिलाफ होने वाले मुकाबलों की नई तारीखों की घोषणा जल्द करेगी। मुकाबले स्थगित होने से हेर्था का अगले महीने कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। हेर्था की टीम अभी 18 टीमों की तालिका में 15वें स्थान पर चल रही है और उस पर निचली लीग में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। अभी छह दौर के मुकाबले खेले जाने बाकी हैं।

## पहलवान पूजा कोरोना वायरस संक्रमित

हिसार (**हरियाणा**)। राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी पहलवान पूजा ढांडा ने शुक्रवार को बताया कि वह कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव मिली है। पूजा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। वह विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाली चौथी भारतीय महिला है। उन्होंने 2018 में 57 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक जीता था। हिसार की पूजा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मैं कोराना पॉजिटिव पाई गई हूं। जो लोग मेरे संपर्क में आए है वे जांच करवाए और पृथकवास में रहे। मैं भी पृथकवास में हूं।

## पीसीबी ने उमर अकमल अपील ठुकराई

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) विवादास्पद टेस्ट बल्लेबाज उमर अकमल को उनका 42.5 लाख रुपये का जुर्माना किस्तों में भरने की अनुमति नहीं देगा। पीसीबी ने आर्थिक परेशानी के उनके दावों को भी खारिज कर दिया। उमर अगर यह जुर्माना भर देंगे तो उनका क्रिकेट में वापसी का रास्ता साफ हो जाएगा। वह भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अनुच्छेदों के उल्लंघन के लिए प्रतिबंध झेल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उमर ने अपनी समस्या बोर्ड के समक्ष रखी और बोर्ड ने उनकी मौजूदा आर्थिक स्थिति को साबित करने के लिए आयकर और अन्य दस्तावेज सौंपने को कहा।

## ओलंपिक में नहीं खेल पाएंगे कोलमैन

लुसेन (**स्विट्जरलैंड**)। अमेरिका के सौ मीटर के विश्व चैंपियन फर्राटा धावक क्रिस्टियन कोलमैन तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले पाएंगे क्योंकि डोप परीक्षण नहीं देने के कारण लगे प्रतिबंध को हटाने को लेकर उनकी अपील को शुक्रवार को नकार दिया गया। खेल पंचाट (कैस) ने हालांकि 100 मीटर विश्व चैंपियन कोलमैन के प्रतिबंध को दो साल से घटाकर 18 महीने का कर दिया लेकिन यह प्रतिबंध नवंबर में खत्म होगा जबकि ओलंपिक इससे तीन महीने पहले ही हो जाएंगे। तीन जजों के पैनल ने कहा कि इन हालात में 18 महीने की सजा उचित होगी लेकिन एक साल के समय में तीन बार परीक्षण के लिए नहीं पहुंचने के दौरान एक बार पूरी तरह से कोलमैन की गलती नहीं थी।

## विहारी का काउंटी में निराशाजनक पदार्पण

**नाटिंघम।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ हनुमा विहारी का वारविकशर की ओर से इंग्लिश काउंटी पदार्पण निराशाजनक रहा जब वह यहां नॉटिंघमशर के खिलाफ खाता खोलने में भी नाकाम रहे। बर्मिंघम स्थित काउंटी की ओर से कम से कम तीन मैच खेलने के तैयारी कर रहे विहारी को 40 मिनट क्रीज पर बिताने के दौरान इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ काफी जूझना पड़ा। नाटिंघमशर के 88 ओवर में 273 रन पर आउट होने के बाद विहारी को वारविकशर की पहली पारी के दूसरे ओवर में क्रीज पर आने का मौका मिला लेकिन वह खाता भी नहीं खोल पाए।

## आर्सेनल यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

**लंदन।** पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे आर्सेनल एफसी ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण के मैच में स्लाविया पराग को 4-0 से हराकर कुल 5-1 के नतीजे के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। आर्सेनल ने चेक गणराज्य की टीम के खिलाफ पहले हाफ में 18वें से 24वें मिनट के अंदर तीन गोलकर मैच की शानदार शरुआत की। उसने मैच के 77वें मिनट में अपनी बढ़त को 4-0 किया। दोनों टीमों के बीच पहले दौर का मुकाबला 1-1 से बराबरी पर छूटा था। सेमीफाइनल में उनका सामना विलारीयाल से होगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मैनचेस्टर यूनाइटेड और रोमा के बीच होगा। यूनाइटेड ने स्पेन की टीम ग्रानाडा को 2-0 से हराकर कुल 4-0 की बढ़त के साथ अंतिम चार में जगह पक्की की।

## अदिति अशोक संयुक्त 35वें स्थान पर

कापोलेई (**अमेरिका**)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक लगातार दूसरे दौर में 69 के स्कोर के साथ यहां लोटे चैंपियनशिप में दो दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर चल रही हैं। पहले दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर छह अंडर 138 है। अदिति ने दूसरे दौर में चार बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। प्रायोजक के आमंत्रण पर खेल रही युवा सासो ने लगातार दूसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ बढ़त बना रखी है।

## स्टोक्स की सोमवार को होगी सर्जरी

**लंदन।** इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स के बाएं हाथ की फ्रैक्चर तर्जनी अंगुली की सोमवार को लीड्स में सर्जरी होगी जिससे वह लगभग के 12 सप्ताह के लिए खेल से दूर रहेंगे। स्टोक्स के दोबारा हुए, एक्स-रे और सीटी स्कैन से बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में फ्रैक्चर का पता चला था। उन्हें यह चोट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान लगी। वह अभी अपनी फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के साथ है लेकिन शनिवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को बताया कि बेन स्टोक्स 12 सप्ताह के लिए खेल से दूर रहेंगे। लीड्स में सोमवार को उन्हें सर्जरी करवाना होगा। स्टोक्स को यह चोट राजस्थान रॉयल्स के सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल के कैच को लपकने के लिए डाइव लगाते समय लगी थी। वह इस चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

## लीग के आयोजन से पहले एसओपी तैयार करें

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सॉकर संघ (डीएसए) को निर्देश दिया कि लड़कों के सीनियर वर्ग की फुटबॉल लीग के आयोजन से पहले वे मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर फैसला करें जिसमें जैविक रूप से सुरक्षित माहौल को तैयार करने से संबंधित प्रक्रिया भी हो जिसका टूर्नामेंट के दौरान पालन किया जाए। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने यह निर्देश डीएसए के यह सूचित करने के बाद दिया कि 13 अप्रैल को बैठक में लीग को फिलहाल निलंबित करने का फैसला किया गया। डीएसए ने अदालत को बताया कि वे टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर फैसला जून में ही करेंगे। डीएसए के जवाब पर अदालत ने कहा कि खेल प्रतियोगिता की शुरुआत से पहले फुटबॉल संघ फैसला करे कि एओपी क्या होंगी जिसमें जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से संबंधित नियम भी शामिल हों। इन निर्देशों के साथ अदालत ने हिन्दुस्तान फुटबॉल क्लब की याचिका का निपटारा कर दिया जिसमें देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए लड़कों की सीनियर डिविजन फुटबॉल लीग को निलंबित करने की मांग की थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह लीग 15 अप्रैल से शुरू होनी थी।

# मुंबई के खिलाफ सही संयोजन के साथ उतरेगा सनराइजर्स

मुकाबला आज

भाषा। चेन्नई

**सनराइजर्स** हैदराबाद की टीम शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियन्स की मजबूत टीम के खिलाफ सही संयोजन के साथ उतरने प्रयास करेगी जिससे कि लगातार दो हार के बाद जीत दर्ज करके अंकों का खाता खोल सके। डेविड वार्नर की अगुआई वाली सनराइजर्स की टीम को चेन्नई की पिच रास नहीं आ रही है और टीम 150 रन से भी कम के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही है। पहले दो मैचों में टीम को लक्ष्य का पीछा करने में परेशानी का सामना करना पड़ा है जिससे अंतिम एकादश में गहराई की कमी और मजबूत वैकल्पिक भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धता नहीं होना जैसी कमजोरियां उजागर हुई।

कप्तान वार्नर के अंतिम एकादश के चयन पर भी सवाल उठ रहे हैं। जॉनी बेयरस्टो और ऋद्धिमान साहा के रूप में दो विकेटकीपर को अंतिम एकादश में जगह देने से कोई मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। साहा सलामी बल्लेबाज के रूप में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए। साहा 2008 में पहले टूर्नामेंट से आईपीएल का हिस्सा है लेकिन उनके रिकॉर्ड को करीब से देखें तो पता चलता है कि वह निरंतर रन बनाने में नाकाम रहे हैं। डग आउट में केदार जाधव जैसे अनुभवी खिलाड़ी और प्रियम गर्ग तथा अभिषेक शर्मा के रूप में दो प्रतिभावान खिलाड़ियों की मौजूदगी से साहा को इस प्रदर्शन के साथ टीम में अधिक मौके मिलने की उम्मीद नहीं है। केदार और अभिषेक के साथ अगर टीम उतरती है तो उसे स्पिन गेंदबाजी का विकल्प भी मिलेगा।

विदेशी खिलाड़ियों में अंतिम एकादश में सिर्फ वार्नर और राशिद खान का चयन तय है और ऐसे में सनराइजर्स को पूरी तरह से फिट केन विलियमसन की जरूरत है क्योंकि स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ वह अच्छे बल्लेबाज हैं। मनीष पांडे और अब्दुल समद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद के खिलाफ जैसे शॉट खेले उससे वार्नर निराश होंगे। पांडे को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया और फिनिशर की भूमिका सही तरह से नहीं निभा पाने के कारण संभवतः उन्हें जल्दी ही दोबारा टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिले। आईपीएल के जरिए हालांकि पांडे के पास अपना दावा मजबूत करने का मौका है। वह उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने सबसे कम स्ट्राइक रेट के साथ 3000 आईपीएल रन पूरे किए हैं। टीम की गेंदबाजी भी चिंता का सबब है। टी नटराजन पिछले सत्र जैसी फॉर्म में नहीं हैं जबकि भुवनेश्वर कुमार भी महंगे साबित हुए हैं। रोहित शर्मा, क्विंटन डिकॉक, सूर्यकुमार यादव और इशान किशन जैसे मुंबई इंडियन्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को देखते हुए संदीप शर्मा और सिद्धार्थ कौल जैसे हैदराबाद की टीम के वैकल्पिक तेज गेंदबाज भी अधिक प्रभावी नजर नहीं आते। इस बात की संभावना कम है कि मुंबई की टीम अपनी अंतिम एकादश में बदलाव करेगी, विशेषकर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ। मुंबई इंडियन्स को हालांकि अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

## चाहर की शानदार गेंदबाजी, चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 107 रन का लक्ष्य

**मुंबई।** दीपक चाहर के शानदार शुरूआती स्पैल की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पंजाब किंग्स को आठ विकेट पर 106 रन के स्कोर पर रोक दिया। तमिलनाडु के पावर हिटर एम शाहरुख खान ही पंजाब के एकमात्र बल्लेबाज रहे जो क्रीज पर टिक सके जिन्होंने 36 गेंद में 47 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। लेकिन वह अंतिम ओवर में सैम करेन की गेंद पर आउट हो गए। दीपक चाहर ने अपने चार में से एक ओवर मेडन फेंका और 13 रन देकर चार विकेट हासिल किए। सैम करेन, मोईन अली और ड्वेन ब्रावो को एक एक विकेट मिला। चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजों ने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही ठहराते हुए पावरप्ले में पंजाब किंग्स के 26 रन पर चार विकेट झटक लिए। इसमें अहम भूमिका चाहर ने निभाई जिन्होंने पहले ही ओवर में मयंक अग्रवाल (शून्य) को खूबसूरत गेंद पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भी उन्होंने दबाव बनाए रखा और अपने चार ओवर के स्पैल में केवल दो चौके ही लगने दिए। फार्म में चल रहे पंजाब के कप्तान के एल राहुल (05) शार्ट कवर पर खड़े रविंद्र जडेजा के शानदार थ्रो से रन आउट हुए जो एक रन चुराने का प्रयास कर रहे थे। जडेजा ने इसके बाद पांचवें ओवर में डाइव करते हुए बेहतरीन कैच लपका और क्रिस गेल को 10 रन की पारी खत्म कर दी जो चाहर का दूसरा विकेट था।

# विनेश फोगाट और अंशु को स्वर्ण

एशियाई चैम्पियनशिप

भाषा। अलमाटी

**ओलंपिक** टिकट हासिल कर चुकी विनेश फोगाट (53 किग्रा) और युवा सनसनी अंशु मलिक (57 किग्रा) के साथ दिव्या काकरान (72 किग्रा) ने दमदार प्रदर्शन के साथ ने शुक्रवार को यहां एशियाई चैम्पियनशिप के फाइनल में अपने-अपने मुकाबले जीत कर स्वर्ण पदक हासिल किए। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक (65 किग्रा) को यहां रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा। पिछले काफी समय से लय हासिल करने में जूझ रही साक्षी का हौसला इससे जरूर बढ़ेगा।

कई बड़े खिलाड़ियों के बिना आयोजित इस प्रतियोगिता में विनेश का पूरा दबदबा कायम रहा और उन्होंने 53 किग्रा वर्ग में बिना अंक गंवाए पहली बार एशियाई चैम्पियनशिप का पीला तमगा हासिल किया। इससे पहले उन्होंने इस चैम्पियनशिप में सात पदक हासिल किए थे जिसमें तीन रजत पदक शामिल हैं। विनेश ने फाइनल में ताइपे की मेंग हसुआन हसिह के खिलाफ 6-0 की बढ़त हासिल करने के बाद उसे पूरी तरह से चित कर दिया। इस प्रतियोगिता में ताइपे की इस खिलाड़ी पर विनेश की यह दूसरी जीत है। विनेश ने शुरूआती चरण में मंगोलिया की ओटगोंजरगल गनबातर और हसिह के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जबकि सेमीफाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी को ह्युनयॉन्ग ओह चोट के कारण रिंग में नहीं उतरी। भारत ने इस प्रतियोगिता के महिलाओं के मुकाबले से कुल सात पदक हासिल किए जिसमें चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल है सरिता मोर (59 किग्रा) ने गुरुवार को स्वर्ण जीता था जबकि सीमा बिस्ला (50 किग्रा) और पूजा (76 किग्रा) को कांस्य पदक के साथ संतोष करना पड़ा था।

हाल ही में अंशु के साथ इसी स्थल पर ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले युवा पहलवान सोनम मलिक (62 किग्रा) चोटिल होने के कारण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकी। अंशु ने फाइनल में मंगोलिया की बत्सेत्सेग अल्टेंत्सेत्सेग को 3-0 से पछाड़कर सीनियर वर्ग में एक और बड़ा पदक हासिल किया। फाइनल में मंगोलियाई खिलाड़ी के पास अंशु के आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। इससे पहले 19 साल की अंशु ने शुरूआती दो बाउट में उज्बेकिस्तान की सेवारा इश्मुरतोवा और किर्गिस्तान की नाजिरा मार्सबेक कयजी को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर पटखनी दी।

**PUBLIC NOTICE**

The Public at large is hereby informed that Late Sh. Sikandar Lal S/o Late Sh. Shiv Lal Singh R/o 93, Anand Lok, New Delhi-110049 was having residential property, in our project Seven Elements flat no 4BHK/S-013/A-501, admeasuring 2505 sq.ft which his legal heirs Sh. Samrat Yadav and Smt. Shabeen Narang requested the company to be transfer to his son namely Sh. Samrat Yadav.

Any person having any objection on this please may contact the company officer details as under within 15 days after which No Claim would be accepted.

**Vatika Limited**
**A-002, Ground Floor,**
**Block A, Vatika INXT City Centre,**
**Sector-83, Gurugram**
**Haryana, INDIA - 122012**

# अश्विन से ओवर पूरे नहीं कराना बड़ी गलती थी: रिकी पोंटिंग



भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में गुरुवार रात तीन विकेट से हार के बाद स्वीकार किया कि आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को उनके कोटे के पूरे ओवर नहीं देना संभवतः गलती थी। अश्विन ने तीन ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और इस दौरान उनके खिलाफ कोई बाउंड्री नहीं लगी। दिल्ली की टीम 148 रन के लक्ष्य का बचाव कर रही थी।

क्रीज पर बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों डेविड मिलर (62) और राहुल तेवतिया (19) की मौजूदगी के बावजूद नए कप्तान ऋषभ पंत ने 13वें ओवर में अश्विन को बरकरार रखने के बजाए मार्कस स्टोइनिस को गेंद थमा दी। स्टोइनिस के इस ओवर में तीन चौके सहित 15 रन बने जिससे रॉयल्स का स्कोर पांच विकेट पर 58 रन से पांच विकेट पर 73 रन हो गया और टीम लय हासिल करने में सफल रही। पोंटिंग ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जब मुझे टीम के साथ बैठकर बात करने का मौका मिलेगा निश्चित तौर पर हम इस बारे में बात करेंगे। उसने शानदार गेंदबाजी की। तीन ओवर में 14 रन। उसके खिलाफ कोई बाउंड्री नहीं लगी। उन्होंने कहा कि पहला मैच उसके लिए निराशाजनक रहा था लेकिन पिछले कुछ दिनों में उसने कड़ी मेहनत की जिससे कि सुनिश्चित हो सके कि वह यहां परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाए और मैच में चीजें सही करे। पोंटिंग ने कहा कि मुझे लगता है कि आज रात उसने शानदार गेंदबाजी की। संभवतः हमारी ओर से यह गलती थी और इस बारे में हम बात करेंगे।

# एक हफ्ते में खेलने के लिए फिट हो जाऊंगा: विलियमसन

भाषा। चेन्नई

**कोहनी** की चोट के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के इंडियन प्रीमियर लीग में पहले दो मैचों से बाहर रहे न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन अच्छा तरह उबर रहे हैं और उनके एक हफ्ते के अंदर पूर्ण मैच फिटनेस हासिल करने की उम्मीद है। सनराइजर्स के मध्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वाले 30 साल के विलियमसन की बाईं कोहनी में चोट लगी थी जिसके कारण वह आईपीएल से पहले मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए थे। न्यूजीलैंड के कप्तान ने हालांकि शुक्रवार को कहा कि वह इस चोट से अच्छी तरह उबर रहे हैं। सनराइजर्स द्वारा ट्विटर पर डाले गए वीडियो में विलियमसन ने कहा, आपको पता है कि मेरा ध्यान जल्द से जल्द दर्द मुक्त होने पर है और हम सही दिशा में जा रहे हैं। उम्मीद है कि एक हफ्ते के भीतर फिट और तैयार हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास और रिहैबिलिटेशन के बीच संतुलन बना रहा हूं। लेकिन प्रगति काफी अच्छी है। इसलिए जल्द ही पूर्ण फिटनेस हासिल करने को लेकर आशावान हूं। यूएई में हुए आईपीएल के पिछले सत्र में विलियमसन ने सनराइजर्स के लिए 11 पारियों में 317 रन बनाए थे और टीम को प्ले आफ में जगह बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।

फॉर्म सं. आईएनसी – 26
{कंपनियों (निगमन) के नियम 30 के अनुसार नियम, 2014}
केंद्र सरकार के समक्ष
उत्तरी क्षेत्र बेंच, दिल्ली
कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 की उपधारा 4 और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप नियम (5) के खंड (क) के मामले में
और
मैसर्स श्री पुष्कर फोस्केम प्राइवेट लिमिटेड के मामले में जिनका बी–105, पहली मंजिल, वेलकम अपार्टमेंट सेक्टर–9, रोहिणी, दिल्ली, उत्तर पश्चिम, दिल्ली –110085 में अपना पंजीकृत कार्यालय है।........................याचिकाकर्ता

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि, कंपनी अधिनियम 2013, की धारा 13 के तहत, 23 फरवरी 2021, को आयोजित विशेष आम बैठक में पारित प्रस्ताव द्वारा; कंपनी अपने पंजीकृत (रजिस्टर्ड) कार्यालय को, "दिल्ली राज्य" से "राजस्थान" राज्य में स्थानांतरित करने हेतु एवम् अपने मैमोरैन्डम ऑफ कम्पनी में बदलाव करने का आवेदन करती है।

कोई भी व्यक्ति जिसको कि, उपरोक्त प्रस्तावना से हुए परिवर्तन से किसी भी प्रकार से हित व अन्य किसी प्रकार का कोई असर पड़ने की आशंका हो, वह अपनी आपत्ति/आपत्तियों के लिए, **निवेशक शिकायत फॉर्म** भरकर, **एम.सी.ए.पोर्टल पर (www.mca.gov.in)**, एक हलफनामे के साथ,जिस पर की उसकी आपत्ति व विरोध का आधार बताया गया हो, को, पंजीकृत डाक द्वारा, क्षेत्रीय निदेशक को **बी–2 विंग, दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली – 110003** पर भेज सकता है, इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि के 14 (चौदह) दिनों के भीतर आवेदक कंपनी को प्रतिलिपि के साथ इसके पंजीकृत कार्यालय पर नीचे दिए गए पते पर भेज सकता है:

**श्री पुष्कर फोस्केम प्राइवेट लिमिटेड**
(सीआईएन : U24233DL2009PTC191249)
बी –105 पहली मंजिल, वेलकम अपार्टमेंट सेक्टर – 9, रोहिणी, दिल्ली, उत्तर पश्चिम, दिल्ली –110085

के लिए और उनकी ओर से
श्री पुष्कर फॉस्कैम प्रा. लि.
एस/डी
अमित माखरिया
निदेशक
दिनांक : 17/04/2021
स्थान : दिल्ली
डीआईएन: 05327974

# राहुल चाहर विकेट लेने वाले गेंदबाज: शेन बांड

**चेन्नई।** मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने शुक्रवार को लेग स्पिनर राहुल चाहर की तारीफ करते हुए कहा कि 21 साल का यह खिलाड़ी विकेट झटकने वाला गेंदबाज है और टीम के बड़े खिलाड़ियों के बीच उनकी भूमिका कभी नहीं बदलती है। भारत के लिए तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेल चुके चाहर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 27 रन देकर चार विकेट चटकाए जिससे पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस उस छोटे स्कोर का बचाव करने में सफल रही थी। बॉन्ड ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को खेले जाने वाले मैच से पहले कहा कि वह बहुत अच्छा कर रहे हैं, अगर आप राहुल चाहर को देखें, तो वह अभी भी काफी युवा हैं, जिसने काफी क्रिकेट खेला है। वह हमारी लिए दबाव वाले मैच (फाइनल) भी खेला है और टीम का प्रमुख सदस्य हैं। खुद को और बेहतर बनाने के मामले में मुझे लगता है कि उसे अभी एक लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा कि वह अच्छा श्रोता है और मैदान पर उतर कर खेल की योजना को उतारना चाहता है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ वर्षों तक इसे जारी रखेगा। न्यूजीलैंड के लिए 18 टेस्ट और 82 एकदिवसीय खेल चुके बॉन्ड ने कहा कि टीम में राहुल चाहर की भूमिका बदलाव नहीं आता और टीम चाहती है कि वह विकेट लेने वाले गेंदें डाले। उन्होंने कहा कि हमारे पास पावर-प्ले में ट्रेंट बोल्ट, बूमरा (जसप्रीत बुमराह) जैसे शानदार गेंदबाज हैं।

# अरूणधति और चानू क्वार्टर फाइनल में

भाषा। नई दिल्ली

**खेलो** इंडिया खेलों की तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता अरूणधति चौधरी (69 किग्रा) और बेबीरोजिसाना चानू (51 किग्रा) ने पोलैंड के किल्से में चल रही पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है जबकि तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। विकास (52 किग्रा) और अर्शी खानम (54 किग्रा) हालांकि गुरुवार को दूसरे दौर के मुकाबलों में शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अरूणधति और बेबीरोजिसाना के अलावा आकाश गोरखा (60 किग्रा), सुमित (69 किग्रा) और गितिका (48 किग्रा) जीत दर्ज करने में सफल रहे। अरूणधति ने कोलंबिया की डेयानिएथ केसस जेरेज को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई जहां उनका सामना यूक्रेन की अन्ना सेन्को से होगा। यूक्रेन की मुक्केबाज को पहले दौर में बाई मिली थी। बेबीरोजिसाना ने एस्टोनिया की डायना गोरिसनाजा को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। मणिपुर की मुक्केबाज के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रैफरी को दूसरे राउंड में ही मुकाबला रोकना पड़ा।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Sh. Gorang Dixit is owner of Property/Plot No.-II-B/112, area measuring 90.12 sq. mtrs., Situated at Vaishali, Tehsil-Dadri, Distt-Ghaziabad. (U.P); the said property, by virtue of Sale deed dated 15.06.1996, Registration No. 3111, has lost / misplaced Original Sale Deed, dated 11.04.1996 executed by GDA, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 15 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

CSB Bank
Formerly The Catholic Syrian Bank Ltd.
(पूर्वतः दि कैथोलिक सीरियन बैंक (नई दिल्ली शाखा : जी–36, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली–110001 में अवस्थित)

स्वर्ण नीलामी सूचना

सीएसबी बैंक लिमिटेड, नई दिल्ली शाखा ने निम्नवर्णित कर्जदार/कर्जदारों को स्वर्ण आभूषणों के बंधक के एवज में स्वर्ण ऋण प्रदान किया था। उनको सूचना जारी की गई थी, जिसमें उनसे राशि और उस पर ब्याज तथा प्रभारों को चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि वे संबंधित खाता/खातों में बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, हम सार्वजनिक नीलामी में स्वर्ण आभूषणों की बिक्री द्वारा राशि वसूल करने हेतु बाध्य हैं और यदि नीलामी से अपेक्षित राशि वसूल नहीं होती है, तो बैंक प्राइवेट ट्रीटीज/कॉन्ट्रैक्ट द्वारा बिक्री की कार्यवाही करेगा। बैंक का, बिना कोई कारण बताए, नीलामी की तिथि और स्थान आगे बढ़ाने/बदलने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम | बंधक आइटम्स का सकल भार (ग्राम में) | अतिदेय स्वर्ण ऋण खाता नंबर | राशि | 31–03–2021 तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरविंद | 45.44 grams | 0205-04213245-000001 | 146118/- | 1,54,307/- |

नीलामी सीएसबी बैंक लिमिटेड, नई दिल्ली शाखा के जी–36, आउटर सर्किल, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली–110001 स्थित परिसर में 23–04–2021 को अप. 03.00 बजे आयोजित की जाएगी। इच्छुक पार्टियां शाखा प्रबंधक से उपरोक्त पते पर सम्पर्क कर सकती हैं। प्रतिभागियों को नीलामी की तिथि को नीलामी में पैन कार्ड की प्रति, पासपोर्ट आकार की फोटो, वैध पहचान प्रमाण और पता प्रमाण के साथ भाग लेना चाहिए।

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 13–04–2021
शाखा प्रबंधक

# सेंसेक्स व निफ्टी में मामूली लाभ साप्ताहिक आधार पर नुकसान में

भाषा। मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच शुक्रवार को बीएसई में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी मामूली लाभ के साथ बंद हुए, यह लगातार तीसरा कारोबारी सत्र है जबकि बाजार लाभ के साथ बंद हुए। हालांकि, इसके बावजूद बाजार साप्ताहिक आधार पर कुल नुकसान की भरपाई नहीं हो सकी। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में जबर्दस्त सुधार तथा वैश्विक बाजारों में तेजी से रुख से यहां बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 28.35 अंक या 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48,832.03 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 36.40 अंक या 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,617.85 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 3.07 प्रतिशत चढ़ गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, ओएनजीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा और नेस्ले इंडिया के शेयर भी लाभ में रहे।

वहीं दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, एसबीआई, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.55 प्रतिशत तक टूट गए। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 759.29 अंक या 1.53 प्रतिशत टूटा। वहीं निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर 217 अंक या 1.46 प्रतिशत का नुकसान दर्ज हुआ। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि कोविड की दूसरी लहर में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक दिन में दो लाख से अधिक मामलों का आंकड़ा पार हो गया है। इससे निश्चित रूप से आमदनी की रफ्तार को कायम रख पाना मुश्किल होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार के टीकाकरण में तेजी के प्रयासों तथा महाराष्ट्र और दिल्ली में पूरी तरह लॉकडाउन नहीं लगाए जाने की वजह से शेयरों को कुछ राहत मिली है, लेकिन अन्य राज्यों द्वारा व्यापक आर्थिक अंकुश की संभावनाओं से निकट भविष्य में निवेशकों की धारणा प्रभावित हो सकती है।

## मारुति की कारें 22,500 रुपये तक महंगी हुई

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने विभिन्न मॉडलों के दाम 22,500 रुपए तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से उसे यह कदम उठाना पड़ रहा है। यह मूल्यवृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू होगी। कंपनी ने कहा कि सेलेरियो और स्विफ्ट को छोड़कर सभी मॉडलों के दाम बढ़ाए गए हैं। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में मारुति ने कहा, विभिन्न लागत में बढ़ोतरी की वजह से कंपनी को चुनिंदा मॉडलों के दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। दिल्ली शोरूम में विभिन्न मॉडलों के दाम औसतन 1.6 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं। कंपनी ने कहा कि नई कीमतें शुक्रवार से ही लागू हो गई हैं। कंपनी भारतीय बाजार में आल्टो से लेकर एस-क्रॉस तक विभिन्न मॉडल बेचती है।

**MODIFICATION IN FORM G**
**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST**

**(Published in accordance with Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016.**

In modification to the Form G published on March 31, 2021 in Indian Express (Mumbai, Ahmednagar, Shirdi and Nashik) and Pudhari (Mumbai Edition), Pudhari (Ahmednagar, Shirdi, Nashik, The Pioneer (English and Hindi) (Delhi NCR edition) w.r.t Kopargaon Ahmednagar Tollways (Phase 1) Private Limited, it shall be noted that the last date for submission of Expression of Interest has been extended from **April 15, 2021 to April 22, 2021.** The revised timelines are mentioned in the modified Form-G uploaded on the website of Insolvency and Bankruptcy Board of India.

**Notes:**

1. The dates mentioned above are subject to grant of extension/ exclusion of/ from the CIRP period by the Adjudicating Authority.
2. The RP / COC shall have discretion to change the criteria for the EOI at any point of time.
3. RP / COC reserves the right to cancel or modify the process / application without assigning any reason and without any liability whatsoever.
4. Detailed invitation for expression of interest specifying criteria, ineligibility norms under section 29A of Code etc. can be requested through email on katpl@sumedhamanagement.com

**Sd/-**
**Mr. Udayraj Patwardhan**
**Resolution Professional for Kopargaon Ahmednagar Tollways (Phase I) Private Limited**
**IP Registration No.: IBBI/IPA-001/IP-P00024/2016-2017/10057**
**Date: Friday, April 16, 2021, Place: Mumbai**

| Name, Address and e-mail of the resolution professional, as registered with the Board: | Address and e-mail to be used for correspondence with the resolution professional: |
|---|---|
| **Name:** Mr. Udayraj Patwardhan<br>**Address:** Sumedha Management Solutions Private Limited, C 703, Marathon Innova, Lower Parel West, Mumbai-400013.<br>**Email ID:** udayraj_patwardhan@sumedhamanagement.com | **Address:** Sumedha Management Solutions Private Limited, 809-810, 8th Floor, B Wing, Trade World, Kamala Mills Compound, Lower Parel (West), Mumbai-400013<br>**Email ID:** katpl@sumedhamanagement.com |

# अमेरिका में फेडेक्स केंद्र में गोलीबारी, आठ की मौत

एपी। इंडियानापोलिस (अमेरिका)

**इंडियानापोलिस में** फेडेक्स के एक केंद्र पर बृहस्पतिवार रात को हुई गोलीबारी की घटना में आठ लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता जिनी कुक ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि इस घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं जिन्हें स्थानीय अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। कम से कम चार लोगों को अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल है। दो अन्य को घटनास्थल पर ही उपचार दिया गया। इस घटना में कोई कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल नहीं हुआ है। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि बंदूकधारी ने स्वयं को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। कुक ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार की रात की है। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो वहां पर गोलीबारी चल रही थी।

फेडेक्स की ओर से शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी किया गया जिसमें कहा गया कि अधिकारियों के साथ सहयोग किया जा रहा है। इसमें कहा गया, इंडियानापोलिस हवाईअड्डे के निकट हमारे फेडेक्स केंद्र पर हुई गोलीबारी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से हम अवगत हैं। सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है और प्रभावित लोगों के प्रति हमारी संवदेनाएं हैं। फेडेक्स केंद्र में काम करने वाले घटना के एक चश्मदीद ने बताया कि गोलियों की आवाज आई और उसके बाद उसने एक बंदूकधारी को वहां देखा।

### भारतीय मूल के व्यक्ति ने कहा इंडियानापोलिस गोलीबारी में उसकी भतीजी भी घायल हुई

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने कहा कि अमेरिका के इंडियानापोलिस शहर के फेडएक्स में गोलीबारी की घटना में घायल हुए लोगों में उसकी भतीजी भी शामिल है। खबरों के मुताबिक इसमें आठ लोगों की मौत हुई थी। इंडियानापोलिस मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात हुई गोलीबारी में कम से कम आठ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।भारतीय मूल की लड़की अपनी कार में चालक सीट पर बैठी थी तभी गोलीबारी शुरू हो गई। यह जानकारी उसके चाचा परमिंदर सिंह ने स्थानीय समाचार चैनल डब्ल्यूटीटीवी को दी। सिंह ने कहा, मैं घर में सोया था तभी उसका फोन आया। उसने बताया कि फेडएक्स में गोलीबारी चल रही है। इसलिए वह ब्राउंसबर्ग चली गई। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में वह घायल हो गई। सिंह ने कहा, उसके बाएं हाथ में गोली लगी। वह ठीक है और अभी अस्पताल में है।



पेट्रोपोलिस। सैन्य पुलिस अधिकारी एवराल्डो पिंटो ब्राजील के रियो डी जनेरियो में कोविड 19 महामारी के बीच बच्चों के हाथों पर शराब छिड़कते हुए।

## अमेरिकी बलों पर हमले के लिए रूस के ईनाम देने संबंधी खुफिया जानकारी पुख्ता नहीं: व्हाइट हाउस

एपी। वाशिंगटन



**व्हाइट हाउस** ने कहा है कि खुफिया विभाग के पास इस बात के पुख्ता सबूत नहीं है कि रूसी खुफिया अधिकारियों ने तालिबान को अफगानिस्तान में अमेरिकी बलों पर हमले के लिए उकसाया। इस मामले को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य डेमोक्रेटिक नेताओं ने 2020 में हुए चुनाव में देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला था, लेकिन यह ताजा आकलन इस हमले के आधार को कमजोर करता है। अमेरिका ने पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने और अमेरिकी संघीय एजेंसियों में सेंधमारी करने के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए बृहस्पतिवार को उसके 10 राजनयिकों को निष्कासित करने तथा 30 से अधिक लोगों एवं प्रमुख वित्तीय संस्थानों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इस बीच, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुफिया रिपोर्ट की समीक्षा के बाद खुफिया समुदाय ने निष्कर्ष निकाला कि उसे रिपोर्ट की प्रामाणिकता पर कम एवं मध्यम स्तर का विश्वास है।

उन्होंने बताया कि यह रिपोर्ट हिरासत में लिए गए अफगान नागरिकों से प्राप्त की गई जानकारी पर आधारित है और रिपोर्ट के लिए जानकारी एकत्र करने के तरीकों के कारण इसकी प्रामाणिकता पर कम भरोसा है। साकी ने कहा कि रिपोर्ट पर कम से मध्यम स्तर का भरोसा होने का एक कारण यह है कि यह हिरासत में बंद लोगों से मिली जानकारी पर आधारित है। द एसोसिएटेड प्रेस ने जून में कहा था कि ट्रंप के व्हाइट हाउस के अधिकारियों को गठबंधन बल के सैनिकों पर हमलों के लिए 2019 और 2020 में कथित रूप से इनाम देने के बारे में बताया था। तत्कालीन सुरक्षा सलाहकार रोबर्ट ओ ब्रायन ने उस समय कहा था कि ट्रंप को इस बारे में जानकारी नहीं दी गई थी, क्योंकि इन खुफिया रिपोर्ट की पुष्टि नहीं हुई थी। रक्षा अधिकारियों एवं सैन्य कमांडरों ने भी इस बार कहा है कि कथित इनाम संबंधी खबरों की रक्षा खुफिया एजेंसियों ने पुष्टि नहीं की है और उन्हें रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर भरोसा नहीं है। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप, असंतुष्टों पर कार्वाई, साइबर अपराध और क्रीमिया पर कब्जे के कारण रूस के खिलाफ हाल में प्रतिबंध लगाए गए हैं, लेकिन ए प्रतिबंध अमेरिकी बलों की हत्या करने पर कथित रूप से इनाम देने की रिपोर्ट के कारण नहीं लगाए गए हैं।

### अफगानिस्तान में शांति के राजनयिक प्रयासों के समर्थन के लिए पाकिस्तान पर दबाव बनाता रहेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए (सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी) के निदेशक विलियम बर्न्स ने कहा है कि अफगानिस्तान में शांति सुनिश्चित करने के राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए अमेरिका पाकिस्तान पर दबाव बनाता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के दीर्घकालिक हित में है कि उसके युद्धग्रस्त पड़ोसी देश में असुरक्षा और अस्थिरता नहीं रहे क्योंकि इससे स्वयं उसके अपने हित प्रभावित होंगे। बर्न्स हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के अध्यक्ष एडम शिफ के सवाल का जवाब दे रहे थे। बृहस्पतिवार को एक बैठक में शिफ ने पूछा था, अफगानिस्तान से हमारे सैनिकों की वापसी का आपके खयाल से पाकिस्तान से तालिबान के संबंधों, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के हक्कानी नेटवर्क और अन्य से संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ेगा? अमेरिकी सेना की अनुपस्थिति में इनमें क्या बदलाव आएगा? इस पर बर्न्स ने कहा, राजनयिक प्रयासों के समर्थन में आज पाकिस्तान सकारात्मक भूमिका निभा रहा है, कम से कम उन प्रयासों में जो अमेरिका तथा अन्य देश कर रहे हैं ताकि अफगानिस्तान की सरकार और तालिबान के बीच जो गहरी खाई है से पाटी जा सके।

## ब्रिटेन को कोरोना वायरस के पहली बार भारत में 77 प्रकार के मामले मिले

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** स्वास्थ्य अधिकारियों ने कोरोना वायरस के बेहद संक्रामक प्रकार बी.1.617 के 77 मामलों की पहचान की है और इसे जांच के अधीन वाले प्रकार (वीयूआई) के तौर पर निर्धारित किया है। यह कोविड-19 के लिए जिम्मेदारर वायरस का वही प्रकार है जो पहली बार भारत में मिला था। ब्रिटेन में चिंता वाले वायरस के प्रकारों (वीओसी) और वीयूआई के नए मामलों पर साप्ताहिक जानकारी जारी करे वाले पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड (पीएचई) ने बृहस्पतिवार को बताया कि पहली बार भारत में मिले वायरस के इस प्रकार ने कई बार रूप बदला है। पीएचई की साप्ताहिक रिपोर्ट में कहा गया, एक नए प्रकार को पीएचई ने जांच अधीन प्रकार (वीयूआई) माना है। पहली बार भारत में मिले इस प्रकार ने कई बार रूप बदला है और इसके परिवर्तित रूपों में ई484क्यू, एल452आर और पी681आर शामिल हैं।

इसने कहा, पीएचई ने ब्रिटेन में इस प्रकार के 77 मामलों की पहचान की है और सभी उचित जन स्वास्थ्य हस्तक्षेप किए जाएंगे जिनमें संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने का काम तेजी से होगा। वायरस के इस प्रकार को वीयूआई-21 अप्रैल-01 तय किया गया है। पीएचई और अंतरराष्ट्रीय साझेदार स्थिति पर करीब से नजर रखना जारी रखेंगे। बी.1.617 प्रकार के रूपांतरित प्रकारों के बारे में आशंका है कि वे तेजी से फैलते हैं और कुछ हद तक रोग प्रतिरोधक क्षमता इन्हें नहीं रोक पाती है। समझा जाता है कि भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के लिए बहुत हद तक यह प्रकार जिम्मेदार है जहां संक्रमण की दर और मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत फिर से बढ़ गई है। इसी के चलते ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस महीने के अंत में तय अपनी भारत यात्रा की अवधि को कम करने का फैसला किया है जहां बहुत से तय कार्यक्रमों को अब 26 अप्रैल को ही पूरा करना तय किया गया है।

जॉनसन के प्रवक्ता ने कहा, हम भारत में कोविड-19 की स्थिति के मद्देनजर प्रधानमंत्री की आगामी यात्रा को लेकर भारत सरकार से करीबी संपर्क में हैं। इन चर्चाओं के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री ने इस माह के अंत में निर्धारित अपनी यात्रा की अवधि कम कर नई दिल्ली में एक संक्षिप्त कार्यक्रम तक सीमित करने का फैसला किया है। भारत फिलहाल देशों की उस लाल सूची में नहीं है जिसके तहत भारत और ब्रिटेन की यात्रा करने वालों को होटल में सख्त पृथक-वास में रहना होगा। अगर ब्रिटेन में भारतीय बी.1.617 प्रकार को लेकर और चिंताएं बढ़ती हैं तो इसे वीयूआई की जगह चिंताजनक प्रकार (वीयूसी) की श्रेणी में डाल दिया जाएगा।



पेरिस। ओलेना ज़ेलेंस्का पेरिस में एलिसी महल में वर्किंग लंच से पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रॉन यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ

## बाइडन ने रूस के साथ सामरिक स्थिरता वार्ता का प्रस्ताव दिया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप के सिलसिले में 10 रूसी राजनयिकों को निष्कासित करने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस के साथ सामरिक स्थिरता वार्ता का प्रस्ताव पेश किया है। दोनों देशों के अधिकारियों ने आगामी दिनों में शिखर सम्मेलन की संभावना पर चर्चा की थी।

अमेरिका ने पिछले साल के राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने और संघीय एजेंसियों में हैकिंग के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए बृहस्पतिवार को 10 रूसी राजनयिकों को निष्कासित करने और कई कंपनियों तथा संस्थानों समेत 30 से अधिक लोगों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। प्रतिबंध लगाए जाने से संबंधित शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद बाइडन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि रूस के अपने समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर हुई बात में उन्होंने दोनों देशों के सामने मौजूद कई मुद्दों के समाधान के लिए आगामी दिनों में यूरोप में शिखर सम्मेलन का प्रस्ताव दिया। बाइडन ने कहा, हमारी टीम इसकी संभावना पर फिलहाल चर्चा कर रही है। अगर यह शिखर सम्मेलन होता है और मेरा मानना है कि यह होगा, तो अमेरिका और रूस हथियारों के नियंत्रण एवं सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग शुरू करने के लिए सामरिक स्थिरता वार्ता शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ईरान और उत्तर कोरिया से परमाणु खतरों और कोविड-19 महामारी को खत्म करने समेत ऐसे कई वैश्विक मुद्दे हैं जिन पर अमेरिका और रूस को मिलकर काम करने की जरूरत है।बातचीत के दौरन बाइडन ने यूक्रेन की सीमा और क्रीमिया में रूसी सैनिकों के निर्माण कार्य पर चिंता जताई।

## क्विक न्यूज

### एसोसिएट अटॉर्नी जनरल पद पर वनिता गुप्ता के नामांकन की पुष्टि के लिए सीनेट में होने वाला मतदान टला

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की, नागरिक अधिकार अधिवक्ता वनिता गुप्ता के एसोसिएट अटॉर्नी जनरल के पद पर नामांकन की पुष्टि के लिए होने वाले मतदान की प्रक्रिया को अगले सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। हालांकि इससे पहले उनकी उम्मीदवारी पर कई घंटों तक बहस हुई थी। उल्लेखनीय है कि एसोसिएट अटॉर्नी जनरल का पद न्याय विभाग में तीसरा सबसे बड़ा पद है।विपक्षी रिपब्लिकन सदस्यों ने 46 वर्षीय गुप्ता के नामांकन का मौखिक रूप से विरोध किया। पिछले हफ्ते गुप्ता को लेकर हुई बहस में रिपब्लिकन सदस्यों ने उनके नामांकन का विरोध करते हुए उनके उन ट्वीट का हवाला दिया जिनमें रिपब्लिकन सदस्यों की आलोचना की गई थी। गुप्ता के नामांकन को मंजूरी के लिए मतदान अगले हफ्ते तक स्थगित करने का कोई कारण नही बताया गया। हालांकि सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने भरोसा जताया कि वनिता गुप्ता एसोसिएट अटॉर्नी जनरल जरूर बनेंगी और इस तरह वह इस पद पर आसीन होने वाली पहली अश्वेत होंगी। शूमर ने कहा, सीनेट एसोसिएट अटॉर्नी जनरल पद के लिए वनिता गुप्ता के नामांकन पर मुहर लगाने के लिए जल्द ही मतदान करेगा। प्रवासी परिवार की बेटी गुप्ता इस पद पर आसीन होने वाली पहली अश्वेत महिला और पहली नागरिक अधिकार अधिवक्ता होंगी। शूमर ने कहा कि रिपब्लिकन सदस्यों के विरोध के बावजूद उनके नामांकन को मंजूरी मिलेगी।

### ओसीआई कार्ड की प्रक्रिया में सुधार का भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने किया स्वागत

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने अनिवासी भारतीय (ओसीआई) कार्ड की वैधता को बनाए रखने की प्रक्रिया को सरल करने के भारत सरकार के फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि इससे विदेशों में रहने वाले अधिक से अधिक भारतीय इस तरह की प्रक्रिया को चुन सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार ओसीआई कार्डधारकों को अपने कार्ड को कई बार जारी कराते रहने के मौजूदा नियम के बजाय अब 20 साल उम्र होने पर ही दस्तावेज को पुनः जारी कराना होगा। ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पीपुल ऑफ इंडियन ओरिजिन (जीओपीआईओ) के अध्यक्ष डॉ. थॉमस अब्राहम ने बृहस्पतिवार को पीटीआई से कहा, इससे 20 से 50 साल की उम्र के कई ओसीआई कार्ड धारकों में कार्ड पुनः जारी कराने की प्रक्रिया को लेकर भ्रम दूर होगा और किसी को भी ओसीआई कार्ड पुनः जारी कराने के लिए पूरी प्रक्रिया से नही गुजरना होगा। उन्होंने कहा, इससे विदेशों में रहने वाले अधिक से अधिक भारतीयों को ओसीआई बनने का प्रोत्साहन मिलेगा तथा इससे भारत में उनकी यात्रा तथा निवेश से देश को भी लाभ होगा। विदेशों में रहने वाले भारतीयों में बेहद लोकप्रिय ओसीआई कार्ड उन्हें लंबे समय तक वीजामुक्त यात्रा और भारत में रहने की सुविधा प्रदान करता है। इससे कार्डधारकों को कई सुविधाएं मिलती है जो आम तौर पर किसी विदेशी नागरिक को नही मिलती है। भारत ने अब तक करीब 37.72 लाख ओसीआई कार्ड जारी किए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा, ओसीआई कार्डधारकों की सुविधा को देखते हुए भारत सरकार ने यह फैसला किया है।

### बाइडन और सुगा क्वाड की अगली व्यक्तिगत बैठक की शुक्रवार को कर सकते हैं घोषणा: अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और जापान के प्रधानमंत्री सुगा योशिहिदे चतुष्पदीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के सदस्य नेताओं के बीच आमने-सामने की आगामी बैठक की शुक्रवार को घोषणा कर सकते है, जिसमे भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भी भाग लेंगे। सुगा बृहस्पतिवार रात को यहां पहुंचे और वह शुक्रवार को व्हाइट हाउस में बाइडन से मुलाकात करेंगे। बाइडन कोविड-19 वैश्विक महामारी के बीच किसी अन्य देश के नेता के साथ पहली बार आमने-सामने की बैठक करेंगे। अमेरिका के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, क्वाड भले ही एक अनौपचारिक बैठक है, लेकिन हम इसे हिंद-प्रशांत संबंधी नीति को आगे ले जाने में अहम मानते हैं। अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि बाइडन और सुगा क्वाड के संबंध में चर्चा करेंगे। उन्होने बताया कि चारो नेताओ की आमने-सामने की आगामी बैठक के समय पर चर्चा और इस संबंध मे घोषणा कर सकते है। अधिकारी ने कहा, मुझे लगता है कि दोनो नेता इसकी (क्वाड की) समीक्षा करेंगे और क्वाड संबंधी भविष्य की योजनाओ को रेखांकित करेंगे। क्वाड भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का समूह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, बाइडन और सुगा ने 12 मार्च को पहला डिजिटल शिखर सम्मेलन किया था। यह सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता की पृष्ठभूमि में किया गया था। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि बाइडन और सुगा कोविड-19 टीके पर भी चर्चा करेंगे।

### पाकिस्तान ने हिंसक प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया की सेवाएं रोकीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक कट्टरपंथी धार्मिक संगठन के हिंसक प्रदर्शनो के बाद ट्विटर, फेसबुक और व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया मंचों की सेवाओं पर शुक्रवार को अस्थाई रोक लगा दी ताकि इनका इस्तेमाल प्रदर्शनो के आयोजन के लिए न किया जा सके। उक्त संगठन को सरकार की तरफ से अब प्रतिबंधित कर दिया गया है। सरकार ने तहरीक-ए-लबैक पाकिस्तान (टीएलपी) के तीन दिन के हिंसक प्रदर्शनो के बाद बृहस्पतिवार को उसे प्रतिबंधित कर दिया। यह संगठन सरकार पर फ्रांस मे पिछले साल प्रकाशित कथित ईश निंदात्मक कार्टून को लेकर वहां के राजदूत को निष्कासित करने का दबाव बनाना चाहता था। टीएलपी ने अपने मुखिया साद हुसैन रिजवी की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए थे। टीएलपी समर्थको की कई शहरो और कस्बो मे इस हफ्ते की शुरुआत में पुलिस से हिंसक झड़प हुई जिसमे सात लोगो की मौत हो गई और करीब 300 पुलिसकर्मी घायल हो गए। शुक्रवार की नमाज के बाद प्रदर्शनो को रोकने के लिए, आंतरिक मामलो के मंत्रालय ने पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चार घंटे के लिए सोशल मीडिया की सेवाओं को बंद रखने का निर्देश दिया। पीटीए ने एक अधिसूचना मे कहा कि, सोशल मीडिया मंचो (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सऐप, यूट्यूब और टेलीग्राम) पर पहुंच पूरी तरह अवरुद्ध हो। पीटीए ने सेवाओ पर रोक के कारण नही बताए लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि ऐसी आशंका थी कि प्रदर्शनकारी प्रदर्शनो के आयोजन के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते है।

### जलवायु परिवर्तन पर भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर विधेयक अमेरिकी संसद में पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 10 सीनेटरों के एक समूह ने एक व्यापक अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन विधेयक पेश किया है, जिसमे व्हाइट हाउस द्वारा अगले सप्ताह आयोजित किए जाने वाले विभिन्न देशो के नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले इस क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को फिर से मजबूत करने समेत जलवायु परिवर्तन से निपटने में मददगार विभिन्न बातो का जिक्र किया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 22 और 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विश्व के 40 नेताओं को आमंत्रित किया है। सीनेट विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष एवं सीनेटर बॉब मेनेंडेज ने नौ अन्य डेमोक्रेटिक सदस्यो के साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन के अंतरराष्ट्रीय न्यूनीकरण, अनुकूलन और प्रौद्योगिकी संवर्धन में अमेरिका के नेतृत्व संबंधी विधेयक (अमेरिकी जलवायु विधेयक 2021) को पेश किया। मेनेंडेज ने कहा कि इस विधेयक मे जलवायु परिवर्तन संबंधी व्यापक विदेश नीति पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित किया गया है।

## न्यूयॉर्क में नदी में तैरता मिला भारतीय मूल के गणितज्ञ का शव

भाषा। न्यूयॉर्क

**क्रिप्टोकरंसी (आभासी** मुद्रा) एवं कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में कार्यरत भारतीय मूल के 31 वर्षीय गणितज्ञ का शव यहां हडसन नदी में बहता मिला। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि गणितज्ञ शुब्रो बिस्वास संभवत: मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट ने बताया कि शुब्रो का शव नदी में मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुब्रो की मौत के पीछे किसी प्रकार का षड्यंत्र होने का तत्काल कोई सबूत नहीं मिला है। शुब्रो के भाई बिप्रोजीत बिस्वास (34) ने बताया कि वह और उनका परिवार इस खबर से बहुत दु:खी हैं। बिप्रोजीत ने बताया कि शुब्रो मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे और उनके परिवार ने इससे उबरने में उनकी मदद करने की पूरी कोशिश की, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। बिप्रोजीत के हवाले से समाचार पत्र ने कहा, हम पूरी तरह टूट गए हैं। उन्होंने कहा, वह बहुत अच्छा इंसान था। बिप्रोजीत ने बताया कि उनका भाई क्रिप्टोकरंसी सुरक्षा कार्यक्रम पर काम कर रहा था। ऑनलाइन उपलब्ध प्रोफाइल के अनुसार शुब्रो ने कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में भी काम किया था। बिप्रोजीत ने बताया कि परिवार को पिछले एक साल से शुब्रो के व्यवहार में बदलाव नजर आने लगा था, लेकिन वह अपनी बातें अकसर किसी के साथ साझा नहीं करते थे। शुब्रो के परिवार ने उससे किसी से अपने मन की बात साझा करने की अपील की थी। उन्होंने कहा, हमने उसे पेशेवर मदद लेने के लिए मनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह हमेशा इस बात से इनकार कर देता था कि उसे किसी मनोचिकित्सक की मदद की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, शुब्रो के अपार्टमेंट के प्रबंधन ने आग लगाने, खुलेआम चाकू दिखाकर डराने और लिफ्ट में खून के धब्बे लगाने समेत कथित अजीबो-गरीब कृत्यों के कारण उन्हें इमारत से निकाले जाने का अनुरोध करते हुए मैनहट्टन सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शहर के चिकित्सकीय जांच अधिकारी शुब्रो की मौत के कारण का पता लगाएंगे।

## पाकिस्तान की पनाहगाहों ने तालिबान की कामयाबी में बहुत मदद की है: अमेरिकी सीनेटर

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक वरिष्ठ सांसद ने कहा है कि अफगानिस्तान में तालिबान के जड़ें जमाने के पीछे वजह पाकिस्तान में मौजूद उसकी सुरक्षित पनाहगाहें हैं। एक दिन पहले ही वाशिंगटन ने युद्धग्रस्त देश से 11 सितंबर तक अपने सभी सैनिकों को वापस बुलाने की योजना की घोषणा की है। सीनेट आर्म्ड सर्विस कमेटी के अध्यक्ष जैक रीड ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा, तालिबान के सफल होने में बहुत बड़ा योगदान इस तथ्य का है कि तालिबान को पाकिस्तान में मिल रही सुरक्षित पनाहगाह को खत्म करने में अमेरिका विफल रहा है। हाल के एक अध्ययन का हवाला देते हुए रीड ने कहा कि पाकिस्तान में तालिबान की सुरक्षित पनाहगाह होना और इंटर सर्विसेस इंटेलिजेंस (आईएसआई) जैसे संगठनों के जरिए वहां की सरकार से समर्थन मिलना तालिबान के युद्ध को जारी रखने के लिए आवश्यक है और सुरक्षित पनाहगाहों को नष्ट नहीं कर पाने की अमेरिका की विफलता इस युद्ध में वाशिंगटन की सबसे बड़ी गलती है। उन्होंने कहा, जैसा कि अफगान स्टडी समूह (कांग्रेस के निर्देश के तहत कार्यरत) ने कहा कि आतंकवाद के लिए ए पनाहगाह जरूरी हैं। इसके अलावा पाकिस्तान की आईएसआई ने अवसरों का फायदा उठाने के लिए अमेरिका के साथ सहयोग करते हुए तालिबान की मदद की। रीड ने कहा कि 2018 के आकलन के अनुसार पाकिस्तान ने प्रत्यक्ष सैन्य और खुफिया सहयोग प्रदान किया जिसके नतीजतन अमेरिकी सैनिक, अफगान सुरक्षा बल के जवान और नागरिक मारे गए तथा अफगानिस्तान में बहुत तबाही हुई। उन्होंने कहा, तालिबान को यह समर्थन पाकिस्तान द्वारा अमेरिका के सहयोग के विरोधाभासी है उन्होंने अपने हवाई क्षेत्र और अन्य अवसंरचनाओं के इस्तेमाल की भी अनुमति दी जिसके लिए अमेरिका ने बहुत आर्थिक मदद की है। रीड ने कहा, अफगान स्टडी समूह के अनुसार पाकिस्तान ने दोनों ओर फायदा उठाने की कोशिश की। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान इन सबके साथ खुद भी कमजोर हो रहा है और परमाणु हथियार संपन्न होने के कारण यह खतरनाक है। रीड के मुताबिक, इन सबके ऊपर पाकिस्तान का अपने पड़ोसी देश भारत से लंबे समय से संघर्ष चल रहा है और भारत भी परमाणु हथियारों से संपन्न देश है। सीनेटर ने कहा कि पाकिस्तान और भारत लंबे समय से दक्षिण एशिया में संघर्ष में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान से अमेरिका और उसके गठबंधन सहयोगियों के सैनिकों की वापसी के फैसले के पीछे एक वजह है कि वे ऐसी अफगान सरकार का गठन नहीं करा सके जो जनता का विश्वास हासिल कर सके और शहरों से परे जाकर सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा न्याय समेत बुनियादी सेवाएं प्रदान कर सके। राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश को टेलीविजन से दिए अपने संबोधन में कहा था कि संघर्ष प्रभावित अफगानिस्तान से सभी अमेरिकी सैनिकों को 11 सितंबर तक वापस बुलाया जाएगा और अमेरिका के सबसे लंबे संघर्ष को खत्म किया जाएगा।

# आपकी यात्रा सुरक्षित हो

## महामारी के बीच तत्काल यात्रा की योजना बना रहे हैं तो टिकट बुक करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें

दिनेश कुमार कोठा





**भारत विभिन्न** संस्कृतियों वाला देश है और इसकी सुंदरता का पता लगाने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है ट्रेन की सवारी जो इसकी सुंदरता को जानने का अद्भुत अनुभव प्रदान करती है। जैसे ही आप रेलवे स्टेशन में प्रवेश करते हैं, आपको कई विक्रेताओं द्वारा अपने उत्पादों को बेचते, विभिन्न प्रकार की गाड़ियों को प्लेटफार्मों से निकलते और प्रवेश करते और आगे-पीछे चलने वाले लोगों को अपने रिश्तेदारों को छोड़ने / अगवानी करने के अद्भुत नजारे नजर आते हैं। आधुनिक समय की जरूरतों को पूरा करने के लिए, भारत में ट्रेनें सीसीटीवी कैमरे, बायो-टॉयलेट और इंटरनेट कनेक्टिविटी से लैस हैं, जिससे यात्रियों को सबसे अधिक आराम मिलता है। हालांकि यह सब आपको अभी से ट्रेन में चढ़ने के लिए उत्साहित कर सकता है, मगर कोविड-19 के कारण ट्रेन यात्रा का अधिकांश अनुभव बदल गया है।

महामारी के कारण धड़कने तक के लिए तैयार नहीं, भारतीय रेलवे को सामाजिक दूरी को बढ़ावा देने व संक्रमण के प्रसार पर निगरानी रखने के लिए कुछ नियमों को लेकर आना पड़ा। इस वजह से, ट्रेन की यात्रा का ग्लैमर और आकर्षण वो नहीं रहा जो हुआ करता था। इसका मतलब है कि खाने की बिक्री करने वाले फेरीवालों के प्रवेश पर प्रतिबंध, आनंददायी सवारी के बीच में कुछ व्यवधान आदि होना नयी उभरती सहजता हैं। यह सब जानने के बाद भी, यदि आपके पास तत्काल यात्रा की योजना है और आपने सवारी के लिए 'ट्रेन' को अपना माध्यम चुना है, तो कुछ चीजें हैं जिन्हें आपको टिकट बुक करते समय करने या जानने की आवश्यकता है।

**■ समय से पहले अपनी यात्रा की योजना बनाएं**

कोविड छद्म नहीं है और इसे अन्यथा नहीं माना जाना चाहिए। यदि आप अपने चुने हुए गंतव्य पर एक होटल में रहना चाहते हैं, तो आपको कोविड प्रोटोकॉल के माध्यम से जांच करना चाहिए और सबसे सुरक्षित विकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भारी भीड़ के साथ घुलने-मिलने से बचने के लिए ऑफ-सीजन की तारीखों (सप्ताह के दिनों) में जाने की भी सिफारिश की गई है। इसके अलावा, आपको उन स्थानों का मानचित्रण करना चाहिए जहां आप यात्रा करना चाहते हैं और एक विजेता की तरह संक्रमण से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**■ अब 'अनारक्षित यात्रा' की सुविधा नहीं रही**

अत्यधिक भीड़भाड़ वाली ट्रेनों से बचने और संक्रमण के प्रसार को घटाने के लिए, ट्रेनें अब बिना आरक्षण कराए यात्रा की अनुमति नहीं देती हैं। अनारक्षण वाली ट्रेनों में सवार होने का एकमात्र तरीका है, कि आपके आप ट्रेन में सीट आरक्षित हो, जिसमें आपके सामने नो एंट्री लिखा होता है। इसलिए, सुनिश्चित करें कि आपके पास अपने गंतव्य की यात्रा करने के लिए एक कन्फर्म ट्रेन टिकट है।

**■ कोविड प्रोटोकॉल के बारे में जानें**

अपने नागरिकों व यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कई राज्य सरकारों ने अपने कोविड प्रोटोकॉल अपडेट किए हैं। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु सरकार ने राज्य में आने से कुछ दिन पहले अनेक भारतीय क्षेत्रों के यात्रियों को ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए प्रशिक्षित किया है। किसी भी नियम को तोड़ने और अपनी यात्रा के खराब होने से बचने के लिए आपको अपने चयनित गंतव्य द्वारा सूचीबद्ध समस्त दिशानिर्देशों की जांच करनी चाहिए।

**■ अपना पूरा पता बताएं**

इससे पहले, ट्रेन टिकट बुक करते समय अपना पता विवरण बताने की कोई आवश्यकता नहीं होती थी। लेकिन अब हमारे सिर पर कोविड के मंडराने से, गाड़ियों पर भी प्रकोप / नए रेड जोन का खतरा काफी आसन्न है। इसलिए, यात्रियों को भारतीय रेलवे को अपना सही और पूर्ण पता विवरण प्रदान करना होगा ताकि वे जरूरत पड़ने पर उनका पता लगा सकें।

**■ अपना आरटीपीसीआर टेस्ट करवाएं**

जैसा कि अधिक से अधिक कोविड संक्रमित मामलों ने हमारे देश को घेर लिया है, ऐसे में भारतीय रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे ट्रेन में सवार होने के 72-96 घंटों के भीतर अपना आरटी-पीसीआर परीक्षण करवाएं, जो गारंटी देता है कि व्यक्ति, अन्य यात्रियों के लिए एक स्वास्थ्य जोखिम प्रस्तुत किए बिना, यात्रा करने के लिए सुरक्षित है (नकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के बाद)। एक भारतीय राज्य से दूसरे भारतीय राज्य में सूचीबद्ध समयसीमा भिन्न होती है। यह नियम इस बात की अनुशंसा करता है कि प्रत्येक यात्री किसी भी परेशानी से बचने के लिए चयनित गंतव्य द्वारा निर्धारित नियमों से परिचित हो।कोविड महामारी ने वास्तव में ट्रेन यात्रा उद्योग में कुछ कठिनाइयां प्रस्तुत की हैं। लेकिन जैसा कि हम इन पर काबू पाने और एक कोविड उपरांत दुनिया के लिए तैयार होने के लिए प्रयासरत हैं, यात्रियों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का ध्यानपूर्वक पालन करना होगा। इसलिए, चाहे आप काम के लिए यात्रा कर रहें हों या खुशी के लिए यात्रा कर रहे हों, बस सुरक्षित यात्रा को अनुभव करने के लिए अपने ट्रेन टिकट को बुक करते समय उपरोक्त विवरण को याद रखना सुनिश्चित करें।

**(लेखक, दिनेश कुमार कोठा, कन्फर्म टिकट के सह-संस्थापक और सीईओ हैं।)**

# अस्पताल में भर्ती हुए अभिनेता विवेक



भाषा। चेन्नई

**लोकप्रिय तमिल** अभिनेता विवेक को शुक्रवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अचेत होने पर यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिल्म उद्योग और अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभिनेता को शहर के एक अस्पताल में सघन देखभाल इकाई (आईसीयू) में रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि हास्य अभिनेता (59) ने बृहस्पतिवार को कोविड रोधी टीके की खुराक ली थी। उन्होंने कहा कि अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की और बेहोश हो गए जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके प्रचार का काम देखने वाले निकिल मुरुगन ने संवाददाताओं को बताया कि अभिनेता का एंजियोग्राम (एक्स-रे के जरिए रक्त वाहिकाओं की तस्वीर लेने की प्रक्रिया) किया गया है और वह ठीक हैं। उन्होंने बताया, अभिनेता होश में हैं और बात कर रहे हैं। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित विवेक ने रजनीकांत, विजय और अजित कुमार समेत कई बड़े तमिल अदाकारों के साथ काम किया है। वह कुछ फिल्मों में मुख्य कलाकार के तौर पर भी नजर आए और पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने में भी वह सक्रिय रहे हैं।



## तेलुगु फिल्म अभिनेता और जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण कोविड-19 से संक्रमित

**अमरावती।** तेलुगु फिल्मों के अभिनेता और जन सेना पार्टी के प्रमुख के. पवन कल्याण कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है। यह जानकारी शुक्रवार को उनके राजनीतिक सचिव पी. हरिप्रसाद ने दी। हरिप्रसाद ने एक बयान जारी कर कहा, कल्याण पर उनके निजी चिकित्सक नजर रखे हुए हैं, साथ ही अपोलो अस्पताल के विशेषज्ञों की टीम भी उनकी निगरानी कर रही है। उनके फेफड़े में दिक्कत है और उन्हें बुखार भी आ रहा है। लेकिन उनकी हालत स्थिर है। कल्याण तिरूपति में तीन अप्रैल को उपचुनावों से लौटने के बाद हैदराबाद के बाहर स्थित अपने फार्म हाउस में गृह पृथक-वास में रहे। शुरूआत की जांच में कोविड-19 की रिपोर्ट निगेटिव थी लेकिन उन्हें हल्का बुखार और बदन दर्द बना रहा। हरिप्रसाद ने कहा, दूसरी जांच में वह कोविड-19 से संक्रमित पाए गए।

# बच्चों के लिये नया धमाका तारक मेहता का छोटा चश्मा




**अप्रैल के** महीने में सिर्फएक ही ठिकाना होगा, क्योंकि सोनी याय! नये शो तारक मेहता का छोटा चश्मा के साथ गोकुलधाम सोसाइटी की एनिमेटेड दुनिया का स्वागत कर रहा है। हंसी और मनोरंजन से भरपूर इस संपूर्ण पैकेज में जेठालाल, बापूजी, दया, टप्पू और पूरा गोकुलधाम परिवार आपको अपने बेशुमार एडवेंचर से गुदगुदाने वाला है। इस शो में ढेर सारी मौज.मस्ती और मनोरंजन से भरपूर नई कहानियां होंगी।

बापूजी और जेठालाल की मजेदार जोड़ी अपने चिरपरिचित अंदाज में और अपनी नोंकझोंक से थोड़ा और ड्रामा और एक्शन का तड़का लगायेंगे। तारक मेहता का छोटा चश्मा की यह नई दुनिया कॉमेडी का पूरा संसार रचने वाली है जहां बेहतरीन एडवेंचर का कभी भी अंत नहीं होगा। इसका टाइटल ट्रैक लेकर आया है। जिससे इस शो के किरदार इस कमाल की नई दुनिया में क्या कारनामा कर रहे हैं उसकी एक झलक मिलती है। पैरों को थिरकने को मजबूर करने वाला यह ट्रैक उस चश्मे के सफर के साथ शुरू होता है। जिसमें उसके उल्टा से छोटा होने के सफर को दिखाया गया है। इससे इस नये गोकुलधाम सोसाइटी की मजेदार योजनाओं का भी पता चलता है। निश्चित तौर पर यह आगे आने वाले नये सफर को लेकर आपका उत्साह बरकरार रखेगा और आपके रोमांच को भी! ये एनिमेटेड किरदार ष्तारक मेहता का उल्टा चश्मा के किरदारों पर आधारित हैंए जिन्हें लिखा और तैयार किया है असित कुमार मोदी ने। चैनल ने वॉच पाटी के माध्यम से एक फैन.प्रीमियर भी रखा है, जिसे को.होस्ट कर रहे हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकार।

# लोमोटिफ भारतीयों के लिये लेकर आया है डांस ऑफ चैलेंज




**भारतीयों में** जिस तरह की लचक, अभिव्यक्ति और मूवमेंट देखने को मिलती है, ऐसा लगता है जैसे मछलियां पानी में अटखेलियां कर रही हों। प्रमुख वीडियो-शेयरिंग सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लोमोटिफ देशभर के डांसर्स को अपना हुनर दिखाने का एक मंच प्रदान कर रहा है। यह प्लेटफार्म डांस के दीवाने देशवासियों के लिये लेकर आया है अपना रुडांस ऑफ चैलेंज। 2 मई तक चलने वाले इस कॉन्टेस्ट में सबकी निगाहें ईनाम पर टिकी हुई हैं। इसमें उन तीन टॉप प्रतियोगियों को पेश किया जायेगा, जिन्हें सबसे ज्यादा वीडियो लाइक्स और कमेंट मिले होंगे, जिसमें कुल नकद पुरस्कार 3 लाख रुपये तक है। रोमांच के स्तर को और बढ़ाने और डांसर्स को हिस्सा लेने का प्रोत्साहन देने के लिये, इस कॉ पीटिशन में जाने-माने कोरियोग्राफर, एक्टर और डायरेक्टर रेमो डिसूजा कैम्पेन के चेहरे के रूप में नज़र आयेंगे। उनके साथ होंगे जानी-मानी इं लूएंसर तान्या शर्मा, डांसर्स वर्तिका झा और सुशांत खत्री। रेमो प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाते और उन्हें इस कॉ पीटिशन में अपना सबसे बेहतर देने के लिये प्रोत्साहित करते नज़र आयेंगे। कै पेन के बारे में पॉल यांग, को-फाउंडर एवं चीफ एक्जीक्यूटिव लोमोटिफ कहते हैं, आज की ज़ेड जेनरेशन और नई पीढ़ी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है। उन्हें खुद को अनूठे रूप में पेश करना पसंद आता है। यह रुडांस ऑफ चौलेंज हमारे यूजर्स को पूरी दुनिया के दर्शकों को अपना हुनर दिखाने का मौका देता है। यह उन्हें अलग-अलग फॉर्मेट के साथ प्रयोग करने, अपनी रचनात्मक कल्पनाओं को पूरी तरह दिखाने और उन्हें अभिव्यक्त करने का अनूठा मौका देगा। इंटरनेशनल डांस डे करीब है और ऐसे में हमें उ मीद है कि देश के बेहतरीन डांसर्स हमारे साथ अभिव्यक्ति के तौर पर डांस का जश्न मनायेंगे। डांस ऑफ चौलेंज के लिये अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए रेमो डिसूजा कहते हैं लोमोटिफइंडिया डांस ऑफ चौलेंज के पहले एडिशन से जुड़कर बेहद खुशी महसूस हो रही है। मुझे पता है कि टैलेंटेड डांसर्स को अपना हुनर दिखाने के लिये एक मौका तथा एक प्लेटफॉर्म मिलना कितना जरूरी है। भारत के दूर-दराज के इलाकों से काफी सारा टैलेंट उभरकर सामने आ रहा है। और युवाओं में शॉर्ट-वीडियो प्लेटफॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता के साथ मुझे खुशी है कि लोमोटिफ कल के उभरते डांसिंग सेंसेशन को एक मंच प्रदान करने में मु य भूमिका निभा रहा है।

# डर हैसियत नहीं, हिम्मत देखता है माउंटेन ड्यू

**अपने नए अभियान में दोहराई डर के आगे जीत है की बात**



**नई दिल्ली।** माउंटेन ड्यू हमेशा ही डर और खुद पर शक किए बिना जोखिम लेने और सफलता पाने के लिए सीमाओं से परे जाने की भावना को सलाम करता है। रोमांचक फिल्मों के माध्यम से भारत के युवाओं को डर से पार पाने के लिए प्रेरित करने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए माउंटेन ड्यू ने आज 2021 के गर्मियों के सीज़न के लिए बिल्कुल नया अभियान लॉन्च किया। इस अभियान में ब्रैंड के डर के आगे जीत है दर्शन को नए सिरे से दोहराया गया है और इसमें बॉलीवुड सुपरस्टार और माउंटेन ड्यू के ब्रैंड एंबेसडर ऋतिक रोशन नज़र आते हैं। डर हैसियत नहीं, हि मत देखता है, इस नए टीवीसी के पीछे की दमदार थीम है जो आज के युवाओं को असाधारण सफलता हासिल करने के लिए सामाजिक दबावों से आगे निकलने और अपने डर से पार पाने के लिए प्रेरित करता है। इस नए अभियान के साथ ड्यू यंग स्टाइवर इंडिया का निर्माण करते हुए डर के आगे जीत है के दर्शन पर कायम है जो जीतने का सपना देखते हैं और कोशिश करते हैं।

इस फिल्म में माउंटेन ड्यू की धारणा को दर्शाया गया है कि कोई व्यक्ति कितने काम का हैए यह इससे पता चलता है कि वह व्यक्ति कितनी ताकत और साहस दिखाता है न कि इससे कि उसके पास क्या चीज़ें हैं। इस फिल्म में ऋतिक रोशन के डर और उनकी प्रतिबद्धता दोनों को दर्शाया गया है। इसकी शुरुआत में ही कुछ प्रोफेशनल रेसर्स के ग्रुप के सामने अपनी बाइक लेकर आते दिखाई देते हैं। उस ग्रुप में शामिल रेसर्स हीरो का मज़ाक उड़ाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ऋतिक की बाइक उनकी बेहतरीन बाइक का मुकाबला नहीं कर पाएगी। अचानक होने वाले भूस्खलन की वजह से यह रेस रुक जाती है और रेस में हिस्सा ले रहे लोगों के सामने दो विकल्प रह गए। या तो वे डर के सामने घुटने टेक दें और वापस लौट जाएं या डर का सामना करें और आगे बढ़ें। हालांकि, सभी लोग हतोत्साहित कर रहे थे लेकिन ऋतिक रोशन ने अपने डर का सामना करने का फैसला किया और चुनौती स्वीकार की। माउंटेन ड्यू की एक घूंट लेते हुए उनकी मज़बूत इच्छाशक्ति की झलक उनके चेहरे पर दिखी, इसी भावना के साथ वह आगे बढ़ते हैं और विजेता के तौर पर उभरे।

इस टीवीसी की शूटिंग करने के अपने अनुभव के बारे में ब्रैंड एंबेसडर ऋतिक रोशन ने कहा, असली हीरो अपनी ताकत से जाने जाते हैं न कि इससे कि वे कहां से ताल्लुक रखते हैं। माउंटेन ड्यू की डर हैसियत नहीं, हि मत देखता है की कहानी मेरे से काफी मिलती.जुलती है। क्योंकि मेरा भी मानना है कि किसी व्यक्ति का साहस डर का सामना करने में है जो उसे असली हीरो बनाता है। मुझे पूरा भरोसा है कि यह नई फिल्म भारत के युवाओं को प्रेरित करेगी और उनमें यह भरोसा देगी कि वे अपने डर का सामना करने के आत्मविश्वास के साथ बेहद आसानी से किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं।

# कोविड-19 महामारी के बावजूद बांग्ला नववर्ष उल्लास से मना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोविड-19 के बढ़ते मामले भी बांग्ला नववर्ष के उत्साह को फीका नहीं कर सके। बृहस्पतिवार को पूरे उत्साह से 1428 बंगाब्दो मनाया गया। पिछले साल लॉकडाउन की वजह से उत्सव नहीं मनाया जा सका था। हालांकि, इस साल कालीघाट, दक्षिणेश्वर, थानथानिया कालीबाड़ी के मंदिरों में लोग कतारों में खड़े नजर आए और कारोबारी नए बहीखाता वर्ष की शुरुआत के मौके पर भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए हाथ में हालखाता (बहीखाता)के साथ मंदिर में नजर आए। कई लोगों ने मास्क पहना था लेकिन कई स्थानों पर सामाजिक दूरी के नियम का उल्लंघन होते हुए देखा गया। मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं के प्रवेश को नियंत्रित किया गया। कई लोग खासतौर पर गरियाहाट और हाथीबगान इलाके में खरीददारी करते नजर आए और इस दौरान कोविड-19 नियमों का उल्लंघन भी दिखाई दिया।

## एशियाड सर्कस ने संचालन रोकने संबंधी पशु कल्याण बोर्ड के पत्र को रद करने की अदालत से की मांग

**नई दिल्ली।** एशियाड सर्कस ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) की ओर से दिसंबर 2020 में जारी एक पत्र को रद्द करने की मांग की है। उक्त पत्र में विभिन्न पशु सुरक्षा कानूनों के कथित उल्लंघन के कारण सर्कस के संचालन को रोकने की बात है। याचिका में सर्कस की ओर से कहा गया है कि पशुओं को किन परिस्थितियों रखा जाता है यह पता लगाने के लिए बोर्ड ने जिस स्थान का निरीक्षण किया था वह सर्कस के मालिक का आवास था, सर्कस का परिसर तो अन्य स्थान पर है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने एडब्ल्यूबीआई को नोटिस जारी कर याचिका के संबंध में उसका रूख जानना चाहा है।

# बम्बई से ठाणे के बीच चली पहली छुक छुक गाड़ी

**आज का इतिहास**

**नई दिल्ली।** आज भले ही सुपरफास्ट, बुलेट ट्रेन का जमाना हो, लेकिन भारतीय रेलवे के इतिहास में 16 अप्रैल के दिन की खास अहमियत है और



हमेशा रहेगी। दरअसल 1853 को 16 अप्रैल के दिन देश में पहली रेल चली थी। साल का यह 106वां दिन एक और कारण से भी सदा याद किया जाएगा। दूसरे विश्व युद्ध की त्रासदी के बीच दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म आज ही के दिन हुआ था। देश दुनिया के इतिहास में 16 अप्रैल की तारीख पर दर्ज अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा इस प्रकार है:--1853 : भारत में पहली रेल बम्बई (अब मुंबई) से ठाणे के बीच चली।